CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

देहरादून, सोमवार 22 सितम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 45 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 29 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



वाहनों में जातीय महिमामंडन के चिह्न हटें, स्कूलों में पढ़ाया जाए जातिवाद के खिलाफ पाठः हाईकोर्ट पेज 2



मिथुन मन्हास बीसीसीआई अध्यक्ष बनने की दौड़ में आगे खेल टाइम्स




क्या अभी भी सच नहीं दिखाई दे रहा! सम्पादकीय



ब्रिटेन-कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने फलस्तीन को दी देश की मान्यता पेज 12

## हेयर ऑयल, साबुन, टूथब्रश, टूथपेस्ट, साइकिल व टेबलवेयर पर जीएसटी घटकर 5 % हुआ

# बदला GST का गणित, 8 साल बाद बड़ा फेरबदल

## नवरात्रि से देश में जीएसटी सुधार का नया दौर होगा शुरूः प्रधानमंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के नाम संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि 22 सितम्बर को सूर्योदय के साथ ही

**प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संबोधन**

जीएसटी बचत उत्सव शुरू हो जाएगा। इसका फायदा सभी वर्गों को होगा। साथ ही पीएम ने जनता से अपील भी की।

उन्होंने कहा कि वही सामान खरीदें, जिसे बनाने में देशवासियों का पसीना लगा हो। पीएम ने 20 मिनट के संबोधन में जीएसटी रिफॉर्म, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी पर जोर दिया। उन्होंने राज्य सरकारों से अपील की कि स्वदेशी के अभियान के साथ मैन्युफैक्चरिंग को गति दें। निवेश के लिए माहौल बनाएं। केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढ़ेंगे तभी सपना पूरा होगा। नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी पर नवरात्रि के पहले दिन से देश आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए एक बड़ा कदम उठा रहा है। 22 सितम्बर को सूर्योदय के साथ ही नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी लागू हो जाएंगे। एक तरह से सोमवार से देश में जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है। जीएसटी उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी और आप अपनी पसंद की चीजें खरीद पाएंगे। वन नेशन वन टैक्स पर 2014 में जब देश ने मुझे पीएम बनाया। तब लाखों कंपनियों को अलग-अलग तरह के टैक्स के जाल से परेशानी होती थी। सामान को एक शहर से दूसरे शहर तक पहुंचने के बीच जो खर्च बढ़ता था, वो गरीब उठाता था। देश को यहां से निकालना बहुत जरूरी था। जब आपने हमें 2014 में अवसर दिया, तो हमने जीएसटी को प्राथमिकता बनाया। हमने स्टेकहोल्डर, राज्यों से बात की। हर समस्या का समाधान खोजा। वन नेशन-वन टैक्स का सपना साकार हुआ। गरीब, मिडिल क्लास पर पिछले 11 साल में देश में 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को हराया है। गरीबी से बाहर आए ये लोग न्यू मिडिल क्लास के रूप में अपनी भूमिका अदा कर रहे हैं। इस साल सरकार ने 12 लाख रुपये की इनकम टैक्स फ्री करके उपहार दिया, तो सोचिए मिडिल क्लास के जीवन में कितना बदलाव आया है। अब गरीबों की भी बारी है। इन्हें डबल बोनांजा मिल रहा है। जीएसटी कम होने से उनके लिए घर बनाना, टीवी, फ्रिज, बाइक और स्कूटर में कम खर्च करना होगा। घूमना-फिरना भी सस्ता होगा। सूक्ष्म और लघु उद्योग पर विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आत्मनिर्भर बनना होगा।



■ करोड़ों लोगों की बचत बढ़ेगी, जिससे वे पसंद की वस्तुएं खरीद सकेंगे, 99 प्रतिशत चीजें सस्तीः मोदी

### आज से भाजपा का जीएसटी बचत महोत्सव

**नई दिल्ली।** देश में जीएसटी सुधारों के समर्थन में भाजपा ने अभियान चलाने की तैयारी की है। भाजपा 22 सितम्बर (आज) से जीएसटी बचत महोत्सव शुरू करने जा रही है। 29 सितम्बर तक चलने वाले इस अभियान के तहत हर भाजपा सांसद अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र के बाजारों में पैदल मार्च करेंगे।

## जीएसटी की नई दरें आज से होंगी लागू, सामान सस्ते होंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पनीर से लेकर कार तक, टूथपेस्ट से लेकर दवाइयों तक आम लोगों के इस्तेमाल की लगभग सभी चीजें सोमवार (आज) से सस्ती हो जाएंगी। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में ऐतिहासिक सुधार करते हुए जीएसटी परिषद ने अधिकतर वस्तुओं पर करों की दर पांच प्रतिशत या शून्य कर दिया है। इसके परिणाम स्वरूप लोगों के पास खर्च करने के लिए ज्यादा बचत होगी और वे या तो इस पैसे को बैंकों को जमा करेंगे, निवेश करेंगे या अन्य वस्तुओं पर खर्च करेंगे। इससे अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

जीएसटी परिषद ने 3 सितम्बर के अपने फैसले में मुख्य स्लैबों की संख्या चार से घटाकर दो कर दी है। इसमें 28 प्रतिशत और 12 प्रतिशत के स्लैब को समाप्त करने के बाद अब सिर्फ पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत के दो स्लैब रह गए हैं। इसके अलावा खाने पीने की ज्यादातर चीजों पर

■ पनीर, घी, शैंपू के साथ कार व एसी की कीमतें घटीं

शून्य कर लगेगा, जबकि कुछ लग्जरी और हानिकारक वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी। अब अल्ट्रा हाई टेंपरेचर (टेट्रा पैक) दूध, छेना, पनीर पर कोई कर नहीं लगेगा। सभी देशी रोटियों (चपाती, परांठा, रोटी आदि) पर जीएसटी दर शून्य होगी। तैंतीस जीवन रक्षक दवाओं को भी कर मुक्त रखा गया है। अन्य दवाओं पर पांच प्रतिशत कर हो गया है। व्यक्तिगत जीवन बीमा और व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा को भी कर मुक्त कर दिया गया है। हेयर ऑयल, साबुन, शैंपू, टूथब्रश, टूथपेस्ट, साइकिल, टेबलवेयर, किचनवेयर और अन्य घरेलू सामानों, पैकेज्ड नमकीन, भुजिया, सॉस, पास्ता, इंस्टेंट नूडल्स, चॉकलेट, कॉफी, संरक्षित मांस, कॉर्नफ्लेक्स, मक्खन, घी आदि जैसे लगभग सभी खाद्य पदार्थों पर जीएसटी घटकर पांच प्रतिशत हो गया है।

## आठ साल तक वसूली करने वाली सरकार जनता से माफी मांगेः खड़गे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वस्तु एवं सेवा कर-जीएसटी सुधारों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नागरिक सेवा बताने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि जीएसटी से आठ साल तक लूट मचाने के बाद अब सुधार लागू किए जा रहे हैं और इसके लिए मोदी सरकार को जनता से माफी मांगनी चाहिए।

श्री खड़गे ने प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन के बाद कहा कि नरेंद्र मोदी जी आपकी सरकार ने कांग्रेस के सरल और कुशल जीएसटी के बजाय, अलग-अलग नौ स्लैब से वसूली कर 'गब्बर सिंह टैक्स' लगाया और आठ साल में 55 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा कर वसूले। अब आप 2.5 लाख करोड़ रुपये के बचत उत्सव की बात कर के जनता को गहरे घाव देने के बाद मामूली बैंड ऐड लगाने की बात कर रहे हैं ! श्री खड़गे ने आठ साल तक जीएसटी से वसूली के बाद नए सुधारों के सरकार के कदम को 'नौ सौ चूहे खाकर, बिल्ली हज को चली' बताया और कहा कि जनता कभी नहीं भूलेगी कि आपने उनके दाल-चावल- अनाज, पेंसिल, किताबें, इलाज, किसानों के ट्रैक्टर - सबसे जीएसटी वसूला था। आपकी सरकार को तो जनता से माफी मांगनी चाहिए।



■ कहाः मोदी सरकार ने गब्बर सिंह टैक्स लगाकर 55 लाख करोड़ से अधिक वसूले

### पितृ विसर्जन अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**हरिद्वार (ब्यूरो)।** पितृ विसर्जन अमावस्या के अवसर पर रविवार को हरकी पैड़ी सहित गंगा तटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही हजारों की संख्या में लोगों ने गंगा स्नान कर अपने पितरों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की और तर्पण अर्पित किया। मान्यता है कि पितृ विसर्जन अमावस्या वर्ष की सबसे बड़ी अमावस्या होती है। इसी दिन श्राद्ध पक्ष की पूर्णाहुति होती है और पितरों को विदाई देकर पितृलोक के लिए प्रेषित किया जाता है। हरिद्वार के सतीघाट, राजघाट, शीतला माता घाट, दक्षेश्वर महादेव मंदिर घाट, कुशा घाट, गणेश घाट और विशेष महत्व रखने वाली नारायणी शिला पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से अपने पितरों का श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान कर मोक्ष की कामना की।

### महाराष्ट्र डिप्टी सीएम शिंदे का एक्स अकाउंट हुआ हैक

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का एक्स अकाउंट रविवार सुबह हैक कर लिया गया। हैकर्स ने उनके सोशल मीडिया हैंडल से पाकिस्तान और तुर्की के झंडों की तस्वीरें पोस्ट कीं। शिंदे के कार्यालय के अधिकारियों ने तुरंत साइबर क्राइम पुलिस को सूचना दी। उनकी टीम ने कहा कि शिकायत के बाद 30 से 45 मिनट के अंदर अकाउंट का कंट्रोल हमें वापस मिल गया। महाराष्ट्र साइबर सेल इस मामले की जांच कर रहा है और हैकिंग के पीछे के लोगों की पहचान करने की कोशिश कर रहा है।

### भारतीय नौसेना की पनडुब्बी का दिखा दम

**सिंगापुर।** सिंगापुर में चल रहे बहुराष्ट्रीय पनडुब्बी बचाव अभ्यास में भारतीय नौसेना ने अपना दम दिखाया। जहां भारतीय नौसेना अपने 17 साथी देशों के साथ मिलकर बहुराष्ट्रीय पनडुब्बी बचाव अभ्यास एक्सरसाइज पैसिफिक रीच 2025 (एक्सपीआर25) की तैयारी कर रही है। इस अभ्यास का समुद्री चरण सिंगापुर में हो रहा है, जिसमें भारत की स्वदेशी बनी डाइविंग सपोर्ट वेसल (डीएसवी) आईएनएस निस्तार भी हिस्सा ले रही है।

## महाराष्ट्र के गरबा में गैर हिंदुओं की एंट्री पर रोक

नागपुर, वार्ता

**महाराष्ट्र में** विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने नवरात्रि के दौरान गरबा आयोजनों को लेकर शनिवार को एक एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया है कि राज्य में गरबा कार्यक्रमों में सिर्फ हिंदुओं को जाने की इजाजत होगी।

आयोजकों से एंट्री गेट पर आधार कार्ड की जांच करने की सिफारिश की गई है। विहिप ने कहा गरबा आयोजनों में सिर्फ हिंदुओं को ही एंट्री मिलनी चाहिए। गैर-हिंदू इनमें भाग न लें, इसके लिए लोगों को अंदर जाने से पहले तिलक लगाना होगा, हाथों पर रक्षा सूत्र बांधना होगा और किसी हिंदू देवता की पूजा करनी होगी। विहिप ने गरबा आयोजकों से कहा कि नवरात्रि सिर्फ मौज-मस्ती का त्योहार नहीं है। यह एक धार्मिक आयोजन है जहां भक्त देवी-देवताओं की पूजा करते हैं। इसलिए, गैर-हिंदू गरबा-डांडिया कार्यक्रमों में शामिल नहीं होने चाहिए। बता दें कि इस साल नवरात्रि 22 सितम्बर से शुरू होकर एक अक्टूबर तक चलेगा। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीराज नायर ने एक समाचार एजेंसी से कहा कि गरबा सिर्फ एक नृत्य नहीं, बल्कि देवी को प्रसन्न करने की एक पूजा पद्धति है। इसलिए केवल उन्हीं लोगों को इसमें भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए जो इन अनुष्ठानों में आस्था रखते हैं। नायर ने कहा कि यह सब इसलिए जरूरी है, ताकि इन आयोजनों में सिर्फ हिंदू ही शामिल हों और लव जिहाद का कोई मामला न हो। कुछ दक्षिणपंथी संगठन इसका इस्तेमाल मुस्लिम पुरुषों के जरिये हिंदू लड़कियों और महिलाओं के धर्मांतरण के प्रयास का आरोप लगाने के लिए करते हैं। महाराष्ट्र के मंत्री ने कहा कि आयोजकों को फैसला करने का अधिकार महाराष्ट्र में एक तरफ जहां विपक्ष ने विहिप और संघ पर ऐसे फरमान जारी करके समाज में फूट डालने की कोशिश करने का आरोप लगाया है, वहीं महाराष्ट्र के मंत्री और सीनियर भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि आयोजक तय कर सकते हैं कि ऐसे आयोजनों में कौन शामिल होगा। बावनकुले ने कहा कि हर आयोजन समिति कुछ नियम तय करती है और उन्हें ऐसा करने का अधिकार है। जब तक उनके पास आयोजन के लिए पुलिस की अनुमति है, तब तक कोई समस्या नहीं है।

■ आयोजनों में एंट्री से पहले तिलक लगाकर हिंदू देवता की पूजा करनी होगीः विहिप



### मोहनलाल को दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड मिलेगा

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान दादासाहेब फाल्के अवार्ड का ऐलान हो गया है। साल 2023 के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार और कम्प्लीट एक्टर कहे जाने वाले मोहनलाल को दिया जाएगा। भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने यह घोषणा की। मोहनलाल पिछले चार दशक से फिल्मों में सक्रिय हैं। मोहनलाल ने केवल मलयालम ही नहीं, तमिल, तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया है। 1980 के दशक में मंजिल विरिंजा पूक्कल से करियर की शुरुआत करने वाले मोहनलाल ने लगभग 350 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया है।

## भीड़ पर कंट्रोलः सोशल मीडिया से सड़क तक तैयारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने भीड़ पर नियंत्रण के नए दिशानिर्देश तैयार किए हैं। इनका फोकस विरोध प्रदर्शनों और बड़े आयोजनों पर है। इसमें कुम्भ जैसे मेले, खेल स्टेडियम, धार्मिक प्रोग्राम और बाबाओं के प्रवचन आदि शामिल हैं।

सांप्रदायिक दंगे, छात्र आंदोलनों और सोशल मीडिया से संचालित जनाक्रोश भी इसके दायरे में हैं। गृह मंत्रालय ने यह गाइडलाइन नई परिस्थितियों को देखकर बनाई है। सोशल मीडिया के दौर में अफवाहें बहुत तेजी से फैलती हैं। भीड़ की नई मानसिकता पर रिसर्च किया गया है। इसी आधार पर 'क्राउड कंट्रोल एंड मास गैदरिंग मैनेजमेंट' दिशानिर्देश बने हैं। ये मानक इसलिए भी अहम हैं, क्योंकि सोशल मीडिया के बहकावे में अचानक प्रदर्शन भड़कते हैं। भारत के तीन पड़ोसी देशों (नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका) में ऐसी घटनाएं हुई हैं।

■ गृह मंत्रालय ने बनाई गाइडलाइन, भीड़ को रोकने, बांटने और घेरने के तरीके बताए

## नया H-1B वीजा शुल्क केवल नए आवेदकों पर होगा लागूः अमेरिका

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** कार्यालय व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया है कि एच-1बी वीजा के लिए एक लाख डॉलर वाला नया शुल्क अमेरिका में पुनः प्रवेश करने वाले मौजूदा वैध वीजा धारकों पर लागू नहीं होगा। व्हाइट हाउस ने शनिवार को इस मामले से जुड़े भ्रम और चिंताओं को दूर करने के लिए यह स्पष्टीकरण जारी किया है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह शुल्क रविवार से सिर्फ नए वीजा आवेदन पर लागू होगा, नवीकरण वीजा और वर्तमान वीजा धारक इसके दायरे से बाहर रखे गए हैं।एच-1बी वीजा धारक देश से बाहर जा सकते हैं और पुनः प्रवेश कर सकते हैं, जैसा कि वे सामान्यतः करते आए हैं। यह सिर्फ एकमुश्त शुल्क है, जो केवल नए आवेदन पर ही लागू होगा है। गौरतलब है कि एच-1बी वीजा अमेरिकी कंपनियों को अत्यधिक कुशल विदेशी श्रमिकों को नौकरी देने की अनुमति देता है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत एच-1बी वीजा आवेदकों को प्रायोजित करने के लिए कम्पनियों द्वारा दी जाने वाली फीस को बढ़ाकर एक लाख डॉलर कर दिया गया है।



■ एक लाख डॉलर वाला नया शुल्क अमेरिका में पुनः प्रवेश करने वाले मौजूदा वैध वीजा धारकों पर लागू नहीं होगा

## सियासी मंदिरों में मत्था टेकने का मौसम शुरू

लखनऊ से तौसीफ़ कुरैशी

**लखनऊ।** वैसे तो 2027 अभी बहुत दूर है लेकिन सियासत के सरताज क्षेत्रीय छत्रप अपने सियासी आकाओं के दर पर मत्था टेकने का काम शुरू कर चुके हैं। लखनऊ की सियासी गलियां सियासत के मंदिरों में ऐसे सियासी सरताजों के मत्था टेकने की गवाही दे रही हैं।

यूपी की सियासत में बड़े पैमाने पर शह और मात का खेल चल रहा है। सत्ता पक्ष का ये प्रयास है कि विपक्ष को किसी भी सूरत में सत्ता के करीब नहीं आने देना है और विपक्ष की तमाम कोशिश है कि सत्ता पक्ष हर कीमत पर सत्ता से बेदखल हो जाए। इसी शह और मात को धार देने में हर दिन रणनीति बनाते दिख रही हैं। 2027 के इस सियासी संग्राम में किसके हाथ सत्ता की चाबी लगेगी, यही जोरआजमाइश होनी शुरू हो गई है। हालांकि अभी चुनाव बहुत दूर है, लेकिन फिर भी सियासत के लंबरदार अपने-अपने सियासी मुख्यालयों पर अपने सियासी आकाओं के साथ कार्यकर्ताओं का जमघट लगा रहे हैं। जननायक राहुल गांधी के कंधे पर सवार होकर 2024 के लोकसभा चुनाव में 37 लोकसभा की सीटें जीतने वाली सपा कंपनी के सीईओ का नजरिया अभी से ही यह दर्शा रहा है कि जैसे उन्होंने मान लिया है कि 2027 में हम सत्ता में आ रहे हैं। ऐसी ही गलती उन्होंने 2022 में भी की थी, जिसका परिणाम सबने देखा, ऐसा ही नजरिया वह अब भी दर्शा रहे हैं, जबकि भाजपा को कमजोर मानना बबुआ की सबसे बड़ी भूल होगी, लेकिन ऐसा वह करते दिख रहे हैं, तो इसमें क्या कहा जा सकता है। वैसे सपा के मालिक हर रोज अपने क्षेत्रीय छत्रपों से बात कर फीडबैक ले रहे हैं और छत्रप भी उन्हें क्षेत्र की स्थिति से अवगत करा रहे हैं क्या होगा और क्या नहीं होगा। यह कहना अभी उचित नहीं है, लेकिन जो सियासी समीकरण बनते दिख रहे हैं, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सपा कंपनी का इस बात पर जोर है कि क्षेत्र में गुटबाजी कम से कम हो और प्रत्याशी चयन ठीक से हो जाए, उसके लिए सपा के मालिक के द्वारा जो फॉर्मूला अपनाया जा रहा है अगर उसी फॉर्मूले पर टिकटों का -**शेष पृष्ठ दो पर**

### सियासी शेर की आजादी से पहले दहाड़ होने लगी महसूस!

**लखनऊ।** यूपी की सियासत में अहम किरदार रखने वाले पूर्व मंत्री वरिष्ठ नेता आजम खां सिर्फ़ जाति से ही खान साहब नहीं है सियासत में भी खान साहब ही हैं। बात हम कर रहे हैं मोहम्मद आज़म खां की। सुना है कि वह जल्द ही जेल की सलाखों से बाहर आ सकते हैं। जब खान साहब अपने विरोधियों के कानूनी शिकंजे से आजाद हो जाएंगे, तो फिर शांत पड़ी यूपी की सियासत भी उछाले ना ले ये हो ही नहीं सकता है। वैसा ही हो भी रहा है, कहीं मंथन है, तो कहीं चिंतन है। इस बात के कयास लगाए जाने लगे हैं क्या जिनके सियासी षड्यंत्रों का शिकार हुए हैं। सियासत के खां साहब द्वारा उनसे सियासी बदला लिया जाएगा या नहीं और सियासत में ऐसा हो नहीं सकता कि सियासी शेर आजाद होने पर दहाड़ ना लगाए, उसी दहाड़ की दहशत महसूस की जा रही है और कहीं उनकी सियासी दहाड़ का लाभ होने की खुशी भी महसूस हो रही है। उनके अगले सियासी क़दम को लेकर अटकलें लगाए जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। रावण खुश मौलाना बेचैन बबुआ उलझन में।

■ यूपी में 2027 के लिए जोरआजमाइश शुरू

**संक्षिप्त समाचार**

### बकरी अनुसंधान केंद्र के विरोध में बीएचयू के प्रोफेसर धरने पर

**वाराणसी।** भगवान श्रीकृष्ण की पावन नगरी मथुरा में बकरी अनुसंधान केंद्र को बंद करने की मांग को लेकर रविवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के चिकित्सा विज्ञान संस्थान के सहायक प्रोफेसर डा. सुनील कुमार गुरुधाम चौराहे पर धरने पर बैठ गए। डा. सुनील कुमार ने कहा कि मथुरा भगवान श्रीकृष्ण की नगरी है, जहां सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने दावा किया कि पवित्र नगरी में बकरी अनुसंधान केंद्र खोलने से नकारात्मक ऊर्जा फैलेगी। सनातन संस्कृति में बकरी को नकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा कि मथुरा की धरती गोपाल लीलाओं के लिए विख्यात है, जबकि बकरी को रक्तबीज के रूप में देखा जाता है। अनुसंधान केंद्र में प्रजनन जैसे कार्यों से नकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। डा. कुमार ने मांग की कि मथुरा की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक छवि को अनुसंधान के नाम पर खराब न किया जाए।

### नवरात्रि से पहले करीब 10,000 तीर्थयात्री वैष्णो देवी मंदिर पहुंचे

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में कटरा आधार शिविर से यात्रा फिर से शुरू होने के बाद से चार दिनों में लगभग 10,000 भक्तों ने श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की। यह यात्रा 18 सितम्बर सुबह फिर से शुरू हुई थी, लेकिन मौसम खराब होने के कारण उसी दिन स्थगित कर दी गई थी। एक दिन स्थगित रहने के बाद 19 सितम्बर को यात्रा फिर से शुरू हुई। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि लगभग 2,000-2,500 तीर्थयात्री प्रतिदिन मंदिर में दर्शन करते हैं।

## नशामुक्त भारत के लिए नमो युवा रन के शुभारंभ पर बोले योगी

# जीएसटी रिफॉर्म से होगा नए रोजगार का सृजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से न सिर्फ जरूरी वस्तुओं की कीमतों में कमी आएगी बल्कि नए रोजगार का सृजन होने से युवाओं के सपने मूर्त रुप लेंगे।

मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर नशामुक्त भारत के लिए नमो युवा रन का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली के उपहार के रूप में हर देशवासी और प्रदेशवासी को जीएसटी रिफॉर्म का गिफ्ट दिया है। इससे जहां एक ओर जरूरी चीजें छात्रों के लिए शिक्षण सामग्री, दूध, दही, घी, पनीर, खाने की वस्तुओं में भारी छूट दी गई है, वहीं दूसरी ओर नशे और फिजूलखर्ची पर भारी टैक्स लगाया गया है। युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए बाइक, कार, घर, घर पर लगने



**ये पीएम मोदी का देशवासियों को दिवाली गिफ्ट**

वाले स्टील, सीमेंट आदि पर भी छूट दी गई है। यह घोषणा तीन सितम्बर को जीएसटी काउंसिल ने की थी, जिसे 22 सितम्बर से पूरे देश में लागू किया जा रहा है। वहीं विजयदशमी पर हर गांव, हर कस्बे और हर जिले में युवाओं को बुराई के प्रतीक पाप, अत्याचार, भ्रष्टाचार, अन्याय और नशे का पुतला जलाना होगा। नमो मैराथन कालिदास मार्ग से शुरू होकर 1090 चौराहे पर खत्म हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत माता की जय के जयकारों से युवाओं को हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से देश और प्रदेश का हर गरीब महंगाई से मुक्त और युवा सस्ते में शिक्षण सामग्री खरीद सकेगा। वहीं हर व्यक्ति की खरीद की क्षमता बढ़ेगी, बाजार की ताकत बढ़ेगी, नए रोजगार का सृजन होगा, व्यक्ति को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी और रोजगार के नए अवसर पर भी मिलेंगे। ऐसे में हर प्रदेशवासी को जीएसटी रिफॉर्म से अवगत कराना होगा। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर यानी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक भारतीय जनता पार्टी पूरे देश भर में 'सेवा पखवाड़ा' मना रही है। इस सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश के धार से 'स्वस्थ नारी, सशक्त समाज' थीम के साथ किया।

### हमें फिर से विभाजित नहीं होना: मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में 'विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश 2047' पर मंथन किया गया। मुख्यमंत्री योगी ने इस दौरान 'विकसित भारत' के लिए 'पंच प्रण' अपनाने का आह्वान किया, साथ ही कहा कि विकसित भारत के लिए विक. सित उत्तर प्रदेश का निर्माण करना होगा। सीएम ने कहा कि यह देश विभाजित था, इसलिए गुलाम हुआ। हमें फिर से विभाजित नहीं होना है।

विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने के लिए पंच प्रण लेना होगा। यह पंच प्रण गुलामी की मानसिकता को खत्म करना, अपनी विरासत को बचाना, 140 करोड़ भारतीयों में एकता, अपनी सेना पर गर्व करना और अपने अंदर की हीन भावना का त्याग करना है। मंच से सीएम योगी ने कहा कि हमें शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्या सुझाव हो सकते हैं, उसे साझा करना होगा। हमें पिछले 5 वर्षों में क्या था, अगले 5 वर्षों में क्या हो सकता है, उसके 10 वर्ष आगे और क्या हो सकता है, उसे देखकर कार्य करना होग। हमें कैसे विकसित भारत की आधारशिला तैयार करनी है, उसे ध्यान में रखकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें पूरी भूमिका के साथ इस कार्य को आगे बढ़ाना है। मेरा यह मानना है कि सब कार्य संभव हो सकता है, क्योंकि उत्तर प्रदेश में नेक्स्ट टारगेट तय किया है कि हम 2029-30 में 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनेंगे।

## वाहनों से जातीय महिमामंडन के चिन्ह हटें: हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को वाहनों और सोशल मीडिया पर जातीय महिमामंडन के चिह्नों पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया।

साथ ही कहा है कि सरकार स्कूलों में जातिवाद विरोधी पाठ और जागरूकता अभियान चलाए। यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की अदालत ने शराब तस्करी मामले के आरोपी इटावा के प्रवीण छेत्री के खिलाफ लंबित आपराधिक कार्यवाही रद्द करने से इन्कार कर दिया। हालांकि, पुलिस के दस्तावेज में जाति आधारित एंट्री को लेकर कड़ी फटकार लगाई है। इससे पहले कोर्ट ने मार्च में डीजीपी से हलफनामा तलब कर पूछा था कि किस कानून में लिखा है कि पुलिस आरोपी की जाति पूछेगी। इस खबर को अमर उजाला ने छह मार्च के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित भी किया था। इसके बाद डीजीपी ने हलफनामा दाखिल कर कहा कि



**स्कूलों में पढ़ाया जाए जातिवाद के खिलाफ पाठ**

जाति से लोगों की पहचान करने में मदद मिलती है। इस पर कोर्ट ने उनके तर्कों को सिरे से खारिज कर दिया। कहा, अत्याधुनिक तकनीक के उपलब्ध रहते यह कुतर्क है। इस दौर में पुलिस के पास पहचान के लिए फिंगरप्रिंट, आधार, मोबाइल नंबर और माता-पिता के विवरण जैसे आधुनिक साधन उपलब्ध हैं। कोर्ट ने प्रदेश सरकार को निर्देश दिया है कि वह तत्काल पुलिस फार्म से अनुसूचित जाति/जनजा. ति संबंधित मामलों को छोड़कर अन्य की जाति और धर्म की प्रविष्टियां हटाए। जाति महिमामंडन वाले साइन बोर्ड भी थानों में नजर न आएं।

## नेहा राठौर को राहत नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री पर टिप्पणी करने के मामले में लोक गायिका नेहा सिंह राठौर को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिली। कोर्ट की लखनऊ पीठ ने नेहा की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बिहार चुनाव और हिंदू-मुस्लिम राजनीति से जुड़े अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लखनऊ की हजरतगंज कोतवाली में दर्ज एफआईआर को रद्द करने का आग्रह किया था।

न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने नेहा सिंह राठौर को 26 सितम्बर को जांच अधिकारी के सामने पेश होने और पुलिस रिपोर्ट दाखिल होने तक जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि उनके खिलाफ लगे आरोप पहली नजर में संज्ञेय अपराध दर्शाते हैं, जिनकी पुलिस द्वारा जांच की जानी उचित

**अपमानजनक टिप्पणी मामले में हाईकोर्ट ने याचिका खारिज की**

है। अदालत ने कहा कि उनके ट्वीट्स का समय बेहद अहम है, क्योंकि वे पहलगाम हमले के तुरंत बाद पोस्ट किए गए थे। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को जांच में शामिल होने का निर्देश दिया जाता है, जो एफआईआर के तहत लंबित है। वह जांच में सहयोग करने के लिए 26 सितम्बर को सुबह 11 बजे जांच अधिकारी के सामने उपस्थित हो और पुलिस रिपोर्ट दाखिल होने तक जांच में सहयोग करती रहें। नेहा सिंह राठौर के खिलाफ लखनऊ के हजरतगंज थाने में अप्रैल में एफआईआर दर्ज हुई थी। उन पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज हुआ, जब उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद मोदी बिहार आए, ताकि पाकिस्तान को धमका सकें।

## योगी सरकार सवर्णों को दे रही दलितों-पिछड़ों की नौकरियां: संजय सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नौकरियों में एक खास जाति को प्राथमिकता दिए जाने को लेकर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने योगी आदित्यनाथ की सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भर्ती घोटाला हो रहा है। योगी सरकार दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के हक की नौकरियां सवर्णों को दे रही है। वह इस भर्ती घोटाले की जांच कर दोषियों को सजा दिलाने और आरक्षण को पूरी तरह लागू करने की मांग करते हैं। सिंह ने यहां जारी बयान में कहा कि बांदा कृषि विश्वविद्यालय में 15 पदों पर भर्ती हुई, जिसमें 11 ठाकुर, 2 सामान्य और 2 दलित-पिछड़ों को नौकरी मिली है। इसी तरह, लखीमपुर सहकारी बैंक में 27 पदों की भर्ती में 15 ठाकुर, 4 सामान्य और 8 पिछड़े-दलित-आदिवासी चुने गए। उन्होंने कहा कि खुद को पिछड़ों के नेता बताने वाले मोदी दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का हक हड़पे जाने पर चुप हैं। उन्होंने कहा कि मैं भी भारत माता की जय के नारे लगाता हूं और भाजपा वाले भी।

## भाजपा राज में विदेश नीति का अकाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा का शुल्क बढ़ाकर एक लाख डॉलर (भारतीय रुपयों में करीब 88 लाख) कर दिया है।

ट्रंप के इस फैसले के बाद से ही आईटी कंपनियों में काम करने वाले भारतीयों के बीच अफरा-तफरी का माहौल है। ऐसे में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि भाजपा के राज में विदेश नीति का आपातकाल आ गया है। यादव ने रविवार को एक्स पर लिखा- भाजपा राज में विदेश नीति का आपातकाल आ गया है। भाजपा सरकार न मनच. हे टैरिफ़ से बचा पा रही है और



**आईटी कंपनियों में काम करने वाले भारतीयों में अफरा-तफरी का माहौल**

न मनमानी वीजा फ़ीस से। न पड़ोसी देशों से संबंधों को और न गुटनिरपेक्षता की ऐतिहासिक नीति को। न प्रवासी भारतीयों को हथकड़ी, जंजीर से और न ही सरेआम अपमान से। न विदेश में बसे भारतीयों को हिंसक हमलों से, न आंतकवाद पर किसी देश को साथ ला पा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने विद. ेश नीति को ताक पर रख दिया है। झूठी निकली हर बतिया, हुआ वीजा लखटकिया।ॆ गौरतलब है कि प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अखिलेश यादव इन दिनों आक्रामक मुद्रा अपनाए हुए हैं। अखिलेश यादव प्रेस कांफ्रेंस व सोशल मीडिया के जरिए केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोलने का कोई मौका नही चूक रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कहा था कि भाजपा सरकार में कमीशनखोरी की तरह कालाबाजारी और मुनाफाखोरी चरम पर है। युवाओं को नौकरियों के बदले लाठियां खानी पड़ी रही है, तो वहीं भाजपा सरकार की गलत नीतियों से किसान, नौजवान, महिलाएं, व्यापारी सभी परेशान है।



**सेंसेक्स** 81785.74
**निफ्टी** 25069.20



**सोना रु.** 110420
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 130050
प्रति किलो



## बाजार पर दिखेगा वीजा शुल्क का दबाव

### निवेशकों की नजर भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में हुई प्रगति पर होगी

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में तीन सप्ताह की तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में एच-1बी वीजा शुल्क में बेतहाशा वृद्धि का असर दिखाई देगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एच. 1बी वीजा शुल्क में कई गुना वृद्धि कर इसे एक लाख डॉलर कर दिया है। इसके अलावा निवेशकों की नजर भारत-अमे. रिका व्यापार वार्ता में हुई प्रगति पर होगी।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इसी सिलसिले में सोमवार को अमेरिका जा रहे हैं। आने वाले सप्ताह में आईटी कंपनियों पर वीजा शुल्क का दबाव रह सकता है। गत सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 721.53 अंक (0.88 प्रतिशत) की बढ़त में 82,626.23 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 213.05 अंक यानी 0.85 अंक की साप्ताहिक तेजी में सप्ताहांत पर 25,327. 05 अंक पर बंद हुआ।



मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास जताया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 1.24 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 2.86 प्रतिशत की तेजी रही। सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयरों में साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर सप्ताह के दौरान 4.73 प्रतिशत और इटरनल का 4.70 प्रतिशत चढ़ गया। मारुति सुजुकी में 3.56 फीसदी, भारती एयरटेल में 3.06 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक में 2.95 फीसदी और एक्सिस बैंक में 2.77 फीसदी की तेजी रही। एलएंडटी का शेयर 2.69 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स का 2.52 प्रतिशत, सनफार्मा का 2.46, बीईएल का 2.42 और एनटीपीसी का 2. 11 प्रतिशत मजबूत हुआ। टेक महिंद्रा का शेयर 1.86 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.19 प्रतिशत, टीसीएस का 1.14 और टाटा स्टील का एक प्रतिशत की बढ़त में रहा। इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी हरे निशान में रहे। नुकसान उठाने वालों में टाइटन का शेयर सबसे अधिक 2.92 फीसदी लुढ़का। एशियन पेंट्स में 2.34 फीसदी, आईसीआईसी आई बैंक में 1.07, बजाज फाइनेंस में 1. 02 फीसदी और टाटा मोटर्स में 0.97 फीसदी की गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 0.96 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर और आईटीसी दोनों का 0.83 फीसदी, बजाज फिनसर्व का 0.71 फीसदी और पावर ग्रिड का 0.40 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट में रहा।

## आज सोना और चांदी के भाव मात्र दस रुपये बढ़े

**नई दिल्ली।** देशभर में रविवार को पिछले कई दिनों से ऊपर चढ़ रहे सोने के भाव में आज शांति दिख रही है। जिसके बाद सोना 10 रुपए महंगा हुआ है., वहीं चांदी 10 रुपए महंगी हुई है.। इसी बीच आज येलो मेटल कहे जाने वाले सोने के शुरुआती कारोबार में 110420 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी आई है, जबकि चांदी का भाव 130,050 रुपए प्रति 1 किलो रहा।

अगर आप सोने के गहने खरीदने जा रहे हैं तो कभी भी क्वालिटी से समझौता न करें। हॉलमार्क देखकर ही गहने खरीदें, क्योंकि यही सोने की सरकारी गारंटी है। भारत में ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड्स हॉलमार्क का निर्धारण करता है। हर कैरेट के हॉलमार्क अंक अलग होते हैं, जिसे ध्यान से रखकर ही सोना खरीदें। सोने की कीमतों में आए बदलाव पर नजर डालें, तो पांच कारोबारी दिनों में 10 ग्राम 24 कैरेट 500 रुपये के आस-पास महंगा हुआ है, लेकिन फिर भी ये अपने हाई से नीचे है। वहीं दूसरी कीमती धातु चांदी की बात करें, तो इसके प्रति किलो भाव में 1258 रुपये का उछाल आया है।

## चावल-गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों, दालों में रही घट-बढ़, चीनी भी नरम

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव में तेजी रही। गेहूं की कीमत भी बढ़ गई। खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया, जबकि चीनी में मंदी रही। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 83 रुपए बढ़कर सप्ताहांत पर 3,842.74 रुपए प्रति क्विंटल पर रही।

गेहूं चार रुपए महंगा होकर 2,863.02 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। वहीं, आटे की कीमत 11 रुपए घट गई और सप्ताहांत पर यह 3,323.62 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 41 रुपए प्रति क्विंटल गिरी। मूंगफली तेल में 105 रुपए और पाम ऑयल में 35 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट दर्ज की गई। सूरजमखी तेल 41 रुपए और सोया तेल 38 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वनस्पति के भाव में टिकाव रहा। दाल-दलहनों में उड़द दाल की औसत कीमत में 17 रुपए की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 46 रुपए और मूंग दाल की 42 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। वहीं, तुअर दाल 12 रुपए और मसूर दाल नौ रुपए प्रति क्विंटल



सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब 35 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए, वहीं चीनी में 13 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7838.89 रुपए, मसूर काली 8106.87 रुपए, मूंग दाल 10131.59 रुपए, उड़द दाल 10463.79 रुपए, अरहर दाल 10559. 70 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2863.02 रुपए और चावल 3842.74 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4316.01 रुपए और गुड़ 5016.48 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सियासी मंदिरों में....**

वितरण किया गया, तो शायद परिणाम बेहतर रहे। सत्ता मिलेगी या नहीं मिलेगी यह कहना अभी जल्दबाजी होगी।आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सपा तेजी से काम करती दिख रही है। जैसे वह खुली बैठक में प्रत्याशी को लेकर एक राय बनाने की कोशिश करती दिख रही है। घोषणापत्र में क्या-क्या मुद्दे शामिल किया जाएं, क्षेत्रीय मुद्दे भी शामिल हो इस पर भी काम किया जा रहा है। ये फॉर्मूला सही तरीके से जमीन पर उतर जाने पर परिणाम चौंकाने वाले हो सकते हैं और भाजपा को 2027 में विपक्ष की तरफ से बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। वैसे देखा जाए, तो विपक्ष के सामने एक संकट भी मुंह बाए खड़ा है। सभी दलों में गठबंधन कैसे होगा, 2024 के हालात अलग थे, जब केंद्र सरकार बनने का मामला था। सपा के मालिक पर यह दबाव नहीं था कि उसको सरकार बनानी है, लेकिन 2027 राज्य में सरकार बनाने का मामला है। सपा कंपनी के द्वारा जरा सी चूक सपा को सत्ता से बहुत दूर ले जा सकती है ।इस लिए बहुत समझदारी से सबको साथ लेकर चलना होगा। विपक्ष के सामने सबसे बड़ी समस्या सरकारी मशीनरी भी है, जो भाजपा से लगाव रखती है। ऐसा विपक्ष मानता है उससे कैसे निपटा जाए। इसके लिए भी रणनीति बनानी होगी। विपक्ष को सत्ता के चक्रव्यूह से बचने के लिए सभी पहलुओं पर गंभीरतापूर्वक निर्णय लेने होंगे। जैसे समय रहते प्रत्याशियों का चयन करें, जिससे प्रत्याशी को अपनी पकड़ अंदर तक बनाने का उसे मौका मिले और प्रत्याशी चयन में इस बात का ख्याल रखा जाए कि प्रत्याशी गैरवाजिब न हो और जातीय समीकरण पर खास तौर से जोर दिया जाए।

## आज से रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में सस्ता मिलेगा पानी

**नई दिल्ली।** जीएसटी की नई दरें रविवार को रात 12 बजे से लागू हो जाएगी। इसके साथ ही नवरात्र के पहले दिन यानि 22 सितंबर से इसका फायदा मिलने लगेगा।

जीएसटी घटने से कई उत्पादों के दाम घट जाएंगे। इसी कड़ी में रेलवे ने अपने बोतलबंद पेयजल ब्रांड रेल नीर की कीमत में एक रुपये की कमी की है। संशोधित कीमतें 22 सितंबर से लागू होंगी। इस बारे में रेलवे बोर्ड के द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि रेल नीर की सभी बोतलों में एक रुपये की कटौती की गई है। सभी जोनल रेलवे व भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) को संबो. धित परिपत्र में कहा गया है कि बोतलबंद पेयजल रेल नीर की अधिकतम खुदरा कीमत में संशोधन किया गया है।

## नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार पीएम मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक कदम: कैट

नई दिल्ली, वार्ता

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा है कि उनके मार्गदर्शन में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार कल से पूरे देश में लागू होने जा रहे हैं।

ये सुधार स्वतंत्र भारत के सबसे क्रांतिकारी कर सुधारों में से एक हैं, जिनका उद्देश्य छोटे व्यापारियों को सशक्त करना, उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाना और देश की अर्थव्यवस्था को 10 ट्रिलियन डॉलर की दिशा में अग्रसर करना है। इन सुधारों से जहां देश के व्यापारी वर्ग को लाभ होगा, वहीं उपभोक्ताओं की बड़ी बचत भी होगी। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को कहा




कि इन सुधारों के तहत करीब 400 वस्तुओं को 12 एवं 18 प्रतिशत के कर स्लैब से हटाकर पांच प्रतिशत के कर स्लैब में लाया गया है, वहीं 28 प्रतिशत के कर स्लैब को खत्म कर अधिक. ांश वस्तुओं को 18 प्रतिशत के कर स्लैब में लाया गया है। एक मोटे अनुमान के अनुसार इस साहसिक निर्णय से 15 से 20 प्रतिशत तक कीमतों में कमी आएगी, जिससे उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा तथा निश्चित तौर पर वस्तुओं का उपभोग भी बढ़ेगा जिससे व्यापार में भी बड़ी वृद्धि होगी।

### शीर्ष सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा

**मुंबई।** शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही तेजी से बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल सात कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 1,18,328 करोड़ रुपए बढ़ गया, जबकि अन्य तीन के एमकैप में 22,095 करोड़ रुपए की गिरावट दर्ज की गई। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 35,953 करोड़ रुपए बढ़ा। इसके शेयर में 4-73 प्रतिशत की साप्ताहिक वृद्धि दर्ज की गई थी। भारती एयरटेल का एमकैप 33,215 करोड़ रुपए, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 17,389 करोड़ रुपए और टीसीएस का 12,952 करोड़ रुपए बढ़ गया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# खुले हैं माँ शक्ति के द्वार



## आइए उत्तराखंड, लेने आशीष अपार

## गढ़वाल मण्डल



### धारी देवी मंदिर, श्रीनगर

अलकनन्दा नदी के तट पर स्थित धारी देवी मंदिर प्राचीन सिद्धपीठ है। धारी देवी को उत्तराखंड की रक्षक देवी के रूप में जाना जाता है।

### कालिंका माता मंदिर, बीरोंखाल, पौड़ी गढ़वाल

पौड़ी जिले में स्थित कालिंका माता मंदिर को मां काली का स्वरूप माना जाता है। यहां हर 3 साल में सर्दियों के मौसम में प्रसिद्ध मेला लगता है।



### माया देवी मंदिर, हरिद्वार,

माया देवी हरिद्वार की अधिष्ठात्री देवी हैं। माया देवी को शक्ति का अवतार माना जाता है। माया देवी के नाम पर ही हरिद्वार को पहले मायापुरी के नाम से जाना जाता था।





### कालीमठ मंदिर, रूद्रप्रयाग

रूद्रप्रयाग जिले में स्थित कालीमठ मंदिर को महालक्ष्मी, महासरस्वती और महाकाली के सिद्धपीठ के रूप में जाना जाता है। इस स्थान का वर्णन दुर्गा सप्तशती में भी है।



### हरियाली देवी मंदिर, जसोली, रूद्रप्रयाग

यह मंदिर रूद्रप्रयाग जिले में स्थित है। प्रसिद्ध सिद्धपठों में से एक इस मंदिर की देवी को सीता माता, बाला देवी और वैष्णो देवी के नाम से भी जाना जाता है।

### नंदा देवी मंदिर, कुरूड़ (चमोली)

कुरूड़ में नंदा देवी का मंदिर गांव के शीर्ष पर देवसरि तोक पर स्थित है। कुरूड़ नंदा देवी को राजराजेश्वरी के नाम से भी जाना जाता है।



### ज्वालपा देवी मंदिर, सतपुली


यह मंदिर नबालिका नदी के तट पर स्थित है। नवरात्रि के दौरान इस मंदिर में विशेष उत्सव का आयोजन होता है।





### नागणी देवी मंदिर, उत्तरकाशी

यह मंदिर बालखिला पर्वत पर स्थित है। नवरात्र के दिनों में यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।



### चन्द्रबदनी मंदिर, देवप्रयाग

यह शक्तिपीठ चंद्रकूट पर्वत के ऊपर स्थित 52 शक्तिपीठों और माता सती के पवित्र स्थलों में से एक है।

### सुरकंडा देवी मंदिर, कद्दूखाल, टिहरी

सुरकंडा देवी मंदिर टिहरी क्षेत्र के सुरकूट पर्वत पर स्थित है। यह मंदिर प्रसिद्ध 52 शक्तिपीठों में से एक है।



### कुन्जापुरी देवी मंदिर, नरेन्द्र नगर

ऋषिकेश से लगभग 25 किमी की दूरी पर स्थित कुन्जापुरी देवी मंदिर देवी सती को समर्पित है। मान्यता है कि यहाँ माता सती के शरीर का ऊपरी भाग गिरा था।





### चण्डी देवी मंदिर, हरिद्वार

देश के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में शामिल चंडी देवी मंदिर नील पर्वत के शिखर पर स्थित है। यह मंदिर प्रसिद्ध शक्तिपीठों में से एक है। मान्यता है कि इस मंदिर की मूर्ति को आदि शंकराचार्य ने 8वीं शताब्दी में स्थापित किया था।



### मनसा देवी मंदिर, हरिद्वार

मनसा देवी को भगवान शिव की मानस पुत्री के रूप में पूजा जाता है। इन्हें नागराज वासुकी की बहन के रूप में भी पूजा जाता है।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

### अपने तीर्थ स्थलों को स्वच्छ रखें

- सभी तीर्थ यात्रियों से अनुरोध है कि तीर्थ स्थलों की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।
- किसी भी प्रकार का कचरा अथवा कूड़ा नियत स्थान पर ही डालें और परिसर को स्वच्छ रखने में सबका सहयोग करें।



**सतपाल महाराज**

मंत्री – पर्यटन, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, लघु सिंचाई, ग्रामीण निर्माण, पंचायती राज, जलागम प्रबन्धन, संस्कृति, धर्मस्व, भारत–नेपाल उत्तराखण्ड नदी परियोजनाएं, उत्तराखण्ड सरकार

उत्तराखण्ड सचमुच स्वर्ग!

## उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद्

uttarakhandtourism.gov.in | /UttarakhandTourismOfficialPage | /UTDBofficial | /uttarakhand_tourismofficial | Uttarakhand Tourism

# 78 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

## अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक एसोसिएशन का प्रतिभा सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक एसोसिएशन नैनीताल द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हल्द्वानी में प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर जनपद नैनीताल के हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 78 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मान प्रदान किया गया। समारोह के दौरान वर्ष 2025 में शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त 14 शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रतीक चिन्ह व शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डाइट भीमताल सुरेश चंद्र आर्य रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी कनेक्शन की फाउंडर प्रीति सिकरी ने शिरकत की। मुख्य अतिथि सुरेश चंद्र आर्य ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एकाग्रता और निरंतर मेहनत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को देश सेवा के लिए तैयार रहने का संदेश भी दिया। विशिष्ट अतिथि प्रीति सिकरी ने बालिकाओं की शिक्षा और स्वास्थ्य पर बल देते हुए बताया कि उनका एनजीओ विभिन्न विद्यालयों में बालिका शौचालय, सैनिटरी पैड्स और कंप्यूटर वितरित कर शिक्षा को सहयोग प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र टम्टा ने की। उन्होंने आश्वस्त किया कि एससी-एसटी शिक्षक संघ सदैव छात्रों की शिक्षा में हर संभव सहयोग करता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री दीप दर्शन ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और समर्पण की प्रेरणा देते हुए कहा कि यही मूल्यमान देश को एक बेहतर समाज की दिशा में अग्रसर करेंगे। इस समारोह में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से उपस्थित जनों में इंद्र कुमार आर्य, सुनीता आर्य, विजय कुमार, दुर्गा प्रसाद, गिरीश चंद्र बेरी, विपिन बिहारी, हरिश्चंद्र, रविकांत, राजू, जगदीश, विमल, हेमंत कुमार, हेमचंद्र, संजय कुमार, मनोज त्रिकुटी, किशोरी लाल टम्टा, बीना आर्य, कैलाश आगरकोटी, चंद्र आर्य, शोभा आर्य, सुरेंद्र कुमार, अजय कुमार, हीरालाल आगरी, शंकर लाल, उमाशंकर सहित अनेक छात्र-छात्राएं शामिल रहे।



# ग्रामीण क्षेत्रों में गुलदार की चहलकदमी से दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** विकासखंड हवालबाग के ग्राम पंचायत अथरबनी में इन दिनों गुलदार की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। बीते शनिवार शाम घर के आंगन से गुलदार पालतू कुत्ते को उठा ले गया। लोगों की शिकायत के बाद अब वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि नगर से लगी ग्रामसभा अथरबनी में इन दिनों गुलदार की चहलकदमी काफी बढ़ गई है। आए दिन गुलदार आबादी क्षेत्र में घूमता हुआ दिखाई दे रहा है। शुक्रवार शाम गुलदार रमेश भोज के घर के आंगन से उनका पालतू कुत्ता उठा लिया। इसके बाद ग्राम प्रधान विनोद जोशी ने प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद अब वन विभाग भी सतर्क हो गया है। शनिवार शाम वन विभाग की टीम गांव पहुंची और गश्त की। वन क्षेत्राधिकारी मोहन राम आर्या ने बताया कि गुलदार की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कैमरा ट्रैप लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे अनावश्यक रूप से रात में घर से बाहर न निकलें। यहां अमित साह मोनू, शिवम जोशी, एसएस नेगी, विवेक तिवारी आदि रहे।



## एक नजर

### हजारों किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त

**काशीपुर।** प्रशासन ने अवैध रूप से भंडारण को 3105 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की है। साथ ही अवैध भंडारण करने वाले व्यक्ति पर दो लाख का जुर्माना लगाया है। राजस्व विभाग, नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व कोतवाली पुलिस ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया। टीम ने काशीपुर के मोहल्ला थाना साबिक में छापा मारा। गौरव माहेश्वरी के गोदाम में अवैध रूप से भंडारण की गई 3105 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक बरामद हुई। मौके पर ही प्लास्टिक जब्त कर अवैध भंडारणकर्ता पर दो लाख का अर्थदंड लगाया गया। टीम में मुख्य नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट, एसडीएम अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार पंकज चंदोला, सहायक नगर आयुक्त कमल मेहता, बांसफोड़ान चौकी इंचार्ज मनोज धोनी, राजस्व उप निरीक्षक गौरव चौहान, आकाश कुमार मौजूद रहे।

### मृतक की पत्नी व सास के खिलाफ मुकदमा

**काशीपुर।** राजस्व उपनिरीक्षक दौलत सिंह की फंदा लगाकर हुई मौत के मामले में पुलिस ने भाई की तहरीर के आधार पर मृतक की पत्नी और सास के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। जसपुर के तालबपुर निवासी पाकेश कुमार ने आईटीआई थाना में तहरीर सौंपी। बताया कि उसका भाई दौलत सिंह तहसील बाजपुर में राजस्व उपनिरीक्षक के पद पर तैनात था। भाई का विवाह ललिता के साथ हुआ था। ललिता वर्तमान में सहायक समाज कल्याण अधिकारी गदरपुर/जसपुर में कार्यरत हैं। भाभी परिवार वालों से झगड़ा करके अलग काशीपुर में रहने लगीं। भाई दौलत सिंह पर भाभी व सास परिवार से संबंध नहीं रखने का दबाव बनाने लगी। इस बात को लेकर भाई परेशान रहने लगा। आरोप लगाया कि उसकी भाभी ललिता व सास राजबाला ने भाई को आत्महत्या के लिए उकसाया है। आईटीआई थाना प्रभारी कुंदन सिंह रौतेला ने बताया केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ब्लड डोनेशन एवं फ्री ब्लड टेस्ट कैंप आयोजित

**काशीपुर।** श्री पंचम पातशाही के जन्म दिवस के अवसर पर श्री आनंदपुर ट्रस्ट द्वारा श्री आदर्श धाम, भोगपुर, रामनगर रोड, काशीपुर में पूज्यनीय श्री विमल संत जी, आनंद संत जी, आनंद महात्मा जी, बहन शिवानी जी द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप एवं फ्री ब्लड टेस्ट कैंप का उद्घाटन किया गया, जिसमें रक्तवीरों ने 50 यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर ज़िलोक अरोरा, संजीव अरोरा, आनंद मल्होत्रा, प्रीत ढींगरा, दिनेश कुंद्रा, सचिन अरोरा, अजय अंश अरोरा, अर्पण अरोरा व संजय अरोरा ने मुख्य रूप से सेवा कार्य किया। वहीं, एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय ब्लड बैंक से डा. अंजलि पांडे, जोगा सिंह, कपिल चंद्र, सतीश ठाकुर, सरिता ठाकुर, विपिन कुमार व सादिक अली आदि ने कैंप में उपस्थित रहकर अपनी महती भूमिका निभाई और रक्तवीरों का आभार व्यक्त किया।

### नाबालिग लड़की लापता, गुमशुदगी दर्ज

**काशीपुर।** एक नाबालिग लड़की आधी रात को बिना बताये घर से कहीं चली गई। भाई की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है। चांदपुर सैनिक कालोनी, गौशाला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय बहन बीती 20 सितंबर 2025 की सुबह करीब 3 बजे घर वालों को बिना बताये कहीं चली गई। काफी तलाशने पर भी उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### तमंचा व चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस ने गश्त के दौरान मारपीट के मुकदमें में फरार चल रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक तमंचा 312 बोर, एक जिंदा कारतूस व एक नाजायज चाकू बरामद किया है। पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर सुभाष मिल गेट को जाने वाले रास्ते से हरगुनिया कालोनी टांडा उज्जैन निवासी दिव्यांश पुत्र सत्यनारायण के कब्जे से एक तमंचा 312 बोर, एक जिंदा कारतूस व उसके साथी वंश पुत्र विजय के कब्जे से एक नाजायज चाकू बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दोनों चचेरे भाई हैं अभी कुछ दिन पहले उनका नवीन उर्फ चेलू से झगड़ा हो गया था, जिसके लिए उसके परिवालों ने हमारे खिलाफ थाने में मुकदमा लिखवाया है, उससे पहले भी काशीपुर थाने में उनके खिलाफ कई मुकदमें दर्ज हैं। बताया कि उनके बहुत दुश्मन हैं अपनी सुरक्षा के लिए ये चाकू और तमंचा अपने पास रखे रहते हैं। जब से उनके थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है वह घर से भागकर छिपकर रह रहे थे। आज अपने मुकदमे की जानकारी करने काशीपुर आये थे और जब हमें पता चला कि पुलिस हमें ढूंढ रही है, तो हम दोनों कहीं जाने के लिए यहां पर गाड़ी का इंतजार कर रहे थे कि आपने पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों का चालान किया है। पुलिस टीम में एसआई सुनील सुतेड़ी, मनोज सिंह धौनी, कां. दिनेश त्यागी व नवल रहे।

### बॉक्सिंग में दिखाया दमखम

**बागेश्वर।** जिला स्तरीय विद्यालयी बॉक्सिंग माध्यमिक व बेसिक का आयोजन इंडोर स्टेडियम में खेली गई। खेल समन्वयक महिपाल गड़िया ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के कुल 84 बच्चों ने भाग लिया। इसमें 38 बालिकाएं व 46 बालकों ने भाग लिया। प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी विनय कुमार ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप वर्मा व ललित नेगी ने किया। इस मौके पर सुंदर सिंह गड़िया, तनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

# दशहरा समिति व प्रशासन की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी में ऐतिहासिक दशहरा महोत्सव को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। समिति और प्रशासन की बैठक में महोत्सव को भव्य रूप देने को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान तय हुआ कि एसएसजे परिसर के जूलॉजी मैदान में रावण परिवार के पुतलों का दहन किया जाएगा। जबकि स्टेडियम में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलक्ट्रेट में दशहरा समिति और प्रशासन के अधिकारियों के बीच बैठक हुई। बैठक में खेल प्रेमियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए हेमवती नंदन बहुगुणा में सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने का फैसला लिया गया। वहीं, एसएसजे परिसर के जूलॉजी मैदान में इस बार पुतलों का दहन किया जाएगा। बैठक के बाद समिति और प्रशासन की टीमों ने कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया। समिति अध्यक्ष अजीत सिंह कार्की ने बताया कि कार्यक्रमों के आयोजन में खेल गतिविधियों और खेल प्रेमियों की भावनाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि दशहरा महोत्सव केवल धार्मिक आस्था और परंपरा का प्रतीक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक एकता का भी संदेश देता है। बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कालाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। यहां बैठक में मुख्य संयोजक धर्मेन्द्र बिष्ट, सचिव वैभव पांडे, मुख्य सांस्कृतिक संयोजक मनोज जोशी, एसडीएम सदर संजय कुमार, कोतवाल योगेश उपाध्याय, दीप सिंह डांगी, राजेन्द्र तिवारी, शरद अग्रवाल, हितेश वर्मा, देवेंद्र भट्ट, दिनेश मठपाल, कपिल मल्होत्रा, कैलाश गुरुरानी, हरीश कनवाल, सुशील साह, भैरव गोस्वामी, दीपक कुमार, अमरनाथ नेगी आदि मौजूद रहे।



# विश्व में शीर्ष दो प्रतिशत शोधकर्ताओं में डा. जोशी का नाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के गणित एवं कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डा. बीपी जोशी ने एक बार फिर विश्वविद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी अमेरिका और एल्सेवियर-स्कोपस के सहयोग से जारी वर्ष 2025 की सूची में उन्हें विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों में शामिल किया गया है। लगातार दूसरे वर्ष इस सूची में स्थान पाने वाले डा. जोशी की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय और देश के लिए गर्व की बात है। उनके शोधकार्य व शैक्षिक योगदान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है, जिससे उन्होंने अपने क्षेत्र में एक विशेष पहचान स्थापित की है। डा. जोशी की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार व उनके सहयोगियों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के कुलपति ने कहा कि यह उपलब्धि डा. जोशी की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। यह न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि विश्वविद्यालय की उच्च शैक्षिक और शोध परंपरा का भी प्रमाण है।



### वेतन देने की मांग

**अल्मोड़ा।** मांगों के निराकरण को लेकर मेडिकल कॉलेज के अधीन बेस अस्पताल में तैनात आउटसोर्स कर्मचारियों का विरोध जारी है। रविवार को भी नाराज कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। प्रदर्शन स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि कई बार मांग के बावजूद अब तक कर्मचारियों के पद स्वीकृत नहीं हो सके हैं। पदों के स्वीकृत नहीं होने से फिर से कर्मचारियों के मानदेय में रोक लगा दी गई है। इस कारण अस्पताल में कोरोना के समय से आउटसोर्सिंग, उपनल व पीआरडी के माध्यम से निरंतर कार्य कर रहे वार्ड ब्वॉय, वार्ड आया, सुरक्षा गार्ड, पर्यावरण मित्रों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। यहां पूरन सिराड़ी, दीपक रावत, मनोज मेहरा, सूरज भंडारी, शांती देवी, सूरज, विवेक, सुशील कुमार आदि मौजूद रहे।

### बीडी पांडेय कैंपस फ्रैशर पार्टी

**बागेश्वर।** बीडी पांडेय कैंपस में रविववार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। इसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैंपस में बेहतर शिक्षा का माहौल बनाने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि इस बार छात्रसंघ चुनाव भी होने हैं। इसमें भी बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की। जिसके बाद पूरे दिन छात्र छात्राओं द्वारा कुमाऊंनी हिंदी, गढ़वाली गीतों में ठुमके लगाए। इस मौके पर सागर जोशी ने कैंपस में आए नए छात्र छात्राओं का स्वागत किया। इस मौके पर जगदीश नारायण, प्रकाश वाछमी, प्रेम दानू, पंकज पपोला, राहुल बाराकोटी, नीरज जोशी, रीतू जोशी, प्रीति, मोना ऐठानी, अनीता आदि छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# निटकॉन ने बांटे स्कूल बैग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जनपद के निटकॉन लिमिटेड सेंटर में स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे दर्जनों छात्र छात्राओं को बैग और पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बताया गया कि छात्र छात्राओं द्वारा सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद उन्हें आईटी, आईटीईएस कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। यहां आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि भास्कर दास ने छात्रों को कैरियर की नई शुरुवात करने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आईटी कौशल छात्र जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। छात्रों को अपने भविष्य के प्रति रुचि रखने को कहा। इसी क्रम में निटकॉन लिमिटेड से आए आशीष भटनागर, सुनील कुमार जोशी ने प्रशिक्षण कर्मचारियों का उत्साह वर्धन किया। कहा कि आज आईटी सेक्टर में छात्रों के जीवन संवारे के अपार संभावनाएं हैं। इस लिए कड़ी मेहनत व लगन के साथ पढ़ाई करने पर कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर बागेश्वर सेंटर के संचालक विनोद चंद्र कांडपाल व कैलाश कांडपाल ने सभी छात्रों का उत्साह वर्धन किया।




# पूर्व सैनिकों की खुली बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** सैनिक भवन शांतिपुरी में पूर्व सैनिकों की खुली बैठक हुई। जिस में पूर्व सैनिकों की समस्याओं एवं उनके कल्याणकारी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। सहायक जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सुंदर सिंह बिष्ट ने पूर्व सैनिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न वेलफेयर योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने आश्वस्त किया कि पूर्व सैनिकों से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करेंगे। संगठन के अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद जोशी ने से.नि. कर्नल गोकरण सिंह रौतेला को संगठन की टोपी और फूल मालाएं पहना कर सदस्यता दिलाई। उन्होंने पूर्व सैनिकों से संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने बताया कि संगठन की ओर से नए पेंशनर सैनिकों का स्वागत तथा वरिष्ठ नागरिकों की श्रेणी में आने वाले पेंशनरों को सम्मानित करने की परंपरा शुरू की है। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सैनिक संगठन के पूर्व अध्यक्ष देवी दत्त उपाध्याय, लेफ्टिनेंट कर्नल गोकर्ण राणा, आरसी जोशी, तथा पुरुषोत्तम डिमरी ने पूर्व सैनिक बाहुल्य गांवों में व्याप्त बिजली, पानी, पक्क सड़कों एवं आवारा पशुओं से हो रही जन-धन की क्षति पर चिन्ता व्यक्त कर जिलाधिकारी से समाधान कराने की मांग की। बैठक में प्रेम सिंह कोरंगा, रमेश चंद जोशी, दिगंबर प्रसाद जोशी, देवी दत्त उपाध्याय, भीम सिंह कोरंगा, दीवान सिंह बिष्ट, गोविंद सिंह मौजूद रहे।



# नशा मुक्त भारत के लिए लगाई दौड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं में नशा मुक्त भारत का संदेश देने हेतु आज यहां प्रातः 7 बजे नमो युवा रन का भव्य आयोजन काशीपुर स्टेडियम से प्रारंभ होकर नगर निगम में सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि महापौर दीपक बाली ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। जिला अध्यक्ष मनोज पाल एवं जिला प्रभारी पुष्कर काला, प्रदेश महामंत्री रवि पाल ने भी युवाओं को संबोधित करते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक भाजयुमो जिला अध्यक्ष विनीत चौधरी जैकी, जिला महामंत्री अमित सिंह, सुशील शर्मा, लवीश अरोरा, सह संयोजक राहुल अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष जयदीप द्विवेदी, अभिनव राजपूत, दिग्विजय, जिला मंत्री आलोक तिवारी, महेंद्र खुराना, राजीव अरोरा बच्चू, मुकेश चावला चौधरी, समरपाल सिंह, जसवीर सिंह सैनी, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह, मानवेंद्र सिंह मानस, पार्षद रवि प्रजापति, पुष्कर बिष्ट, अशोक सैनी सहित भाजयुमो के अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 5100/-, द्वितीय पुरस्कार 3100/-तथा तृतीय पुरस्कार 2100/- प्रदान किए गए। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि युवाओं की ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में उपयोग कर नशा मुक्त और सशक्त भारत के निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करेंगे।

# मोटर मार्ग की बदहाली पर आक्रोश, दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** कपकोट-कर्मी-पोथिंग मोटर मार्ग की बदहाली पर पूर्व छात्रसंघ महासचिव ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज युवक ने कपकोट तहसील थाना व अन्य विभागों को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग के बीच में बैठकर धरना दिया। इस दौरान वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस प्रशासन और लोनिवि के ईई ने जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने धरनना समाप्त किया। पूर्व छात्रसंघ महासचिव महेश कपकोटी रविवार की सुबह 11 बजे करीब तहसील मार्ग स्थित तिराहे पर पहुंचे। यहां बीच सड़क में धरना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि कपकोट-कर्मी-पोथिंग मोटर मार्ग काफी समय से गड्ढे पड़े हैं। शिकायत के बाद भी लोनिवि विभाग देखने तक को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी ग्रामीणों द्वारा कई बार विभाग से शिकायत की थी, पर आज तक अनदेखी की गई। मजबूर होकर उन्हें धरना देना पड़ रहा है। उनके धरने में बैठने के बाद वाहनों की आवाजाही ठप हो गई और जाम लगने लगा। सूचना के बाद पुलिस प्रशासन पहुंची। बाद में लोनिवि के अधिशासी अभियंता अमित पटेल व लोनिवि विभाग के अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने धरने पर बैठे महेश को आश्वस्त किया कि जल्द ही सड़क की बदहाली दूर की जाएगी। आश्वासन देने के बाद वह धरने से उठे। उन्होंने कहा कि यदि जल्द समस्या दूर नहीं हुई तो वह दोबारा धरना देंगे।

# सूरज जोशी बने व्यापार मंडल अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जनपद में नगर व्यापार मंडल के चुनाव शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। चुनाव में कुल 1184 पंजीकृत मतदाताओं में से 779 ने मतदान किया। अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में सूरज जोशी को 590 मत व दूसरे प्रत्याशी लक्ष्मण सिंह को 181 मत मिले। वही 8 मत निरस्त हुए। जिसमें सूरज जोशी 409 मतों से विजय घोषित हुए। इसी क्रम में उपाध्यक्ष के लिए गिरीश बिष्ट को 540 मत व दूसरे प्रत्याशी हेमंत बिष्ट को 228 मत मिले। जबकि 11 मत निरस्त हुए। उपाध्यक्ष में गिरीश बिष्ट 322 मतों से विजय हुए। सचिव पद में चंदन चौधरी को 378 मत व दूसरे प्रत्याशी देवेंद्र अधिकारी को 386 मत मिले, वही 15 मत निरस्त हुए। सचिव पद में देवेंद्र 8 मतों से विजय हुए। इसके अलावा महिला उपाध्यक्ष माया गढ़िया, सह सचिव योगेश पूना, कोषाध्यक्ष अलोक शाह निर्विरोध चुने गए। रविवार सुबह से स्थानीय स्वराज भवन नियर नुमाइश मैदान खेत के पास में मतदान शुरू हुआ। जो दोपहर साढ़े तीन बजे तक चला। चार बजे से मतों की गणना शुरू हुई। मतगणना तीन राउंड में चली। देर शाम चुनाव अधिकारियों द्वारा परिणाम घोषित किए गए। इस मौके पर चुनाव अधिकारी एवं जिला व्यापार मंडल अध्यक्ष बबलू नेगी, प्रमोद मेहता, हरीश सोनी, अनिल कार्की, बृज किशोर, राजू परिहार, सुनील दोसाद, विशाल पांडे सहित अन्य मौजूद थे। सुबह से लेकर परिणाम घोषित होने व विजय जलूस तक पुलिस द्वारा सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए।



# क्षेत्रीय ताकतों की एकजुटता का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी (उपपा) द्वारा सरस्वती कांटिनेंटल होटल, अल्मोड़ा में आयोजित दो दिवसीय संवाद शिविर में उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए आंदोलनकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध नागरिकों ने राज्य की बदहाली के लिए जिम्मेदार ताकतों को सत्ता से बेदखल करने और क्षेत्रीय संघर्षशील शक्तियों को एकजुट कर एक सशक्त राजनीतिक विकल्प तैयार करने का संकल्प लिया। शिविर के प्रारंभ में विकास के नाम पर हुई तबाही में जान गंवाने वालों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड की जनता ने लंबे संघर्षों और बलिदानों के बाद जो राज्य प्राप्त किया, वह आज लूट-खसोट और अराजकता का केंद्र बन गया है। उन्होंने कांग्रेस और भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टियों की नीतियों को प्राकृतिक संसाधनों की लूट, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं के बाजारीकरण और खेतीबाड़ी की बर्बादी का जिम्मेदार ठहराया। तिवारी ने जोर देकर कहा कि जनता की हताशा और आक्रोश को सही दिशा देना आज की जरूरत है, ताकि उत्तराखंड के सपनों को साकार किया जा सके। चारु तिवारी ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा जैसे दल पूंजीपतियों और माफियाओं के हित में कार्य करते हैं, जिसके चलते राज्य के प्राकृतिक संसाधनों की निर्मम लूट हुई है। उन्होंने इस लूट से मुक्ति के लिए राज्य की राजनीति के चरित्र को बदलने की आवश्यकता पर बल दिया। शिविर में सामाजिक कार्यकर्ता ईश्वरी दत्त जोशी, डा. पुष्कर बिष्ट, शिक्षाविद् चंद्रशेखर बनकोटी, उपपा के प्रधान महासचिव प्रभात ध्यानी, केंद्रीय महासचिव नारायण राम, जनकवि गिरीश तिवारी (गिर्दा) की धर्मपत्नी हेमलता तिवारी, उनके सुपुत्र तुहिनांशु तिवारी, डिजाइनर व लेखक नवीन पांगती, पान सिंह नेगी, पूर्व कर्मचारी नेता चंद्रमणि भट्ट, चार्टर्ड अकाउंटेंट वरुण चंदोला समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय महासचिव नरेश नौड़ियाल ने किया। शिविर में अल्मोड़ा, धौलादेवी, द्वाराहाट, रामनगर, नैनीताल, हल्द्वानी, पौड़ी, नैनीसार, देहरादून, फलसीमा, चितई, पाटिया, डांडा कांडा, बिमौला समेत उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों से लोग शामिल हुए। उपपा ने राज्य की जनता से इस महत्वपूर्ण संकल्प को पूरा करने के लिए आगे आने का आह्वान किया।




### सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत हुई मैराथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत भाजयुमो की ओर से रविवार को मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान दौड़ में नितेश सिंह जीना ने सबसे तेज दौड़ लगा बाजी मारी। नगर के मालरोड स्थित चौघानपाटा से दौड़ अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर के चौघानपाटा से रघुनाथ सिटी माल तक दौड़ आयोजित हुई। जिसमें नितेश सिंह जीना ने प्रथम, नमन सिजवाली ने द्वितीय और भूमित बिष्ट ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को नगद धनराशि देकर सम्मानित किया गया। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजन चंद्र जोशी, मेयर अजय वर्मा, महामंत्री दर्शन रावत, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, प्रकाश भट्ट, विनीत बिष्ट, नवीन बिष्ट, संजय बिष्ट, संदीप श्रीवास्तव, सौरभ वर्मा, ललित कनवाल, कृष्णा आदि मौजूद रहे।

# काशीपुर में रामलीला का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** श्री रामाकृष्णा ड्रैमेटिक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला मंचन का शुभारंभ बीती रात महापौर दीपक बाली और विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। शुभारंभ अवसर पर महापौर दीपक बाली ने कहा कि प्रभु श्री राम के आदर्श हमारे लिए आज भी प्रासंगिक है।

रामायण एक ऐसा ग्रंथ है जिसमें जीवन के हर रूप के आदर्शों पर प्रकाश डाला गया है। उन्होंने कहा कि श्री रामाकृष्णा ड्रामेटिक क्लब बहुत मेहनत के साथ एक लंबे समय से इस रामलीला का मंचन करता आ रहा है। मैं मंचन कमेटी को विश्वास दिलाता हूं कि मेरे योग्य जो भी सेवा होगी उसके लिए मैं हमेशा रामकृष्णा ड्रामेटिक क्लब के साथ खड़ा मिलूंगा। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने कहा कि रामलीला केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि भगवान राम की जीवनी से जीवन को सही दिशा देने वाली प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि कलाकार मंच के माध्यम से भगवान राम की कथा प्रस्तुत कर लोगों को यह सिखाते हैं कि जीवन में सही और गलत क्या है, और हमें सच्चाई एवं ईमानदारी के साथ अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए। इस अवसर पर अनिल सिंधवानी, मनीष शर्मा, गगन चावला, राजेंद्र चावला, रमेश सपरा, रमेश छाबड़ा, संजय भाटिया, अरूण चौहान, विमल गुड़िया, दीपिका गुड़िया, नवीन अरोरा, संदीप सहगल, अनिल डाबर, सूर्य प्रताप सिंह, अमन बाली, सर्वेश बाली, श्याम अरोरा, अलका पाल, अर्चना अरोरा, सुरेश शर्मा जंगी, जितेंद्र सरस्वती, विकल्प गुड़िया, अमित शर्मा सहित नगर व क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। इस दौरान भाजपा जिला कार्यकारिणी में स्थान पाने वाले लवीश अरोरा एवं राजीव ठुकराल को सम्मानित किया गया।





# सेवा पखवाड़ाः 'नमो युवा रन' में दौड़े धामी

## घंटाघर से नमो युवा रन का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को घंटाघर, देहरादून में 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित 'नमो युवा रन' का फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों के साथ दौड़ में सम्मिलित होकर युवाओं का उत्साहवर्धन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'नमो युवा रन' केवल एक खेल आयोजन नहीं है, बल्कि यह युवाओं में ऊर्जा, स्वास्थ्य, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए 'फिट इंडिया मूवमेंट' को नई दिशा और व्यापक जनभागीदारी प्रदान कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित युवाओं का आह्वान किया कि वे स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से देशभर में सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना को नई गति मिल रही है और 'सेवा पखवाड़ा' के माध्यम से समाज के हर वर्ग को सकारात्मक योगदान देने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं की ऊर्जा राष्ट्रहित में और अधिक सार्थक होती है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास, अन्य जनप्रतिनिधिगण, कार्यक्रम के संयोजक विपुल मैदोली सह संयोजक देवेंद्र बिष्ट आदि मौजूद थे।

## प्रेमनगर में ट्रैफिक डायवर्जन, जाम से मिलेगी राहत

**देहरादून।** प्रेमनगर में ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए पुलिस ने यातायात का रूट बदल दिया है। नए डायवर्जन प्लान से शहर और आसपास के इलाकों में लोगों को आवाजाही में आसानी होगी। देहरादून से सहसपुर/विकासनगर, रांघडवाला तिराहा दरू चौक बडोवाला रोड़ चांदनी चौक सिंघनीवाला धूलकोट/धर्मावाला होते हुए जाएं। प्रेमनगर से सहसपुर/विकासनगर,प्रेमनगर चौक ठाकुरपुर रोड सिंघनीवाला अण्डरपास धूलकोट/धर्मावाला होते हुए जाएं।सहसपुर/विकासनगर से देहरादून, धूलकोट तिराहा सिंघनीवाला नयागांव रतनपुर सेंट ज्यूड चौकशिमला बाईपास चौक से आएं।सहसपुर/विकासनगर से प्रेमनगर, धूलकोट सिंघनीवाला तिराहा झ चांदनी चौक दरू चौक होते हुए आएं।

# काबीना मंत्री जोशी ने जाना आपदा पीड़ितों का हाल

## आपदा प्रभावित क्षेत्र फुलेत, भैंसवाड़ गांव व छमरोली सहित कई स्थानों पर पहुंचकर लिया जायजा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने फुलेत, भैंसवाड़ गांव, छमरोली, सिल्ला, सरखेत तिमल. ीमान सिंह और सरोना सुवाखोली मार्ग सहित कई स्थानों पर पहुंचकर आपदा से हुए नुकसान तथा पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा लिया। भैंसवाड़ गांव में कैबिनेट मंत्री ने फुलेत और छमरोली सहित अन्य गांवों के आपदा प्रभावित परिवारों को खाद्य राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाक. ात कर उनकी समस्याएं सुनी और



सहायता राशि के चौक प्रभावितों को प्रदान किए। उन्होंने आपदा प्रभावितों को सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। कैबिनेट मंत्री ने ग्राम पंचायत फुलेत के भैंकलीखाला गांव में आपदा प्रभावितों से भी संवाद किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को पानी, बिजली सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, मंत्री जोशी ने क्षतिग्रस्त सरोना-सुवाखोली मार्ग का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क पुनर्निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्रता से पूरा किया जाए।

भ्रमण के दौरान जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, अनुज कौशल, मंजीत रावत, पीएमजीएसवाई के मुख्य अभियंता संजय कुमार पाठक, तहसीलदार चमन सिंह, लोनिवि, सिंचाई, पेयजल, कृषि, उद्यान, पशुपालन सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आपदा पीड़ितों के लिए हैलीकॉप्टर से पहुंचाया राशन

## एसडीएम मुख्यालय अपूर्वा सिंह ने संभाली कमान, खाना पहुंचाने में जुटी टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** आपदा प्रभावित गांवों फुलेत और छमरौली में हैलीकॉप्टर के जरिए राशन पहुंचाया गया है। पिछले दिनों 12 किलोमीटर पैदल चलकर इन गांवों का दौरा करने वाले जिलाधिकारी सविन बंसल ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि जल्द ही राशन की व्यवस्था की जाएगी। इस वादे को पूरा करते हुए, डीएम ने युद्धस्तर पर राहत कार्य शुरू करवा दिया है।

करीब 1500 की आबादी वाले इन दोनों गांवों में सितंबर महीने का राशन नहीं पहुंच पाया था, जिससे ग्रामीण काफी परेशान थे। डीएम



सविन बंसल ने ग्रामीणों की परेशानियों को समझा और देहरादून लौटते ही तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से विशेष अनुमति लेकर हैलीकॉप्टर से राशन भेजने की व्यवस्था करवाई। इस महत्वपूर्ण कार्य में अपर सिटी मजिस्ट्रेट अपूर्वा सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जो हैलीकॉप्टर से खाद्यान्न भिजवाने के काम में लगी हुई हैं। वहीं, ग्राउंड जीरो पर स्पेशल तहसीलदार चमन सिंह को तैनात किया गया है।जो राशन प्राप्त करके उसे प्रभावितों तक पहुंचा रहे हैं। अपूर्वा सिंह ने बताया कि राहत कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए सभी अधिकारी आपस में तालमेल बनाकर काम कर रहे।यह कदम आपदा प्रभावितों के लिए एक बड़ी राहत बनकर आया है, जो मुश्किल हालातों में फंसे हुए थे।

## नया कार्यालय खोलकर विस्तार की घोषणा की

**देहरादून।** वैश्विक सॉफ्टवेयर-सॉल्यूशंस और डिजिटल इंजीनियरिंग सेवाओं की प्रदाता कंपनी, ह्यूज सिस्टिक कॉर्पोरेशन (एचएससी) ने उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में नए कार्यालय के उद्घाटन की घोषणा की है। यह विस्तार एचएससी की ग्राहक-केंद्रित सोच को दर्शाता है, जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में डिफेन्स क्षेत्र के ग्राहकों को व्यक्तिगत सेवाएं देना है। इस नए कार्यालय का उद्घाटन अजय गुप्ता, एसवीपी- ग्लोबल सेल्स एंड मार्केटिंग, मनोज मिश्रा, एवीपी-इंजीनियरिंग, प्रभात कुमार साहू, एवीपी-इंजीनियरिंग, संजीव दोसाज, एवीपी- एडमिनिस्ट्रेशन, संजय सरकार, सीनियर डायरेक्टर-सेल्स एंड बीडी और विनोद सूद, एमडी, ह्यूज सिस्टिक की उपस्थिति मं किया गया।

# सामूहिक पितृ तर्पण में पूर्वजों की स्मृति में श्रद्धापूर्वक आहुति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** सर्वपित्र अमावस्या और सर्व श्राद्ध के पावन अवसर पर विकासखंड प्रतापनगर के पट्टी उपली रमोली स्थित पंडरगांव में पहली बार सामूहिक पितृ तर्पण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राज्य आंदोलनकारी और पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवी सिंह पँवार के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने अपने पूर्वजों की स्मृति में श्रद्धापूर्वक आहुति दी। इस सामूहिक आयोजन ने न केवल गांव के सामाजिक और सांस्कृतिक वातावरण को नई दिशा दी, बल्कि लोगों को एकजुट होकर अपनी परंपराओं से जुड़ने का अवसर भी प्रदान किया।

रविवार को पंडरगांव पंचायत भवन में आयोजित इस पितृ तर्पण और पूजन कार्यक्रम का संचालन महान ज्योतिषाचार्य एवं संस्कृत विद्वान भोलाराम डिमरी शास्त्री तथा संस्कृत के आचार्य और प्रधानाचार्य दिवाकर प्रसाद पैन्यूली ने विधिवत मंत्रोच्चार और परंपरागत विधियों के साथ किया। पूजन और तर्पण के दौरान पूरा वातावरण धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा।

# यूकेएसएसएससी परीक्षा मे दून पुलिस की कड़ी निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) द्वारा आयोजित की जा रही स्नातक स्तरीय लिखित परीक्षा के लिए देहरादून पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। शहर के कुल 121 परीक्षा केंद्रों पर 40हजार से अधिक अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों पर पुलिस की कड़ी निगरानी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने खुद विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा कर सुरक्षा



व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा, परीक्षा केंद्रों के आसपास पुलिस की टीमें लगातार गश्त कर रही हैं ताकि किसी भी अवांछित गतिविधि को रोका जा सके।

परीक्षा में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों की प्रवेश से पहले सघन तलाशी ली गई। हर केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों से भी नजर रखी जा रही है। एसएसपी के अलावा, पुलिस अधीक्षक नगर/ऋषिकेश और विकासनगर ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में परीक्षा केंद्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। दून पुलिस का यह प्रयास एक पारदर्शी और निष्पक्ष परीक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# आपदाग्रस्त मझाड़ में एसडीएम हरिगिरी ने संभाला मोर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** बीते 15 सितंबर की रात्रि को देहरादून में आई आपदा के बाद, जिला मजिस्ट्रेट के निर्देश पर उप जिलाधिकारी (एसडीएम) सदर, हरिगिरी ने तुरंत आपदाग्रस्त क्षेत्र मझाड़ (कार्लीगाड) में मोर्चा संभाल लिया है। उनके नेतृत्व में, 19 वर्षीय स्थानीय निवासी अंकित कुमार, पुत्र मेहर सिंह, का शव बरामद कर लिया गया है, जिसके साथ ही मझाड़ में रेस्क्यू ऑपरेशन को पूर्ण घोषित कर दिया गया है।

एसडीएम हरिगिरी ने व्यक्तिगत रूप से बचाव और राहत कार्यों की निगरानी की। उनके मार्गदर्शन में, तीन पोकलैंड मशीनों और एक जेस. ीबी की मदद से मलबे को हटाने का काम तेजी से जारी है।इस आपदा में, अंकित कुमार के साथ-साथ एक गाय, एक बकरी और एक भेड़ का शव भी आज बरामद हुआ है। एक अन्य घटना में, तहसील सदर के तहसीलदार सुरेंद्र देव अधोइवाला ने भगत सिंह कॉलोनी का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया।एसडीएम हरिगिरी के त्वरित और प्रभावी नेतृत्व ने आपदा प्रभावित क्षेत्र में राहत और बचाव कार्यों को सुचारु रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी मदद मिली है।

# तीन पर्चे कैसे बाहर आए सरकार जवाब देः कांग्रेस

## प्रदेश के युवा बेरोजगारों को छलने का काम कर रही सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में एक बार फिर यूकेएसएसएससी पेपर लीक ने राज्य सरकार, उत्तराखंड अधीनस्थ चयन सेवा आयोग व उत्तराखंड के हवा हवाई दावों की आज पोल खुल गई । यह आरोप लगाते हुए उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस पेपर लीक को उत्तराखंड के बेरोजगार युवाओं के साथ सरकार की धोखाधड़ी मानती है और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के निर्देश पर सरकार यूकेएसएसएससी के फेल्यर के खिलाफ कल प्रदेश भर के जिला



मुख्यालयों में कांग्रेस युवा कांग्रेस व महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता सरकार व यूके ट्रिपल एससी के पुतले दहन करेगी।

धस्माना ने कहा कि जब अभ्यर्थियों को दिए गए प्रश्न पत्र के तीन पन्ने बीच परीक्षा के बाहर आ गए और जब परीक्षा समाप्त होने के बाद परीक्षार्थी बाहर आए तो ये तीन पर्चे अभ्यर्थियों को दिए गए पर्चे से हू बहू मेल खाए तो अभ्यर्थियों में खलबली मच गई और पूरे प्रदेश में आज परीक्षा दे रहे अभ्यर्थियों व अन्य बेरोजगार युवाओं में भरी आक्रोश व्याप्त हो गया है और राज्य की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी होने के नाते हम सरकार व यू के ट्रिपल एससी का राज्य में कोई भी परीक्षा पारदर्शी ना करवा पाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए इनके खिलाफ अब सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है क्योंकि यह राज्य के लाखों युवा बेरोजगारों का मामला है।

# भर्ती घोटालों में सत्ताधारी दल भाजपा के लोग शामिलः कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस महामंत्री नवीन जोशी ने परीक्षा से एक दिन पूर्व नकल माफिया और भाजपा नेता हाकम सिंह रावत की गिरफतारी पर एक बयान जारी करते हुए कहा कि भर्ती घोटाले में नकल माफिया भाजपा नेता हाकम सिंह की गिरफ्तारी ने एकबार फिर से साबित कर दिया है कि उत्तराखण्ड में विभिन्न विभागों की भर्तियों में जितने भी घोटाले हुए हैं उनमे सत्ताधारी दल भाजपा के लोग शामिल हैं जो राज्य के बेरोजगार और होनहार युवाओं का भविष्य चौपट करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि आखिर इस बात की जांच कब हो पायेगी कि भर्ती घोटाले में शामिल हाकम सिंह को सत्ताधारी दल के किन नेताओं का बरदहस्त प्राप्त है तथा उसका लोकसेवा आयोग जैसी भर्तियों में पेपर लीक कर नकल कराने का मकड़ जाल कहां तक फैला हुआ है। यह समझ से परे है कि पेपर लीक कर भर्ती घोटाला करने वाला हाकम सिंह जेल से बाहर आ जाता है तथा फिर से उसी साहस के साथ दूसरे भर्ती घोटाले के लिए पूरी तरह तैयारी करता है इससे यह भी स्पष्ट होता है कि हाकम सिंह को सत्ताधारी दल के उच्च स्तर के नेताओं का पूर्ण समर्थन है।

# ...फिर लीक हुआ रोजगार का सपनाः गरिमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक स्तरीय पटवारी भर्ती परीक्षा के दौरान एक बार फिर प्रश्नपत्र लीक होने का गंभीर मामला सामने आया है। इस पर उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने धामी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह घटना प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं के सपनों और भविष्य के साथ धामी सरकार का निर्मम मजाक है।

गरिमा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस का मानना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। वर्ष 2021-22 में भी कई भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक घोटाले उजागर हुए थे, जिनमें भाजपा से जुड़े नेता हाकम सिंह

**■ युवाओं के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़**

और उसके साथियों को जेल की सजा मिली थी। अब एक बार फिर उन्हीं चेहरों हाकम सिंह और पंकज गौड़ की गिरफ्तारी हुई है, जो साफ दर्शाता है कि भाजपा शासन में भ्रष्ट तंत्र और नकल माफिया आज भी बेरोकटोक फल-फूल रहे हैं।

गरिमा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि शायद जिस लिफाफे और जिस फाइल में नकल विरोधी कानून लिखा हुआ है वह अंदर से खाली है तभी इस तरह के दुर्दांत अपराधी जो प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं वह फल फूल रहे हैं? दसौनी ने अंदेशा जताते हुए कहा कि प्रश्न पत्र लीक जैसे बड़े अपराध को कोई तभी अंजाम दे सकता है जब शासन प्रशासन में बैठे हुए लोग उस नेक्सस के साथ जुड़े हुए हो दसौनी ने कहा कि इससे पहले भी आयोग के अध्यक्ष एस राजू को इस्तीफा देना पड़ा था। गरिमा ने मांग करी है कि आज की परीक्षा निरस्त करी जाए, पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच उच्च न्यायालय के किसी वर्तमान न्यायाधीश से कराई जाए, आयोग को तत्काल भंग कर उसकी जगह निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती बोर्ड का गठन हो, दोषी अधिकारियों और भाजपा संरक्षित नकल माफिया के खिलाफ कठोरतम दंड सुनिश्चित किया जाए।

# बजरंग दल व विहिप ने नवरात्र तक मीट की दुकानों को बंद रखने की मांग की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** बजरंग दल और विहिप ने नवरात्र तक मीट की दुक. ानों को पूर्ण रूप से बंद रखने की मांग की है। उनका कहना है कि नवरात्र में मां दुर्गा की आराधना होती है। ऐसे में मांस की बिक्री न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करती है, बल्कि सामाजिक सौहार्द भी प्रभावित करती है।

शनिवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए बजरंग दल और विहिप के पदाधिकारियों ने कहा कि नवरात्र पर श्रद्धालु उपवास रखते हैं। मंदिरों में विशेष आयोजन होते हैं। ऐसे समय में क्षेत्र में खुलेआम मीट की बिक्री होना हिन्दू समाज के लिए पीड़ा का विषय है। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस अवधि में मीट की दुकानों को बंद रखने का आदेश जारी किया जाए। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन इस मामले में ठोस कदम नहीं उठाता तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों के समय मांस की बिक्री पर रोक लगाना शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला संयोजक शेखर बंसल, जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख यश यादव, जिला गौशाला प्रमुख आयुष, जिला सुरक्षा प्रमुख प्रदीप कुमार, प्रखंड गौ रक्षक प्रमुख अमन पांचाल, प्रखंड अध्यक्ष हरबर्टपुर विपिन, आर्यन सिंघल, तुषार चौहान, प्रेम चौधरी, नीतीश मित्तल आदि मौजूद रहे।

# गुलदार की दहशत से सहमे महर गांव के लोग

## दिनदहाड़े महिलाओं पर झपट पड़ा गुलदार, शोर मचने पर जंगल की ओर भागा

**■ ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाने और गश्ती बढ़ाने की उठाई मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भिलंगना ब्लॉक के हिंदाव क्षेत्र के महर गांव मल्ला में गुलदार की सक्रियता से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बीते शुक्रवार को गांव के पास ही दिनदहाड़े गुलदार ने दो महिलाओं पर हमला करने का प्रयास किया। अचानक हुए इस हमले से लोग भयभीत हो गए। हालांकि, महिलाओं के शोर मचाने पर गुलदार जंगल की ओर भाग खड़ा हुआ, लेकिन उसकी धमक से गांव में खौफ का साया गहराता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अब दिन के उजाले में भी घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।



महर गांव गुलदार की घटनाओं से पहले भी जूझ चुका है। पिछले वर्ष इसी गांव में गुलदार ने तीन बच्चों को अपना शिकार बनाया था। उस समय हालात इतने गंभीर हो गए थे कि वन विभाग को विशेष गश्त तैनात करनी पड़ी थी। पिंजरे लगाए गए और अंततः शूटर की मदद से गुलदार को मार गिराया गया था।

इसके बावजूद एक बार फिर गुलदार की सक्रियता ने लोगों की नींद उड़ा दी है।

शुक्रवार को हुई ताजा घटना ने ग्रामीणों की चिंता और बढ़ा दी है। महिला शांति देवी और सुनीता देवी जब गांव के पास घास काट रही थीं, तभी गुलदार झपट पड़ा। अचानक हुए हमले के बाद दोनों महिलाओं ने हिम्मत दिखाते हुए जोर-जोर से शोर मचाया, जिसके बाद गुलदार जंगल की ओर लौट गया। घटना के बाद से पूरे गांव में भय का माहौल है।

जिला पंचायत सदस्य विक्रम घनाता ने बताया कि गुलदार की लगातार मौजूदगी से खासकर महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। वे रोजमर्रा के काम के लिए बाहर निकलने से डरने लगे हैं। घनाता ने बताया कि उन्होंने डीएफओ टिहरी को पत्र भेजकर गांव में पिंजरा लगाने और गश्ती दल तैनात करने की मांग की है, ताकि ग्रामीण सुरक्षित महसूस कर सकें और इस समस्या से निजात मिल सके।

# छात्रसंघ चुनाव : गढ़वाल विवि में 5 पदों पर 10 प्रत्याशी मैदान में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में आगामी 27 सितंबर को होने वाले छात्र संघ चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा हो गयी है। प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों के जांच के बाद छात्र संघ के मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. एचसी नैनवाल ने नामों की घोषणा कर दी है। अब चुनाव में पांच पदों पर 10 प्रत्याशी मैदान में रहकर अपनी ताकत आजमाएंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. एचसी नैनवाल ने बताया कि अध्यक्ष पद पर तीन नामांकन पत्र प्राप्त हुए थे। जिसमें नामांकन पत्रों के जांच के बाद लिंगदोह समितियों के नियमानुसार अधिक आयु पाए जाने पर अध्यक्ष पद से निर्भय कुमार और सहसचिव पद से पीरा राम का नामांकन पत्र निरस्त किया गया है। अब अध्यक्ष पद पर विद्यार्थी परिषद से महिपाल बिष्ट और जय हो छात्रसंगठन से शिवांश डोभाल के बीच टक्कर होगी। प्रो. नैनवाल ने बताया कि उपाध्यक्ष पद पर छात्रम के अभिषेक घिल्डियाल और आइसा के शिवांक नौटियाल चुनावी मैदान में उतरेंगे। सचिव पद पर आर्यन छात्र संगठन के आयुष पुरोहित और एनएसयूआई के मोहित राणा चुनावी मैदान में टक्कर देंगे। कार्यकारिणी सदस्य में पीयूष नौटियाल और सुधांशु कुमार झा, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर अनमोल सिंह जायड़ा और शौर्य विकास उपाध्याय, छात्रा प्रतिनिधि पद पर निशा और विद्यार्थी परिषद की विदिशा सिंह चुनावी मैदान में रहेगी।

### पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार स्थित प्रेम आश्रम में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के जन्मदिवस समारोह में की सहभागिता

# आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण में सतपाल महाराज का योगदान अनुकरणीय : मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हरिद्वार स्थित प्रेम आश्रम में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सतपाल महाराज को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन के लिए बाबा केदारनाथ और भगवान बद्रीविशाल से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को नवरात्रि पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं और कहा कि यह शक्ति की उपासना का पर्व हम सभी को नई ऊर्जा, भक्ति और सेवा भावना प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि "आज का यह भव्य आयोजन महाराज जी के प्रति जनता के स्नेह, श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने अपने कार्यों द्वारा समाज में जो आध्यात्मिक चेतना, सेवा और लोककल्याण का संदेश प्रसारित किया है, उसने जनमानस के हृदय में गहरी छाप छोड़ी है।"

मुख्यमंत्री ने कहा कि सतपाल महाराज ने राजनीति के साथ-साथ समाजसेवा, संस्कृति संरक्षण और उत्तराखण्ड राज्य निर्माण जैसे ऐतिहासिक आंदोलनों में सक्रिय योगदान दिया है। उनका जीवन सेवा, त्याग और परोपकार की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार में वरिष्ठ मंत्री के रूप में महाराज जी ने पर्यटन, संस्कृति और तीर्थाटन के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है। चारधाम यात्रा, मानसखंड कॉरिडोर और अन्य तीर्थ स्थलों के पुनरुत्थान के क्षेत्र में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके प्रयासों से उत्तराखण्ड को बेस्ट एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन और राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार जैसे गौरवपूर्ण सम्मान प्राप्त हुए हैं।



मुख्यमंत्री श्री धामी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों को बधाई दी और उपस्थित सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे सतपाल महाराज जी के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा, आस्था और राष्ट्रनिर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, विधायक रुड़की प्रदीप बत्रा, विधायक रानीपुर आदेश चौहान, विधायक पुरोला दुर्गेश लाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, राज्य मंत्री राकेश गिरी, ओम प्रकाश जमदग्नि, राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी, जिलाध्यक्ष भाजपा आशुतोष शर्मा, संगठन महामंत्री अजय कुमार, पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री अमृता रावत, सुयश महाराज, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत-महात्मा, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और सामाजिक सेवा गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं।

# पितृ अमावस्या पर धर्मनगरी में श्रद्धालुओं ने किया श्राद्ध तर्पण

## असम के मुख्यमंत्री डा. हिमंत बिस्वा सरमा ने नारायणी शिला में किया श्राद्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार। पितृ अमावस्या के अवसर पर रविवार को धर्मनगरी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमडी। हरकी पैडी सहित विभिन्न गंगा घाटो पर तड़के ही गंगा स्नान के लिए जुट श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण और पूजा-अर्चना की। श्राद्ध पक्ष के अंतिम दिन पितृ विसर्जनी अमावस्या पर गंगा जल से आचमन कर श्रद्धालुओं ने पितरों को स्मरण करते हुए मंत्रोच्चारण के बीच पिंडदान और पर्तण विधि पूरी की। पितरों के निमित्त कर्मकांड संपन्न कराने के लिए नारायणी शिला, कुशा घाट, सतीघाट, गणेश घाट, बिरला घाट, हरकी पैड़ी सहित तमाम घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। असम के मुख्यमंत्री डा. हिमंत बिस्वा



सरमा भी श्राद्ध कर्म करने के लिए नारायणी शिला पहुंचे। नारायणी शिला में उन्होंने अपने पुरोहित के माध्यम से पूर्ण विधि विधान से श्राद्ध कर्म संपन्न किया। पितृ विसजर्नी अमावस्या पर सभी ज्ञात अज्ञात पितरों, प्रेत योनि, पितृ दोष व अन्य विकारों से मुक्त होने के लिए नारायणी शिला पर पूजा अर्चना किए जाने का विधान है। इसी मान्यता के चलते सवेरे ब्रह्म मुहूर्त से ही नारायणी शिला पर हजारों की भारी भीड़ रही। भीड़ को संभालने के लिए पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे। बीती रात से ही मंदिर क्षेत्र को जीरो जोन कर पुलिस बल तैनात किया गया था।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का किया स्वागत

# भाजपा को सबक सिखाएगी 2027 के चुनाव में जनता : यशपाल आर्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कांग्रेस प्रदेश सचिव सुनीता सिंह के ज्वालापुर स्थित आवास पर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। यशपाल आर्य ने सुनीता सिंह के पति हरकमल सिंह का कुशलक्षेम जाना और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर यशपाल आर्य ने कहा कि बीजेपी झूठ और वोट चोरी के बल पर सरकार बनाती है। इस बार 2027 का चुनाव कांग्रेस और जनता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। जनता बीजेपी को सबक सिखाकर रहेगी। कोई भी चुनाव हो बीजेपी उसमें अपने कार्यों से नहीं बल्कि वोट चोरी या लोगों को डरा



धमकाकर जीत हासिल करती है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का वोट चोर गद्दी छोड़ नारा जनता का नारा बन गया है। सवाल चुनाव आयोग से करो तो जवाब बीजेपी देती है। बीजेपी चुनाव आयोग को बचाने के लिए सामने आती है। जनता बीजेपी को अब सबक सिखाएगी। प्रदेश सचिव सुनीता सिंह ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के कार्यकर्ताओं से मिलने से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ता है। इस अवसर पर अशोक शर्मा, अनुसूचित विभाग जिलाध्यक्ष तीर्थपाल रवि, पार्षद सुनील कुमार, पुनीत कुमार, बालेश्वर सिंह, प्रियव्रत, वरुण बालियान, मंजू सिंह, नेपाल सिंह, मंजीत नौटियाल, चौधरी बलजीत सिंह, सीपी सिंह, बीएस तेजियान, अंकित चौहान, जयपाल सिंह दाबडे, सन्नी कपूर, दिव्यांश राणा, अतर सिंह राठौड़, अमनदीप सिंह, सोनू दाबडे, पुनीत मांगा, सतीश दाबडे, सुनील कश्यप, रमेश कश्यप, अनिल भास्कर, इरशाद अली, नेपाल सिंह, दिनेश पुंडीर, हरद्वारी लाल, हिमांशु बहुगुणा, सुखपाल जायसवाल, सुनील कश्यप, रमेश कश्यप, सुरेश जोबरा, दीपक कश्यप, शेखर धीमान, गीता खुराना आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# महिला के कुंडल छीनकर फरार स्नैचर 24 घंटे में गिरफ्तार

## शहर में चेन स्नैचर गैंग सक्रिय, लगातार वारादातों से दहशत, एक हफ्ते के भीतर चार घटना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में दिन दहाड़े महिला के कान से कुंडल छीनन कर फरार होने वाले बाइक सवार युवक को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर दबोचने में सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को सीज कर दिया है। ज्वालापुर कोतवाली वरिष्ठ उप निरीक्षक खेमेन्द्र गंगवार ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर क्षेत्र की एक महिला दीप्ती रावत पत्नी सुरेन्द्र रावत निवसी गढवाल एन्कलेव रामान्द इन्सिट्यूट के पास ज्वालापुर हरिद्वार अपने बच्चो को स्कूल लेने जा रही थी। एक व्यक्ति द्वारा महिला का पीछा कर रहा था और महिला पर नजर रखी हुई थी। महिला बच्चो को लेकर पैदल घर जा रही थी तो एक



मोटर साईकिल पर सवार व्यक्ति ने पीछे से झपट्टा मारकर महिला के कान से उसके कुण्डल छिन रफू चक्कर हो गया। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक सवार व्यक्ति खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने घटना का खुलसा करने के लिए निर्देश दिए। थाना क्षेत्रांतर्गत अलग अलग टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वार घटना स्थल सीसीटीवी कैमरे चैक करते हुए आस पास के लोगो से भी पूछताछ की गयी। क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया शनिवार रात को थाना ज्वालापुर पुलिस टीम द्वारा नहर पटरी पर वाहन चौकिंग के दौरान एक मोटर साईकिल सवार व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया जो पुलिस को देखकर मोटर साईकिल वापस मोडकर भागने का प्रयास करते हुए मोटर साईकिल से गिर गया। पुलिस टीम ने आरोपी को नहर पटरी ज्वालापुर से पकड लिया। कोतवाली लाकर पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नसरत पुत्र खलील निवासी इक्कड कला थाना पथरी हरिद्वार बताया है। आरोपी ने पुलिस पूछताछ कबूला दोपहर के वक्त जब महिला अकेले पैदल जा रही थी तो मौका देखकर मैने उसके कान से कुण्डल छिन कर बाइक से भाग गया था। पुलिस ने आरोपी के पास से 2 कुण्डल पीली धातू (छिने हुए) व घटना में प्रयुक्त बाइक स्पलेण्डर प्लस रंग सिल्वर को सीज कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में उ.नि. देवेन्द्र चौहान, हे.का. हिमेश, कां. दिनेश, कां. रोहित बरोडिया, कां. मनोज डोभाल शामिल रहे।

## जिले में 12ए480 अभ्यर्थियों ने दी स्नातक स्तरीय परीक्षा

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड अधीनस्थ चयन सेवा आयोग की ओर से विभिन्न विभागों के स्नातक स्तरीय पदों के लिए रविवार को लिखित परीक्षा आयोजित की गई। जिले में कुल 46 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें रुद्रपुर व किच्छा में 22, खटीमा में 9 और काशीपुर में 15 केंद्र शामिल थे। पंजीकृत 18,316 अभ्यर्थियों में से 12,480 ने परीक्षा दी, जबकि 5,836 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश से पहले चेकिंग की गई और फिर उन्हें कक्ष में प्रवेश दिया गया। एसडीएम मनीष बिष्ट ने बताया कि जिले के सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### गुरुकुल कांगड़ी के प्रो. डा. हरीशचंद्र ने पाया

# विश्व के शीर्ष दो फीसदी वैज्ञानिकों की सूची में स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** गुरुकुल कांगड़ी विवि के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के सहायक प्रोफेसर डा. हरीशचंद्र ने लगातार तीसरे वर्ष स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी अमेरिका और एल्सेवियर द्वारा जारी की गई विश्व के शीर्ष 2 फीसदी वैज्ञानिकों की सूची में स्थान प्राप्त किया है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की यह सूची वैज्ञानिकों के शोध कार्यों और उनके वैश्विक प्रभाव का आकलन करने वाली सबसे प्रतिष्ठित सूचियों में से एक है। इसमें वैज्ञानिकों को उनके उद्धरण, एच-इंडेक्स, एचएम-इंडेक्स और रिसर्च इम्पैक्ट स्कोर जैसे विभिन्न मानदंडों के आधार पर शामिल किया जाता है। इस सूची में स्थान पाना किसी भी वैज्ञानिक के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता का प्रमाण होता है। डा. हरीशचंद्र का चयन बायोमेडिकल रिसर्च क्षेत्र में हुआ है। विशेष रूप से उन्हें औषधीय एवं जैव आण्विक रसायन विज्ञान उपक्षेत्र में स्थान प्राप्त हुआ है। उनका विश्व रैंक 233393 तथा उपक्षेत्र में 1003वां स्थान दर्ज किया गया है।



### मौलाना मोहम्मद आरिफ तीसरी बार चुने गए जमीयत उलेमा उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष

# निर्धन परिवारों के बच्चों की शिक्षा के लिए करेंगे काम : मौ. आरिफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ईदगाह रोड ज्वालापुर स्थित मदरसा अरबिया दारुल उलूम रशीदिया में संपन्न हुए जमीयत उलेमा उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में मौलाना मोहम्मद आरिफ अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। जमीयत के दिल्ली कार्यालय से आए पदाधिकारियों की देखरेख और मास्टर साजिद हसन के संचालन में निर्विरोध और सर्वसम्मति से संपन्न हुए चुनाव में मौलाना मोहम्मद आरिफ लगातार तीसरी बार जमीयत उलेमा उत्तराखड के अध्यक्ष चुने गए हैं। अध्यक्ष चुने जाने पर सभी ने फूलमाला पहनाकर मौलाना मौहम्मद आरिफ का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

मौलाना मोहम्मद आरिफ ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुस्लिम समाज के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि गरीब और निर्धन परिवारों के बालक-बालिकाओं की शिक्षा के लिए विशेष काम किया जाएगा। हिंदू-मुस्लिम एकता बनाए रखने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए सभी को मिलजुल कर काम करना होगा। उन्होंने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि देश के प्रति समर्पित भावना से काम करें, नशे से दूर रहें और समाज में भाईचारा और सौहार्द बनाए रखें।



मौलाना मुफ्ती रजी कासमी, मौलाना अब्दुल रईस और कारी मोहम्मद खालिद ने मौलाना मोहम्मद आरिफ को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मौलाना आरिफ ने हमेशा हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे का संदेश दिया है। मास्टर साजिद हसन ने कहा कि मौलाना मोहम्मद आरिफ सर्वसम्मति से तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष चुने गए है। उन्होंने कहा कि मौलाना आरिफ लगातार समाज में भाईचारे और समझदारी का संदेश फैला रहे हैं। उन्होंने सभी से समाज की तरक्की और एकता में योगदान देने की अपील की। मौलाना रज्जाक अब्दुल कादिर, मौलाना अरशद, मुफ्ती हसीन, मौलाना अली हसन, कारी शमीम सहित अन्य मौलानाओं ने भी मौलाना मौहम्मद आरिफ को शुभकामनाएं दी।

इस दौरान मौलाना मुफ्ती रजी कासमी, मौलाना अब्दुल मुईद, कारी मोहम्मद खालिद, उत्तराखंड राज्य से मौलाना मासूम प्रधान, रज्जाक अब्दुल कादिर, मौलाना हारून, मौलाना अरशद, कारी शमीम, मौलाना अली हसन, मुफ्ती हसीन, दारूल उलूम देवबंद के मौलाना सलमान बिजनौरी सहित सैकड़ों मौलाना उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव संपन्न

### प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भेल सेक्टर-2 स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में तीन दिवसीय क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव रविवार को संपन्न हो गया। संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से आयोजित महोत्सव में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।समापन समारोह की अध्यक्षता विद्या भारती के मंत्री डा.रजनीकांत शुक्ल ने की। क्षेत्रीय संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू, मुख्य वक्ता ब्रज प्रदेश के प्रांतीय संगठन मंत्री हरिशंकर, मुख्य अतिथी उत्तराखंड सरकार के राज्य मंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि मौजूद रहे। समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विजेता अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। रजनीकांत शुक्ली ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर का आधार है, जो हमें हमारे मूल्यों से जोड़ती है। मुख्य वक्ता हरिशंकर ने संस्कृत के शास्त्रों और साहित्य में निहित ज्ञान की गहराई पर प्रकाश डाला और इसे आधुनिक शिक्षा में शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा संस्कृत का अध्ययन हमें न केवल बौद्धिक रूप से समृद्ध करता है बल्कि नैतिकता और जीवन मूल्यों को भी सुदृढ़ करता है। मुख्य अतिथि



ओमप्रकाश जमदग्नि ने उत्तराखंड सरकार की ओर से संस्कृत और संस्कृति के संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी रहे। प्रतियोगिताओं में कथा कथन में सरस्वती विद्या मंदिर साहिबाबाद मेरठ प्रांत ने प्रथम स्थान, कला में अहिल्याबाई दृष्टि मंडल सरस्वती विद्या मंदिर नोएडा मेरठ प्रांत प्रथम स्थान, अंताक्षरी में सरस्वती विद्या मंदिर रानीपुर हरिद्वार, गीत में दिशिता गुप्ता सरस्वती विद्या मंदिर शास्त्री नगर मेरठ प्रथम स्थान, कथा कथन में सृष्टि सरस्वती शिक्षा मंडल सेरा जन शिक्षा उत्तराखंड प्रथम स्थान, कला (कमल का फूल) लवली गौर सरस्वती शिशु मंदिर सिकंदराबाद बुलंदशहर मेरठ प्रथम स्थान, तात्कालिक भाषण शिवांग पाराशर सरस्वती विद्या मंदिर कमला नगर आगरा प्रथम स्थान, तात्कालिक भाषण रेणुका सिंह सरस्वती विद्या मंदिर रुड़की उत्तराखंड, आचार्य पत्र वाचन हेमलता रावत सरस्वती विद्या मंदिर साहिबाबाद मेरठ प्रांत प्रथम स्थान प्राप्त किया। समारोह के अंत में क्षेत्रीय संयोजक यशपाल सिंह ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कल्पवृक्ष के समान है श्रीमद् भागवत कथा : हरिचेतनानंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा कल्पवृक्ष के समान है। जिससे सभी इच्छाओं को पूर्ण किया जा सकता है। ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी स्वत:प्रकाश की 40वीं पुण्य तिथी के अवसर पर भूपतवाला स्थित स्वत: मुनि उदासीन आश्रम चैरिटेबल ट्रस्ट में आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी सुरेश मुनि के संयोजन में आयोजित श्रीमदभागवत कथा का श्रवण कराते हुए कथाव्यास स्वामी हरिचेतनानंद ने कहा कि अन्य युगो में पुण्य प्राप्ति के लिए जहां अनेक यत्न करने पड़ते थे। वहीं कलियुग में श्रीमद भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही अक्षय पुण्य फल की प्राप्ति हो जाती है। कथा के प्रभाव से अधोगति में पड़े पितरों को भी मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता इस बात है कि कथा से मिले ज्ञान को आचरण में धारण किया जाए। महामंडलेश्वर स्वामी सुरेश मुनि ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा परम कल्याणकारी है। गंगा तट पर संत महापुरूषों के सानिध्य में श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने का अवसर सौभाग्य से प्राप्त होता है। इसलिए इस अवसर को कभी गंवाना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी को श्रीमद भागवत कथा का आयोजन और श्रवण अवश्य करना चाहिए। कथा के मुख्य यजमान लता जगदीश गर्ग, जगदीश मुकुंदलाल गर्ग, रोहित कुमार गर्ग एवं गर्ग परिवार ने सभी संतों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

**सूचना (खोया-पाया)**

मैं जूही सिंह पत्नी सतीश कुमार सिंह ये सूचित करती हूँ कि मेरी सम्पत्ति जो की औद्योगिक भूखंड संख्या 16बी, खसरा संख्या 185, ग्राम-बेगमपुर, परगना-रूड़की, हरिद्वार में स्थित है। जिसकी एक श्रृंखला खो गयी है जिसकी रजिस्ट्री बहि नंबर -1 जिल्द 2676 पृष्ठ 123 से 164 दस्तावेज नंबर 3064 दिनांक 12/04/2016 को कार्यालय हरिद्वार में दर्ज और मैं इस सम्पति पर भारतीय स्टेट बैंक रानीपुर SME ब्रांच से लोन ले रही हूँ। जिसमे यह सम्पति बंधक रखी जायेगी। अगर इस से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 7 दिन के भीतर संपर्क करे।

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अमित कुमार मेरे कहने सुनने में नहीं हैं। जिस कारण मैंने अपने पुत्र अमित कुमार को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुये संबंध विच्छेद कर दिये हैं। भविष्य में अमित कुमार के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, लेनदेन व व्यवहार के लिये मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होंगे।
राधेश्याम धीमान पुत्र स्वर्गीय श्री सोमदत्त धीमान निवासी गली नं-9ए सुभाषनगर ज्वालापुर, थाना ज्वालापुर, जिला हरिद्वार

# नेपाल के हालात पर नेपाली संतों ने जताई चिंता, भारत से सहयोग की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नेपाल के ताजा हालात पर गहरी चिंता जाहिर करते हुए नेपाल से पधारे संतों के प्रतिनिधि मंडल ने योगी दीदार नाथ के नेतृत्व में महंत आलोक गिरी महाराज से भेंटवार्ता कर सहयोग की मांग की। आलोक गिरी महाराज ने अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविन्द्र पुरी से भेंटवार्ता स्थिति से अवगत कराने की बात कही। गौरतलब है कि नेपाल से पधारे संतों के प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को रविवार को श्री बालाजी धाम सिद्धबलि हनुमान नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, जगजीतपुर के महंत आलोक गिरी से भेंटवार्ता कर ताजा घटनाक्रम से अवगत कराया। इस मौके योगी दीदार नाथ ने बताया कि नेपाल में सनातन धर्म की भारी क्षति हुई है। उपद्रवियों ने गुरु मछेन्द्र नाथ के रथ को जलाने का प्रयास किया। पशुपति नाथ महादेव मंदिर पर भी हमले की साजिश रची। लेकिन सफल नहीं हो सके। अब नेपाल को सहयोग की आवश्यकता है। वें भारत लोगों से सहयोग की अपील के लिए आये है। महंत आलोक गिरी महाराज ने भारत में नेपाल से ज्यादा नेपाली समुदाय के लोग रहते हैं। उनकी मदद करना हम सबकी जिम्मेदारी है। जल्द ही इस विषय में ठोस निर्णय लिया जाएगा। इसके लिए संतों का प्रतिनिधि मंडल अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष एवं मंशा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रविन्द्र पुरी से भेंटवार्ता कर स्थिति से अवगत करायेंगे और सहयोग के लिए आग्रह करेंगे। बैठक में योगी बसंत नाथ, मणिराज पुरी, योगी आनंद नाथ, शिवरात्रि गिरी, मोतीराम बाबा, अर्जुन भंडारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# पुष्प वाटिका व परशुराम तपस्या लीला का मंचन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** बड़ी रामलीला के रंगमंच पर पुष्प वाटिका व परशुराम विन्ध्याचल तपस्या का मंचन किया गया। रामलीला में दिखाया गया कि राजा जनक ने विश्वामित्र के साथ आये भगवान श्रीरामचंद्र व लक्ष्मण को जनकपुरी में सीता स्वंयमबर मे आमंत्रित किया। श्रीराम व लक्ष्मण का पुष्प वाटिका भ्रमण तथा पुष्प वाटिका में सखियों के साथ माता सीता के गौरी पूजन के दृश्य को दर्शकों की खूब सराहना मिली। विंध्याचल पर्वत पर परशुराम तपस्या के दृश्य ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। लीला का संचालन कर रहे डा.संदीप कपूर तथा विनय सिंघल ने अतिथियों का स्वागत किया।

श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष वीरेन्द्र चड्ढा, ट्रस्ट के मंत्री रविकांत अग्रवाल, कमेटी के महामंत्री महाराज कृष्ण सेठ, कोषाध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल, ऋषभ मल्होत्रा, विशाल गोस्वामी, राहुल वशिष्ट, अंजना चड्ढा, पवन शर्मा, दर्पण चड्ढा, मनोज बेदी, सुनील वधावन, विकास सेठ, महेश गौड़, सुरेन्द्र अरोड़ा, गोपाल छिब्बर, कन्हैया खेवडिया, नीरज भसीन, अनिल सुखीजा ने रामलीला की व्यवस्थाएं बनाने में योगदान किया।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**डी. एस. वर्मा**
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
मो.: 9411100741

# डीएम ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

## नागणी, गेहना, कुंड व बनाली गांवों में नुकसान का लिया जायजा, प्रभावितों को मिली राहत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** रविवार को धनोल्टी विधायक प्रीतम सिंह पंवार और जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने चंबा ब्लॉक के नागणी क्षेत्र में आपदा प्रभावित गांवों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों ने ग्राम गेहना, कुंड और ग्रामसभा बनाली में आपदा से प्रभावित घरों और सड़कों की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने जानकारी दी कि गांव में चार मकानों के पुस्ते ढह गए हैं। इस पर विधायक और जिलाधिकारी ने मौके पर ही प्रभावित भादी देवी को राहत चेक प्रदान किया। इसी तरह जिजली गांव की सोनी देवी का मकान पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होने की पुष्टि पर उनके पुत्र को भी राहत चेक दिया गया। स्थानीय लोगों ने अधिकारियों को गांव का रास्ता टूटने और पानी की किल्लत के बारे में भी बताया। इस पर जिलाधिकारी ने तुरंत समाधान के निर्देश दिए। जिजली गांव की कौशल्या देवी के इलाज के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. श्याम विजय को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। वहीं, पशुओं के चारे की समस्या निपटाने के लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. डी.के. शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई। विस्थापन की जरूरत वाले परिवारों के लिए भूमि चिन्हित करने का कार्य पटवारी हेमंत भट्ट को सौंपा गया।

स्थानीय ग्रामीणों ने कानीघाट में पुल और मार्ग क्षतिग्रस्त होने की समस्या भी उठाई। इस पर विधायक और जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम धनोल्टी मंजू राजपूत, पीएमजीएसवाई टिहरी और चंबा के अधिशासी अभियंता गणेश प्रसाद नौटियाल और शिव. राम जगुरी, पटवारी हेमंत भट्ट समेत स्थानीय ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# सीडीओ ने किया डांडा देवराणा पैदल ट्रैक रूट का निरीक्षण

## तियाँ गांव में मशरूम यूनिट का हुआ शुभारम्भ, ग्रामीणों को मिलेगा रोजगार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** मुख्य विकास अधिकारी एस एल सेमवाल ने विकासखण्ड नौगांव के मुंगरसन्ति क्षेत्र पंहुचकर दो किमी दूर तियां से डांडा देवराणा पैदल ट्रेक रूट का निरीक्षण कर मंदिर का दर्शन किया। रविवार को मुख्य विकास अधिकारी ने स्थानीय लोगों के साथ देवराणा मंदिर में मुलाकात कर देवराणा घाटी को धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से जोड़ने का आश्वासन दिया।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि देवराणा रूद्रेश्वर महादेव मंदिर देवदार के संघन वन में जहां आषाढ मास में 65गांव का मेला आयोजित होता और अब इस क्षेत्र को पर्यटन से जोड़ने की कवायद शुरू की जायेगी । जिसके लिये पैदल ट्रेक मार्ग का भी निर्माण गतिमान है। देवराणा घाटी में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं जहां देवदार के संघन वन है और सैकड़ों सेब के बागवान हैं,मुख्य विकास अधिकारी ने इसी संबध में वहां पर उपस्थित लोगों के विचार और सुझाव मांगे । इस दौरान क्षेत्र वासियों ने रूद्रेश्वर महादेव के बारे में विस्तृत जानकारी दी । मुख्य विकास अधिकारी एस एल सेमवाल ने कहा कि पर्यटन के रूप में विकसित रवांई घाटी के सैकड़ों गांव लाभान्वित की दिशा जहां एक ओर अग्रसर होगें, वहीं इस क्षेत्र में बागवानी बड़े पैमाने पर मजबूत होगी । तत्पश्चात लुदरोगी में सेब के बगीचों का निरीक्षण किया । इसके अलावा तियां में विभिन्न समूहों की महिलाओं को मुख्यमंत्री पलायन के तरफ से चलाये जाने वाले स्वरोजगार को जोड़ने के लिए मशरूम यूनिट का भी शुभारंभ किया। जिससे स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

# डीएम ने आपदा प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा

## डीएम ने डोडी ताल ट्रेक मार्ग मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिलाधिकारी प्रशान्त आर्य ने अधिकारियों के साथ आपदा से क्षतिग्रस्त गंगोरी-अगोड़ा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। रविवार को जिलाधिकारी ने भटवाडी ब्लॉक के चिंवा, नौगांव, डिंगला पुल, संगमचट्टी, गजोली गांव के समीप एवं गियांगाड़ का निरीक्षण करते हुए आपदा से क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग के सुधारीकरण और मोटर पुलों के सुरक्षात्मक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के साथ ही समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ कार्य करने के निर्देश पीएमजीएसवाई को दिए।

जिलाधिकारी ने प्रसिद्ध पर्यटक स्थल डोडीताल की आगामी यात्रा के दृष्टिगत संगमचट्टी और अगोड़ा से डोडीताल ताल तक के ट्रेक मार्ग का भौतिक परीक्षण कर मरम्मत कार्यों की आवश्यकता का आंकलन करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन विकास अधिकारी एवं प्रभागीय वनाधिकारी को संयुक्त टीम गठित कर ट्रेक मार्ग का निरीक्षण करने के उपरांत शीघ्र मरम्मत कार्य शुरु कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने पीएमजीएसवाई को सड़क मार्ग को आवागमन के लिए सुरक्षित और सुगम बनाने के निर्देश दिए। तथा आम जनमानस की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि का ध्येय रखते हुए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरतने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पर्यटन विकास अधिकारी केके जोशी,अपर सहायक अभियंता पीएमजीएसवाई शिवराज रावत, सहायक अभियंता शार्दूल असवाल, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शार्दूल गुसाई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चलाया सफाई अभियान

**विकासनगर।** नगर पालिका अध्यक्षा नीरू देवी एवं पालिका स्वास्थ्य निरीक्षक जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में वार्ड नंबर 7 टी स्टेट मुख्य मार्ग पर स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम सीटीयू के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया। वार्ड नंबर 5 रामबाग अंतर्गत सेठाराम सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल एवं वार्ड नंबर 4 आसनबाग स्थित जिम पार्क में फलदारा व फूलदार पौधों का रोपण किया गया। इन कार्यक्रमों में पालिका अध्यक्ष नीरू देवी, सुरजीत सिंह बग्गा सभासद वार्ड नंबर 2, राजेंद्र पटेल सभासद वार्ड नंबर 5, आदि के द्वारा सफाई व पौधा रोपण कार्य में प्रतिभाग किया गया।

# धोखाधड़ी व साइबर ठगी के प्रकरणों में दिखाएं तेजी: कोंडे

## पुलिस कार्यालय सभागार में अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** पुलिस विभाग के तत्वाधान में अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें में एसपी ने केदारनाथ धाम यात्रा की द्वितीय चरण की यात्रा को सकुशल संपंन कराने के लिए संबंधित प्रभारियों को निर्देशित किया।



पुलिस कार्यालय सभागार में आयोजित गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे ने थानावार लम्बित अपराधों की समीक्षा करते हुए धोखाधड़ी व साइबर ठगी के प्रकरणों में टीमें गठित कर रवाना किये जाने के निर्देश दिए। सात वर्ष या इससे अधिक की सजा वाले अभियोगों में अनिवार्य रूप से फील्ड यूनिट की विजिट कराने, अपराधों के अनावरण में नेटग्रिड सहित नवीन तकनीकों का अधिकाधिक उपयोग किए जाने, उत्तराखण्ड पुलिस एप में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निराकरण, मोटर वाहन अधिनियम के तहत प्रभावी कार्यवाही किए जाने, पुलिस कार्मिकों को जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने, थाना प्रभारियों को बाहरी व्यक्तियों, फड़-फेरी वालों, मजदूरों, किराएदारों के अधिक से अधिक सत्यापन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एसपी ने गुमशुदाओं की ढूंढखोज व अज्ञात शवों की शिनाख्त के लिए प्रचलित अभियान के तहत कार्यवाही करने, थाने चौकियों के कार्यालयों, वाहनों पर लगी एमडीटी पर आने वाली सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही करने, समस्त थाना/चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत अवैध मादक पदार्थो, भांग, चरस, स्मैक इत्यादि व अवैध शराब/कच्ची शराब/नकली शराब, बनाने/बेचने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सोनप्रयाग राकेन्द्र सिंह कठैत, थाना प्रभारी ऊखीमठ मुकेश चौहान, निरीक्षक यातायात कैलाश शर्मा, निरीक्षक अभिसूचना मनोज बिष्ट, निरीक्षक संचार प्रमोद पेटवाल वाचक सुरेश चन्द्र बलूनी, थानाध्यक्ष अगस्त्यमुनि महेश रावत, सहित समस्त विवेचक मौजूद रहे।

## शारदीय नवरात्रि की मुख्यमंत्री ने दी प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए सभी की सुख समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की है। नवरात्रि पर्व की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की उपासना का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना का यह पर्व हमें मातृशक्ति की उपासना तथा सम्मान की प्रेरणा देता है। समाज में नारी के महत्व को प्रदर्शित करने वाला यह पर्व हमारी संस्कृति एवं परम्परा का प्रतीक है।

# टिहरी झील में संपन्न हुआ पहला 14 दिवसीय वाटर स्कीइंग कोर्स

## आईआईएसएम गुलमर्ग ने साहसिक खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में उठाया नया कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के अधीन कार्यरत भारतीय स्कीइंग एवं पर्वतारोहण संस्थान (आईआईएसएम), गुलमर्ग ने टिहरी झील में अपना पहला 14 दिवसीय वाटर स्कीइंग कोर्स सफलतापूर्वक संपन्न किया। 20 सितंबर को संपन्न हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देशभर से 25 छात्रों ने भाग लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त इस खेल का व्यवस्थित प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।



समापन समारोह में मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए और अपने प्रेरणादायी संबोधन में युवाओं के विकास, पर्यटन की अपार संभावनाओं और भारत में तेजी से बढ़ते वाटर स्पोर्ट्स क्षेत्र के नए अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि साहसिक खेल न केवल युवाओं को आत्मविश्वास और कौशल प्रदान करते हैं, बल्कि रोजगार और पर्यटन संवर्धन का भी बड़ा माध्यम बन सकते हैं। इस अवसर पर आईआईएसएम की सहायक निदेशक रेणु बामरारा ने कहा कि टिहरी झील में कोर्स का सफल आयोजन साहसिक पर्यटन में विविधता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने उल्लेख किया कि श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) की डल झील और निगीन झील लंबे समय से जल क्रीड़ा गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रही हैं, लेकिन अब संस्थान टिहरी झील को भी जल-आधारित साहसिक खेलों के हब के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। आईआईएसएम ने इस उपलब्धि के साथ स्कीइंग और पर्वतारोहण से आगे बढ़ते हुए अपने प्रशिक्षण कार्यक्रमों में जल-आधारित विषयों को शामिल करने की शुरुआत की है।

# महिला का मानसिक शोषण करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

## महिला ने युवक के खिलाफ महिला थाना में दी थी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने महिला के साथ मानसिक एवं शारीरिक शोषण करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। महिला थानाध्यक्ष लक्ष्मी सकलानी ने बताया कि बीते अगस्त माह में श्रीनगर निवासी महिला द्वारा महिला थाना श्रीनगर में देहरादून निवासी अभिषेक उनियाल के खिलाफ गाली गलोच कर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी तथा बार-बार शारीरिक सम्बन्ध बनाने व बच्चे को गलत शब्दो का प्रयोग के आरोप में तहरीर दी थी।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की विवेचना करती हुई महिला थाना अध्यक्ष लक्ष्मी सकलानी ने पीड़िता के बयान एवं अन्य साक्ष्यों के संकलन के आधार पर प्रकाश में आया कि आरोपी द्वारा पीड़िता का दीर्घकालिक शारीरिक व मानसिक शोषण किया गया है। सकलानी ने बताया कि आरोपी 25 वर्षीय अभिषेक उनियाल पुत्र कौशल किशोर उनियाल निवासी राजीव नगर अपर सारथी बिहार जिला देहरादून को श्रीनगर से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में महिला थानाध्यक्ष लक्ष्मी सकलानी, मनोज भट्ट शामिल थे।

# खो-खो में मेरठ प्रांत ओवरआल चैंपियंन रहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़, विकासनगर में चल रही विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित 4 दिवसीय, 37वीं क्षेत्रीय खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट, मुख्य अतिथि रविंद्र रावत कार्यक्रम अध्यक्ष व पूर्व विधायक कुलदीप कुमार, सतपाल , कौशल भंडारी आदि के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया।

पूर्व विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि खेल से अनुशासित होकर खेल खेलने की प्रेरणा मिलती है, खेल को भावना से खेलना चाहिये। विद्यालय की छात्रों ने सरस्वती वंदना स्वागत गीत, समूह गान, मनमोहक जौनसारी नृत्य आदि प्रस्तुत किये। प्रतियोगिता में कुल 30 टीम ने प्रतियोगिता मे प्रतिभाग किया। 13 टीम बालिका व 17 टीम बालकों की इस प्रतियोगिता में समलित हुई। अंडर 14 बालिका में श्रीमती ब्रह्मदेवी सरस्वती विद्या मंदिर हापुड मेरठ प्रांत प्रथम, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गरम पानी उत्तराखंड द्वितीय, अंडर 17 बालिका में सरस्वती विद्या मंदिर साहिबाबाद मेरठ प्रांत प्रथम, सरस्वती विद्या मंदिर सिकंदराबाद मेरठ प्रान्त द्वितीय, अंडर 19 बालिका में श्रीमती ब्रह्म देवी सरस्वती विद्या मंदिर हापुड मेरठ प्रांत प्रथम, सरस्वती विद्या मंदिर बरेली ब्रज प्रान्त द्वितीय रहा।

## केदारनाथ धाम में दस किलो प्लास्टिक कचरा किया एकत्रित

**रुद्रप्रयाग।** जिलाधिकारी प्रतीक जैन के निर्देशन में नगर पंचायत केदारनाथ ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत सरस्वती नदी में विशेष सफाई अभियान चलाया। सफाई अभियान में नगर पंचायत के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय रूप से भागीदारी निभाई। इस दौरान नदी तट एवं आस-पास से लगभग दस किलोग्राम प्लास्टिक कूड़ा एकत्रित कर सुरक्षित निस्तारण के लिए निर्धारित स्थल पर भेजा गया। प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने संदेश देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी का दायित्व है और केदारनाथ धाम जैसे धार्मिक व पर्यटन स्थलों की गरिमा बनाए रखने के लिए इस प्रकार के स्वच्छता कार्यक्रमों के आयोजन आवश्यकता है।

# विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल हुए प्रो. प्रभाकर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विकासखंड ऊखीमठ के अन्तर्गत पसालत-गुप्तकाशी के प्रो प्रभाकर सेमवाल के विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल होने पर केदारघाटी में खुशी की लहर दौड़ रही है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की ओर से वर्ष 2025 के लिए घोषित इस प्रतिष्ठित सूची में प्रो सेमवाल का चयन उनके उत्कृष्ट एवं निरंतर शोध कार्यों के आधार पर किया गया है।



वर्तमान में वे ग्राफिक एरा डीम्ड विश्वविद्यालय देहरादून में बायोटेक्नोलॉजी के प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। वे अब तक 100 से अधिक शोध एवं समीक्षात्मक शोध-पत्र प्रकाशित कर चुके हैं। इसके अलावा वे केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से वित्तपोषित एक करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक एवं शोध यात्रा विश्वविख्यात वैज्ञानिकों जैसे प्रो लोक मान सिंह पालनी, प्रो राजेंद्र डोभाल, प्रो सुशील वर्मा, प्रो आशीष थपलियाल के सानिध्य और मार्ग-दर्शन में पूर्ण हुई। उन्होंने अपने विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं सहयोगियों के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। पसालत निवासी प्रो प्रभाकर सेमवाल के पिता योगेश सेमवाल केदारनाथ धाम में पंडिताई का काम करते हैं, जबकि माता गुड्डी देवी गृहणी हैं। गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, दर्जाधारी चंडी प्रसाद भट्ट, उपहार समिति के अध्यक्ष विपिन सेमवाल, गौ रक्षा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष रोहित डिमरी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुडेघ लोगों ने प्रो सेमवाल को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# महाविद्यालय डाकपत्थर में छात्र संघ चुनाव की अधिसूचना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है। महाविद्यालय छात्र संघ निर्वाचन वर्ष 2025-26 को संपंन कराने के लिए हिन्दी के प्रोफेसर डा. अरविंद कुमार अवस्थी को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया।

छात्र संघ निर्वाचन के लिए मतदान 27 सितंबर को होगा। छात्र संघ चुनाव के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव के पद की संख्या 1-1 रखी गई है। वहीं सह सचिव और कोषाध्यक्ष का पद छात्राओं के लिए आरक्षित रखा गया है। इसके अलावा विवि प्रतिनिधि यूआर के पद की संख्या एक रखी गई है। कार्यकारिणी सदस्य के लिए 6 पद नामांकित किए गए है। सभी पदों के लिए प्रत्याशी वही छात्र छात्रा होंगे जो संस्था में शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए 20 सितंबर तक विधिवत प्रवेश ले चुके हैं। नामांकन प्रपत्रों की बिक्री 22 सितंबर को 11 बजे से अपराहन 3 बजे तक, नामांकन 23 को पूर्वाहन 11 बजे से अपराहन 3 बजे तक, नाम वापसी 24 को पूर्वाहन 10 बजे से मध्याहन 12 तक, नामांकन पत्रों की जांच 24 को अपराहन 12.30 बजे से अपराहन 3 बजे तक, वैध प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन 24 को अपराहन 3 बजे, मतदान 27 को पूर्वाहन 8 बजे से अपराहन 1 बजे तक, मतगणना 27 को अपराहन 2 बजे से मतगणना समाप्ति तक, चुनाव परिणाम की घोषणा एवं शपथ ग्रहण निर्वाचन परिणाम की घोषणा के बाद होगी।

# शारदीय नवरात्र को लेकर रुद्रप्रयाग में सज गए मां के मंदिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग/ऊखीमठ।** शारदीय नवरात्रों को लेकर जिले के माता के मंदिरों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। जिले में कालीमठ, कालीशिला, मां मठियाणा, हरियाली देवी, चामुंडा मंदिर संगम, दुर्गा देवी मंदिर दुर्गाधार सहित अन्य प्रसिद्ध मठ-मंदिर हैं, जहां नवरात्री में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है।



केदारघाटी के अन्तर्गत भगवती के विभिन्न शक्तिपीठों को भव्य रूप से सजाया गया है। सरस्वती नदी किनारे विराजमान सिद्धपीठ कालीमठ में भी मन्दिर समिति की ओर से शारदीय नवरात्रों को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं तथा देश-विदेश के श्रद्धालुओं ने सिद्धपीठ कालीमठ की ओर रूख कर दिया है। भगवती राकेश्वरी, सिद्धपीठ कालीशिला सहित सभी शक्तिपीठों में शारदीय नवरात्रों की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं तथा भक्तों मे भारी उत्साह बना हुआ है। शारदीय नवरात्रों से पूर्व मुख्य बाजारों में रौनक लौटने लगी है। कालीमठ मन्दिर प्रबन्धक प्रकाश पुरोहित ने बताया कि कल से शुरू होने वाले शारदीय नवरात्रो की सभी तैयारिया शुरू कर दी गयी है तथा भक्तो ने कालीमठ घाटी की ओर रूख कर दिया है। उन्होंने बताया कि सिद्धपीठ कालीमठ मन्दिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया है तथा आगामी समय में सप्तमी, अष्टमी व नवमी पर्व पर होने वाली धार्मिक अनुष्ठान के कार्यक्रम तय किये जायेंगे।

# कृषि मंडी में स्थानीय युवकों की उपेक्षा पर रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थत्यूड़ ( टिहरी )।** थत्यूड़ बाजार में शनिवार को जौनपुर विकास मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में सहकारी समिति द्वारा संचालित कृषि मंडी थत्यूड़ की कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मंच के महामंत्री खेमराज भट्ट ने सहकारिता के सहायक विकास अधिकारी प्रमोद कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि कृषि मंडी में प्रदेश के बाहर के लोगों की नियुक्ति की गई है, जबकि स्थानीय जरूरतमंद बेरोजगार युवकों को नजरअंदाज किया गया है।

मंच ने स्थानीय युवाओं की नियुक्ति को प्राथमिकता देने की मांग रखी। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि जिस दर पर देहरादून निरंजनपुर मंडी से सब्जियां खरीदी जाती हैं, उसी दर पर थत्यूड़ क्षेत्र के काश्तकारों से भी सब्जियां खरीदी जाएं, ताकि स्थानीय किसानों को न्याय मिल सके। विकास मंच ने यह भी मांग की कि कृषि मंडी को केवल सीजनल न खोलकर पूरे वर्ष संचालन में रखा जाए। साथ ही जब स्थानीय स्तर पर सब्जियों की आपूर्ति न हो, तो देहरादून मंडी से सब्जियां मंगाकर स्थानीय दुकानदारों को उपलब्ध कराई जाएं। इस पर एडीओ सहकारिता प्रमोद कुमार ने आश्वासन दिया कि कृषि मंडी में स्थानीय बेरोजगार युवकों को प्राथमिकता दी जाएगी। मंडी रेट से जुड़ा मामला उच्च अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा और मंडी को पूरे वर्ष संचालन की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

# मोती बाग रैवासा होम स्टे को सैर सलीका पुरस्कार के लिए चयनित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** गढ़वाल विश्वविद्यालय के पर्वतीय पर्यटन एवं आतिथ्य अध्ययन केंद्र द्वारा जिम्मेदार पर्यटन के लिए संचालित सैर सलीका अभियान के अंतर्गत इस वर्ष पौड़ी के सांगुड़ा, मुण्डनेश्वर स्थित होम स्टे मोती बाग रैवासा होम स्टे को सैर सलीका पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है।

मोती बाग पर आधारित डॉक्यूमेंट्री को पूर्व में ऑस्कर के लिए नामित किया गया था। मोतीबाग उत्तराखंड के श्रमशील किसान विद्या दत्त शर्मा द्वारा संचालित है और वहीं उनके प्रेरक बाग में पहाड़ी शैली में निर्मित होम स्टे मोतीबाग रैवासा पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। स्थानीय वास्तुशिल्प के साथ स्थानीय भोजन और मोती बाग में उगाई जाने वाली सब्जियां तथा जैविक उत्पाद इस होमस्टे के मुख्य आकर्षण हैं। सैर सलीका पुरस्कार के अंतर्गत प्रकृति पर्यावरण पर्यटन के लिए कार्य कर रहे लोकप्रिय साइकिलिंग समूह पहाड़ी पैडलर्स, बडी हाईकर्स के संस्थापक राकेश सिंह सजवान और राष्ट्रीय सेवा योजना माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल के समन्वयक पुष्कर सिंह नेगी को सैर सलीका पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार पर्यटन के क्षेत्र में स्वच्छ पर्यटन और जिम्मेदार पर्यटन में नवाचार के लिए प्रदान किया जाता है। पहाड़ी पैडलर्स समूह प्रदेश में साइकिलिंग पर्यटन के साथ प्रकृति संस्कृति पर्यटन को बढ़ावा दे रहा है। समूह में दस वर्ष से सत्तर वर्ष तक के लगभग दो सौ सदस्य हैं। पुष्कर सिंह नेगी माध्यमिक शिक्षा में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सैर सलीका अभियान संचालित कर रहे हैं। उन्हें इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा शैलेश मटियानी पुरस्कार दिया गया है। राकेश सिंह सजवान साहसिक यात्राओं और ट्रेकिंग अभियानों में स्वच्छता अभियान संचालित कर जिम्मेदार पर्यटन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। पिछले वर्ष ये पुरस्कार पर्यटक गाइड्स को दिए गए थे।

# 'अयोध्या नगरी' में दूल्हा बने श्रीराम

## हाथों में रची सीता के नाम की मेहंदी, भव्य श्रीराम बरात आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शहर में श्रीराम विवाह महोत्सव की तैयारियों ने शहर को राममय कर दिया है। एक ओर जनकपुरी में माता सीता की मेहंदी और महिला संगीत की भक्ति-श्रृंगार से सजी शाम रही, तो दूसरी ओर अयोध्या यानी राजा दशरथ के महल में श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शुत्रुघ्न की मेहंदी, हल्दी औ लग्न की रस्मों ने सभी को भावविभोर कर दिया। मिथिला और अयोध्या की इन पारंपरिक रस्मों ने शहरवासियों को रामायण काल की स्मृतियों से जोड़ दिया। रविवार को प्राचीन शिव मन्दिर कमेटी द्वारा आयोजित भगवान श्रीराम की बारात की पूर्व संध्या पर बरेली रोड स्थित लटूरिया बाबा आश्रम राधा-कृष्ण मंदिर में अयोध्याय से लाई गई महंदी को भगवान श्रीराम राम के हाथों में माता जानकी के नाम की मेहंदी लगाई गई। सीता राम के विवाह का उल्लास पूरे महानगर में छाया हुआ है। श्रीराम जहां अपने भाइयों के साथ कल यानि आज सोमवार को बारात लेकर निकलेंगे तो वहीं मिथिलानगरी उनके स्वागत में अभी से पलक पांवड़े बिछाए बैठी है। तो वहीं जनकपुरी में माता जानकी के हाथों में भी प्रभु श्रीराम नाम की मेहंदी लगाई गई। कार्यक्रम में शहनाई व पंजाब बैंड के की धुन में सभी रामभक्त जमकर नाचे। इस दौरान महिलाएँ पंजाबी, कुमाऊंनी, गढ़वाली व बंगाली आदि परिधान में शामिल हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य





अतिथि के रूप में सांसद अजय भट्ट ने आयोजन समिति की महिलाओं की वेषभूषा संस्कृति कार्यक्रम की जमकर तारीफ करते हुए अपने हाथों में श्रीराम के नाम की महंदी लगाई। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत व मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने भी रामविवाह की महंदी रस्म में पहुंचकर श्रीराम के नाम की महंदी अपने हाथों में रचाई। वहीं जनकपुरी से कन्या पक्ष से सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान की अगुवाई में संच. ालन समिति के सदस्य शगुन की मेहंदी लेकर अयोध्या नगरी पहुंचे, जहां भगवान राम और लक्ष्मण के स्वरूपों को मेहंदी लगाई गई और मंगल गान हुआ। कार्यक्रम सयोजक हरिमोहन रोड़ा ने बताया ने बताया कल यानि आज सोमवार को राधा कृष्णा मंदिर से दोपहर करीब तीन बजे भव्य राम बारात निकाली जायेगी। जिसमें झांकियां व भगवान श्रीराम रथ, पंजाब बैंड मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। संरक्षक रूपेन्द्र नागर, मीडिया प्रभारी हेमन्त साहू ने बताया अयोध्यापुरी के भव्य रूप से सजाया गया है। राम बरात में गणमान्यजनों के साथ हज़ारों की तादाद में राम भक्त बरात में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि राम बारात से पूर्व महंदी रस्म में करीब 500 महिलाओं ने हिस्सा लिया। वहीं वरपक्ष की तरफ अयोध्यापुरी से जनकपुरी रामलीला मैदान पहुंच कर सीता जी के लिए मेहंदी भेंट की। हर ओर सियाराम के विवाह की खुशियों का उत्साह था। सियाराम और जय बजरंग बली के जयकारे और उद्घोष से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर प्रताप बिष्ट, साकेत अग्रवाल, रूपेन्द्र नागर, हरीमोहन अरोरा, सुभाष मोंगा, धर्मेंद्र गुप्ता, हेमंत साहू, शिव चेतन, अश्वनी पदम पाल, हैप्पी, प्रदीप बिष्ट, शुभम बजाज, गौतम तेजवानी, वैभव गुप्ता, सूरज लंबा, सुशील गुप्ता, अन्नू अग्रवाल, पंकज पूजा अरोड़ा, कल्पना बोरा, कंचन कश्यप, प्रीति आर्या साहू, दिनेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## रामजन्म व ताड़का वध का सुंदर मंचन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** प्राचीन श्री रामलीला मैदान में रविवार को भगवान राम का जन्म, ताड़का वध और बाहु-सुबाहु वध का मंचन किया गया। व्यास पंडित पुष्कर दत्त शास्त्री ने रामजन्म की कथा सुनाते हुए बताया कि महाराज दशरथ ने कुलगुरु वशिष्ठ की सलाह पर कामेष्टि यज्ञ करवाया, जिसके फलस्वरूप महारानी कौशल्या के गर्भ से भगवान राम का जन्म हुआ। भगवान राम के जन्म पर देवताओं और किन्नरों ने पुष्प वर्षा की और रामलीला मैदान में उपस्थित दर्शक भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी चौपाई पर झूम उठे। इसके बाद ताड़का वध, बाहु और सुबाहु वध का मंचन हुआ। रामलीला संचालन समिति के सदस्य भवानी शंकर नीरज ने बताया कि कल यानि आज सोमवार को अहिल्या उद्धार, धनुष यज्ञ, लक्ष्मण-परशुराम संवाद और श्री राम विवाह का मंचन होगा, जिसके बाद भव्य राम बारात का आयोजन नगर भ्रमण के साथ किया जाएगा। संचालन समिति के सदस्य ने बताया कि रामलीला ग्राउंड को जनकपुरी की तरह सजाया जा रहा है। साथ ही कल यानि आज सोमवार को रात्रि लीला का आयोजन भी प्रारंभ हो जाएगा। रात्रिलीला में कल गणेश पूजन, नारद मोह तथा रावण, विभीषण तपस्या का मंचन किया जाएगा।



# युवक से करोड़ों रुपये की ठगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शहर के कालाढूंगी रोड निवासी एक युवक करोड़ों की धोखाधड़ी का शिकार हो गया है। मामला एक सुनियोजित आर्थिक अपराध का है, जिसमें इंजीनियरिंग फर्म के नाम पर युवक को लोन पर मशीनें खरीदवाई गईं और बाद में उन्हीं मशीनों को बार-बार बेचकर फर्जीवाड़ा किया गया। पुलिस की लापरवाही से आहत पीड़ित ने अब न्यायालय की शरण ली है। जानक. ारी के अनुसार श्याम विहार फेज-2 निवासी वरुण बिष्ट ने द्वितीय न्यायिक मजिस्ट्रेट, हल्द्वानी की अदालत में प्रार्थना पत्र दाखिल कर बताया कि वर्ष 2018 में उसकी पहचान रतीश चन्द्रा नामक व्यक्ति से हुई, जिसने खुद को मेसर्स यूनीटेक इंजीनियर्स का संच. ालक बताते हुए हुंडई कंपनी की मशीनरी की डीलरशिप होने का दावा किया। रतीश ने वरुण को भरोसा दिलाया कि अगर वह मशीनें खरीदेगा तो कंपनी उन्हें किराये पर चलाकर मुनाफा दिलाएगी और उसे लोन की किस्तों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। आरोप है कि 2019 से 2022 के बीच वरुण के नाम पर कुल चार हुंडई एक्वेटर मशीनें खरीदी गईं, जिनका लोन बैंक से दिलवाया गया। इन मशीनों को रतीश चन्द्रा और उसके साझेदारों ने खुद के पास रख लिया। समझौते के अनुसार प्रति मशीन डेढ़ लाख मासिक किराया तय किया गया। शुरुआती महीनों में आंशिक किराया दिया गया, लेकिन कुछ समय बाद भुगतान पूरी तरह बंद कर दिया गया। वरुण द्वारा मशीनों की वापसी की मांग पर अभियुक्तों नवंबर 2023 में केवल पहली मशीन लौटाई। बाकी तीन मशीनों का कोई अता-पता नहीं है। आरोप है कि पीड़ित का भरोसा जीतने के लिए रतीश ने उसे एक कार और आईफोन तक गिफ्ट किया। वरुण ने कोर्ट को बताया कि रतीश चन्द्रा और उसकी पत्नी तृप्ति भारद्वाज ने उसे और उसकी मां को एक होटल व रिजॉर्ट प्रोजेक्ट में भी फर्जी तरीके से पार्टनर बना लिया। लोन दिलाने के नाम पर खाली हस्ताक्षर लिए गए और बाद में उस राशि का दुरुपयोग किया गया। अब होटल के संचालन का खर्च और लोन की किस्तें भी वरुण को ही चुकानी पड़ रही हैं। वरुण ने बताया कि 18 सितंबर 2024 को एसएसपी नैनीताल को पूरे मामले की लिखित शिकायत दी थी। शिकायत थाना मुखानी को अग्रसा. रित भी हुई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस की निष्क्रियता से निराश होकर पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। इधर मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रतीश चन्द्रा पुत्र गिरीश बाबू, तृप्ति भारद्वाज पत्नी रतीश चन्द्रा, निवासी शांति मैन्सन, विकास नगर फेज-2, कुसुमखेड़ा मुखानी एवं अरविंद कुमार के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## कड़ी सुरक्षा के बीच हुई परीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय लिखित प्रतियोगी परीक्षा रविवार को जनपद भर में कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसके लिए पुलिस और प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था की थी। एसएसपी पीएन मीणा ने स्वयं कई परीक्षा केंद्रों, नैनी वैली स्कूल, सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल और क्वीन पब्लिक स्कूल पर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए। परीक्षार्थियों की डीएफएमडी, एचएचएमडी और फ्रिस्किंग के जरिये सघन चेकिंग के बाद ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। मोबाइल फोन, ब्लूटूथ और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को नहीं ले जाने दिया गया। एलआईयू और एसओजी भी अपने स्तर पर नकल माफिया पर नकेल कसने में जुटी थीं। सीसीटीवी कैमरों और वीडियो निगरानी से परीक्षा केंद्रों की निगरानी की गई। एसएसपी मीणा ने बताया कि परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी व्यवस्थाएं पहले से ही प्लान की गई थीं, और सभी केंद्रों पर सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया गया।



## देहरादून एसपी बनकर साइबर ठग ने रिक्शा चालक से ठगे 14 हजार

**हल्द्वानी।** शहर में एक गरीब रिक्शा चालक साइबर ठगी का शिकार हो गया। खुद को देहरादून का एसपी बताने वाले साइबर अपराधी ने सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो देखने का झूठा आरोप लगाकर रिक्शे वाले को डरा-धमकाकर 14,000 ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मूलरूप से बेतिया, बिहार निवासी नरेश कुमार हल्द्वानी के आनंदबाग, तल्ला गोरखपुर इलाके में रहकर रिक्शा चलाते हैं। उन्होंने बताया कि वह कई वर्षों से हल्द्वानी में मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। आज रविवार सुबह करीब दस बजे नरेश को एक अनजान नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को देहरादून का एसपी बताते हुए आरोप लगाया कि नरेश सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो देखता है और उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। ठग ने धमकी दी कि उसे जेल जाना पड़ेगा, लेकिन अगर वह कुछ पैसे भेज देता है तो केस बंद हो जाएगा। डर और अनभिज्ञता के कारण नरेश घबरा गया और तुरंत कोतवाली के पास स्थित एक दुकान पर पहुंचा। वहां मौजूद एक कारोबारी के मोबाइल फोन से उसने ठग द्वारा बताए गए खाते में दो किस्तों में कुल 14,000 ट्रांसफर कर दिए। रुपये भेजने के बाद भी जालसाज की मांगें खत्म नहीं हुईं। जब लगातार और पैसे मांगे जाने लगे, तब नरेश को ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद वह सीधे कोतवाली हल्द्वानी पहुंचा और पूरी घटना की जानकारी दी। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मोबाइल नंबर की जांच की जा रही है। मामले में साइबर अपराध से जुड़ी सभी तकनीकी पहलुओं पर भी काम शुरू कर दिया गया है।

## पितृ अमावस्या: रोडवेज बसें कई घंटे लेट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** पित्र अमावस्या के अवसर पर गढ़ गंगा में स्नान करने आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण उत्तराखंड परिवहन निगम की दिल्ली, गढ़गांव, फरीदाबाद, जयपुर, हिसार जैसी दिशा में चलने वाली रोडवेज बसें करीब पांच से छह घंटे तक मात्र 10 किलोमीटर के क्षेत्र में धीमी रफ्तार से चलती रहीं। इस जाम की वजह से कई यात्रियों की आगे की बस, ट्रेन और हवाई सेवा भी छूट गई। स्नान के लिए सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालु गढ़ गंगा में जमा हो गए थे, जिससे प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। भारी भीड़ और ट्रैफिक नियंत्रण के चलते प्रशासन ने बड़े वाहन और ट्रकों को करीब 20 किलोमीटर के दायरे में आने-जाने से रोक दिया। इस वजह से करीब पांच घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही, जिसके बाद धीरे-धीरे यातायात मामूली रूप से सुचारू हो पाया। जाम की वजह से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## पितृपक्ष के अंतिम दिन पौधारोपण कर पूर्वजों को दी श्रद्धांजलि

**हल्द्वानी।** पितृपक्ष के अंतिम दिन सेवानिवृत्त रेंजर मदन सिंह बिष्ट ने पूर्वजों को अनूठे ढंग से श्रद्धांजलि दी। उन्होंने रविवार को विभिन्न वन क्षेत्रों में पौधारोपण कर पितरों को नमन किया और वन्य जीवों के लिए खाद्य श्रृंखला को मजबूत बनाने का संदेश दिया। मदन सिंह बिष्ट ने बताया कि पितृपक्ष की शुरुआत से ही वे गौशालाओं में गौवंश के चारे में काम आने वाली प्रजातियों, कचनार, शहतूत, हरड़, अर्जुन और कुसुम के पौधे रोपित कर रहे थे। पितृपक्ष के अंतिम दिन उन्होंने वन्य जीवों के भोजन स्रोत के रूप में आम, अमरूद, गूलर, पीपल और कुसुम के पौधे विभिन्न वन क्षेत्रों में लगाए। उन्होंने कहा कि पूर्वजों की स्मृति में किया गया पौधारोपण न केवल पर्यावरण संरक्षण का कार्य है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवनदायिनी संसाधन छोड़ने का एक सार्थक प्रयास भी है।

## तैयार सड़क फिर खोदे जाने पर डीएम नाराज़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** देवलचौड़ चौराहे पर लोक निर्माण विभाग द्वारा रात्रि में डामरीकरण कर तैयार की गई सड़क को अगली सुबह ही पेयजल लाइन बिछाने के लिए बुलडोजर से खोदे जाने के मामले पर डीएम वंदना सिंह ने गंभीर लापरवाही मानते हुए तत्काल संज्ञान लिया है। उन्होंने लो. निवि के अधीक्षण अभियंता को आदेश जारी कर मामले की तत्काल जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए है। डीएम ने कहा कि इस प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। पेयजल लाइन बिछाने के लिए संबंधित कार्यदाई संस्था ने लोनिवि से एनओसी ली थी, उसके बावजूद भी विभाग ने आपसी समन्वय न करते हुए खोदने से एक दिन पहले सड़क में डामरीकरण कर दिया, जिसके लिए विभाग उत्तरदाई है। डीएम वंदना सिंह ने निर्देश दिए कि संबंधित विभागीय अधिकारी की जिम्मेदारी निर्धारित कर इस हिस्से में एक रात पहले किए गए कार्य का भुगतान संबंधित लापरवाह अधिकारी के वेतन से कटौती करते हुए करे और संबंधित को एक प्रतिकूल प्रविष्टि भी दी जाए। अधीक्षण अभियंता ने डीएम को आश्वस्त किया कि इस प्रकार की लापरवाही पर कार्यवाही की जाएगी और इस कार्य का भुगतान सरकारी धनराशि से नहीं किया जाएगा। डीएम ने इस आदेश की सूचना सचिव लोक निर्माण विभाग और सचिव मुख्यमंत्री को भी संज्ञान के लिए प्रेषित की है।

## बाइक सवार युवक पर छेड़छाड़ का आरोप

**हल्द्वानी।** एक युवती ने एक बाइक सवार युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित युवती ने भोटिया पड़ाव पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह आज रविवार की सुबह घर से बाजार की ओर जा रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार युवक हेलमेट पहनकर उसका पीछा करने लगा। आरोप लगाया कि बाइक सवार उसे छेड़ने लगा और अश्लील बात करने लगा। युवती ने कहा जब उसने हल्ला मचाया तो बाइक सवार युवक बाइक लेकर फरार हो गया। जिसके बाद युवती भोटिया पड़ाव चौकी पहुंची और बाइक सवार युवक के खिलाफ तहरीर सौंपी। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि युवती की ओर से तहरीर मिली है, जिसके बाद पुलिसकर्मी सीसीटीवी खंगाल रहे हैं। आरोपी को शीघ्र हिरासत में लिया जाएगा।

## यू-ट्यूबर सौरभ जोशी भाऊ गैंग के निशाने पर, पांच करोड़ की डिमांड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में भी भाऊ गैंग सक्रिय हो गया है। भाऊ गैंग के सदस्य ने देश के मशहूर यू-ट्यूबर सौरभ जोशी को धमकी भरा ई-मेल भेजा है। भाऊ गैंग की ओर से आई ई-मेल में सौरभ जोशी से पांच करोड़ की रंगदारी मांग गई है। रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी है। भाऊ गैंग से धमकी मिलने के बाद सौरभ जोशी ने पुलिस को तहरीर सौंपकर सुरक्षा देने व सख्त कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार रामपुर रोड ओ. लिविया कॉलोनी निवासी सौरभ जोशी ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीते 15 सितंबर को उनकी मेल में एक धमकी भरा ई-मेल आया है। मेल भेजने वाले ने खुद को भाऊ गैंग सदस्य बताते हुए कहा कि पांच करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी। इतना ही नहीं ई-मेल में कहा कि इस बात को अनदेखा मत करना नहीं तो अंजाम बहुत बुरा होगा। भाऊ गैंग की ओर से आए मेल में सौरभ की करोड़ों रुपए की एक्सयूवी का भी जिक्र किया गया है। इस मेल के बाद सौरभ और उनका पूरा परिवार डरा सहमा हुआ है। बता दें कि पिछले वर्ष नवंबर में भी सौरभ जोशो को ऐसी ही धमकी मिली थी। तब उन्हें एक धमकी भरा खत भेजा गया था और खत भेजने वाले ने खुद को लॉरेंस विश्नोई गैंग का बताया था। इस मामले में भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। जिसके बाद बदायूं उत्तर प्रदेश निवासी अरुण कुमार को इस आरोप में गिरफ्तार किया गया था। जांच में सामने आया कि अरुण का लॉरेंस गैंग से कोई वास्ता नहीं था। वह तो जल्द से जल्द अमीर बनना चाहता था और इसीलिए खत भेजा था। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



## महिला कालेज में रंगोली प्रतियोगिता

**हल्द्वानी।** इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय, हल्द्वानी में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने की। छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और रंगों के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं गंगा स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय परिसर में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला। छात्राओं की रंगोलियाँ न केवल कलात्मक थीं, बल्कि उनमें समाज के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना भी स्पष्ट रूप से झलक रही थी। प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने कहा स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि हमारे जीवन का संस्कार है। जब हर नागरिक इसे अपनी जिम्मेदारी समझेगा, तभी स्वच्छ भारत का सपना साकार होगा। आज की छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोलियाँ उज्जवल, स्वस्थ और सशक्त भारत की कल्पना को दर्शाती हैं। नोडल अधिकारी एवं एनएसएस प्रभारी डा. रितुराज पंत ने कहा गंगा की निर्मलता और पर्यावरण की सुरक्षा हमारे जीवन का आधार हैं।



## खेल मंत्री रेखा आर्या ने बांटे खिलाड़ियों को पुरस्कार

**हल्द्वानी।** खेल मंत्री रेखा आर्या ने एशिया कैडेट कप फेंसिंग चैंपियनशिप के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि उत्तराखंड में लगातार अंत. रराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन की संख्या बढ़ रही है और इससे यहां के खिलाड़ी भी प्रेरित होंगे। फेंसिंग जैसे पुराने खेल में उत्तराखंड को भी एक बड़ी ताकत बनाए जाने की जरूरत है। इस प्रकार के आयोजनों से अवस्थापना सुविधाएं मजबूत होती है और यहां के युवाओं का भी खेल के प्रति रुझान बढ़ता है। उत्तराखंड को खेल भूमि बनाने में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान फेंसिंग में उत्तराखंड के कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन इस खेल के विकास के लिए अभी यहां काफी काम किया जाना बाकी है। प्रदेश सरकार हर खेल के विकास के लिए लगातार काम कर रही है।

## यूओयू की बीएड, एमएड स्पेशल, बीए/एमए योग प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025 के लिए बीएड (स्पेशल) और एमएड (स्पेशल) पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा आज रविवार को शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली सुबह 9 बजे से 11 बजे और दूसरी पाली दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक रही। इस परीक्षा के लिए कुल 1190 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 839 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 351 अनुपस्थित रहे। एसजीआरआर कॉलेज देहरादून केंद्र पर 606 परीक्षार्थी उपस्थित, बीएड 443, एमएड 163, और 242 अनुपस्थित रहे। एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी केंद्र पर 233 परीक्षार्थी उपस्थित, बीएड 147, एमएड 86, और 109 अनुपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त बीए (योग) एवं एमए (योग) की ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा भी सुबह दस से 11 बजे के बीच सम्पन्न हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक व निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हुई। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लो. हनी एवं परीक्षा नियंत्रक डा. सोमेश कुमार ने एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और परीक्षा की पारदर्शिता एवं सुचारु संचालन पर संतोष व्यक्त किया।




**न्यायालय श्रीमान सिविज जज सीनियर डिवीजन, नई टिहरी, टि०ग०**

प्र०प०सं०-03 सन-2025

**प्रार्थी-** बलवीर सिंह नेगी पुत्र गजे सिंह नेगी उम्र-69 वर्ष, निवासी मकान नं०-17 ग्राम-नैथाना, पो०ओ०-रानीहाट, कीर्तिनगर, जिला टिहरी गढ़वाल पिन-249161.

**बनाम**

**विपक्षीगण-** 1. कुलदीप सिंह व अन्य।

**नोटिस बनाम-** सभी आम व खास ग्राम-नैथाना, पो०ओ०-रानीहाट कीर्तिनगर जिला टिहरी गढ़वाल जो मृतका की धनराशि जो स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की शाखा पुरोला में मु०-5,00,000/- (पांच लाख रू०) एफ०डी (खाता क्रमांक-42887196320) में जमा है, से संबंधित हो।

चूंकि प्रार्थी ने एक वाद विपक्षीगण के विरूद्ध इस न्यायालय में वादपत्र अर्न्तगत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम में संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु दिनांक 09 माह 10 सन्-2025 को दिन में नियत किया गया है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप तिथि दिनांक 09 माह 10 सन्-2025 को असालतन या वकालतन प्रातः 10:30 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

आज दिनांक 18 माह 09 सन-2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

आदेशानुसार
प्रबंधक
सीनियर सिविल जज
टिहरी गढ़वाल

**न्यायालय श्रीमान सिविज जज सीनियर डिवीजन, नई टिहरी, टि०ग०**

प्र०प०सं०-03 सन-2025

**प्रार्थी-** बलवीर सिंह नेगी पुत्र गजे सिंह नेगी उम्र-69 वर्ष, निवासी मकान नं०-17 ग्राम-नैथाना, पो०ओ०-रानीहाट, कीर्तिनगर, जिला टिहरी गढ़वाल पिन-249161.

**बनाम**

**विपक्षीगण-** 1. कुलदीप सिंह व अन्य।

**नोटिस बनाम-** सभी आम व खास ग्राम-तूनेठा, पो०ओ०-तूनेठा, जिला-रूद्रप्रयाग जहां मृतक का निवास स्थान था, और जो स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की शाखा पुरोला में मु०-5,00,000/- (पांच लाख रू०) एफ०डी (खाता क्रमांक-42887196320) में जमा है, से संबंधित हो।

चूंकि प्रार्थी ने एक वाद विपक्षीगण के विरूद्ध इस न्यायालय में वादपत्र अर्न्तगत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम में संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु दिनांक 09 माह 10 सन्-2025 को दिन में नियत किया गया है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप तिथि दिनांक 09 माह 10 सन्-2025 को असालतन या वकालतन प्रातः 10:30 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

आज दिनांक 18 माह 09 सन-2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

आदेशानुसार
प्रबंधक
सीनियर सिविल जज
टिहरी गढ़वाल

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति उर्मिला शाह पत्नी श्री मलक राज निवासी ग्राम: नकोट, औगुस्त्मुनी, तहसील रुद्रप्रयाग, जिला रुद्रप्रयाग, उत्तराखंड। विक्रय विलेख दिनांक 23/06/2009 को सब-रजिस्टरार रुद्रप्रयाग के बही संख्या 01, जिल्द संख्या 10 पर पृष्ठ संख्या 371, पर सीरियल संख्या-65 एवं बही संख्या 01, जिल्द संख्या 11 पर पृष्ठ संख्या 855 से 888, पर सीरियल संख्या-59 पर रजिस्ट्रीकरण किया गया।

संपत्ति का विवरण- फसली वर्ष 1429-1434 खाता-खतौनी संख्या-1373, खसरा संख्या-1256, हिस्सा 0.012 हैक्टेयर, ग्राम: नकोट, औगुस्त्मुनी, तहसील रुद्रप्रयाग, जिला-रुद्रप्रयाग। जिसकी सीमाएं इस प्रकार हैं:- पूर्व में- राधे लाल का घर
पश्चिम में- नेशनल हाइवे-107
उत्तर में- पूरन लाल का घर
दक्षिण में- आलोक नेगी का घर

हम किसी भी व्यक्ति या संस्था को आमंत्रित करते हैं जो उपर्युक्त संपत्ति में किसी भी शीर्षक, हित या अधिकार का दावा करता है, कि वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात (7) दिनों के भीतर हमारी शाखा पंजाब नेशनल बैंक, रुद्रप्रयाग उत्तराखंड में संपर्क नंबर 8941870878 पर संपर्क करें। निर्दिष्ट अवधि के भीतर ऐसा करने में विफलता का मतलब होगा कि किसी भी पक्ष से कोई दावा नहीं है और बैंक बंधक निर्णय के साथ आगे बढ़ेगा।

**।। कार्यालय नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर, टिहरी गढ़वाल।।**

पत्रांकः634/निविदा/निर्माण/न0पा0प0न0नगर/2025-26/नरेन्द्रनगर, दिनांक 20 सितम्बर 2025

**।। अल्पकालीन निविदा सूचना।।**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के पंजीकृत ठेकेदारों से इस निकाय द्वारा वित्तीय वर्ष-2025-26 में पालिका निधि/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान से कराएं जाने वाले अति आवश्यक निर्माण कार्य के सम्पादन हेतु दिनॉक, 29 सितम्बर 2025 अपरॉहन 2:00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है,जो उसी दिन सांय 3:00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष निविदा/निर्माण समिति के द्वारा पालिका कार्यालय में खोली जायेंगी। उपरोक्त निर्माण कार्य के निविदा प्रपत्र दिनॉक 27 सितम्बर 2025 को प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक नगद भुगतान पर पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम एवम् शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस को पालिका कार्यालय रो प्राप्त की जा सकती है। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्रशासक महोदय/निविदा/निर्माण समिति को निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य+18 % GST | निविदा की बैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1:- | नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के वार्ड संख्या-01 किनवानी के अन्तर्गत कुमारखेडा में श्री शक्ति प्रसाद कोठियाल के आवासीय भवन के आगे क्षतिग्ररत रुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य। | 5.45 लाख | 11000 | 1000.00 | 07 दिन | 2 माह |

नोटः- निमार्ण कार्यो से सम्वन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस को पालिका कार्यालय में देखी जा सकती है।

(एलम सिंह रवित)
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद्
नरेन्द्रनगर, टि0ग0।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सरकार आपदा पीड़ितों की कर रही अनदेखीः आर्य

## आपदा पीड़ित भुखमरी के कगार पर, राज्य सरकार चला रही है स्वच्छता पखवाड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भाजपा आपदा में अवसर तलाश रही है। इसका जीता जागता उदाहरण धराली आपदा है। उक्त बात नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने आपदा के मानकों में बदलाव की बात कहते हुए सरकार पर आपदा पीड़ितों की अनदेखी का आरोप लगाया।

रुड़की में देहरादून रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि आज प्रदेश के कई जिलों में आपदा ने अपना कहर भर पाया हुआ है लेकिन भाजपा सेवा पखवाड़ा चला कर संगठन को मजबूत करने में जुटी है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में लोग भुखमरी से मारने की कगार पर आ गए हैं लेकिन सरकार उनकी अनदेखी कर रही है। कहा कि आपदा में मानक प्रयाप्त नहीं है। भाजपा के नेता विधायक मंत्री आपदा प्रभावित क्षेत्रों से मुंह मोड़ कर बैठे है।

सरकार आपदा में अवसर तलाश रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आपदा प्रभावित लोगों से मिलने आए लेकिन सरकार ने तय किया कि



प्रधानमंत्री से कौन मिलेगा। इसका जीता जागता उदाहरण नरेंद्र विष्ट है जिन्हें प्रधानमंत्री तक पहुंचने से पहले गाड़ी से उतार दिया गया। उन्होंने कहा कि आपदा से प्रभावित परिवारों का विस्थापन और पुनर्वास नहीं हो पा रहा है। धराली के हालात दयनीय है सरकार को वहां विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कहा कि हरिद्वार में पंचायत,विधानसभा उप चुनाव और निकाय चुनाव में जिस प्रकार से सरकारी मशीनरी का प्रयोग किया उससे स्पष्ट है कि जनता भाजपा को नहीं चाहती। उन्होंने कहा हाल ही में 12 जिलों में हुए पंचायत चुनाव में माहौल भाजपा के खिलाफ था और जनता कांग्रेस को चाहती थी लेकिन सरकार ने वोटो की डकैती मारते हुए चुनावो में जीत हासिल की। जिस प्रकार से जनता चुनावों में कार्य कर रही है इससे यह तय है कि 2027 में जनता भाजपा को नकार देगी।

उन्होंने कहा कि वह रुड़की में कार्यकर्ताओं से मिलने आए थे क्योंकि यह कार्यकर्ता ही है जो हर परिस्थिति में पार्टी के साथ खड़े होकर लड़ाई लड़ रहे है। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सचिन गुप्ता,इंटक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष उदय सिंह पुंडीर,,वीरेंद्र ठाकुर, नासिर परवेज अंसारी श्री गोपाल, जावेद अख्तर, मनोज जयंत, भूषण त्यागी, विकास त्यागी, सेठपाल परमार,आदि मौजूद रहे।

# कार की चपेट में आकर स्कूटी सवार मां-बेटी व बच्ची घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम शेरपुर खेलमऊ के पास झबरेड़ा गुरुकुल मार्ग पर कार की चपेट में आने से स्कूटी सवार मां बेटी तथा तीन वर्षीय बच्चा घायल हो गए।। ग्राम साँपला जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश निवासी सुनीता देवी अपनी बेटी बीना देवी तथा तीन वर्षीय रोहन के साथ स्कूटी से अपनी किसी रिश्तेदारी में झबरेड़ा आ रही थी। जैसे ही उक्त ग्राम शेरपुर खेल मऊ के पास पहुंचे उसी समय पीछे से तेज गति से आ रही कार द्वारा ओवरटेक करतेहुए स्कूटी कार की चपेट में आ गई। स्कूटी कार की चपेट में आने से स्कूटी पर सवार उक्त मां बेटी व बच्चा सड़क पर गिरकर घायल हो गए। कार सवार स्कूटी में टक्कर मारते ही तेज गति से फरार हो गया। वहां से आने जाने वाले लोगों द्वारा घायलों को कस्बे मैं स्थित डॉक्टर के यहां भर्ती कराया गया। घायलों के परिजनों के आने के बाद परिजन घायलों को डॉक्टर से रेफर करवा कर अपने जनपद मुजफ्फरनगर डॉक्टर के यहां ले गए।

# भाजपा युवाओं ने मिशन 2027 को लेकर बनाई रणनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** कस्बे में भाजपाइयों कस्बा झबरेड़ा नगर मंडल अध्यक्ष सुबोध सैनी के आवास पर रविवार को भाजपाइयों की एक बैठक आयोजित की गई बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी को श्री राम नाम का पटका पहनाकर स्वागत व सम्मान किया गया तथा 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर योजना बनाई गई।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन समान खरीदने से एक तो समान की गुणवत्ता व क्वांटिटी का पता नहीं चल पाता वहीं हमारे कस्बे की इनकम होने के वजह बाहरी लोगों की इनकम को बढ़ावा मिलता है इसलिए भाजपा कार्यकर्ता लोगों को ऑनलाइन खरीदारी न कर अपने घरेलू बाजार से ही सामान खरीदने के लिए प्रेरित करेंगे के दौरान उन्होंने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि वह भाजपा की रीड है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने वाले हैं जिससे देश चाहूंमुखी विकास कर रहा है इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को एक्टिव रखने के लिए महीने में इस तरह की दो बैठक अवश्य की जाएगी जिसमें आगे की रणनीति तैयार की जाएगी इस अवसर पर इंद्रेश मोती मुकेश कश्यप कुलदीप सैनी सुधीर गुप्ता अरुण धीमान सतेंद्र मित्तल महावीर सैनी सचिन चौधरी संदीप विपिन गर्ग नीटू आकाश आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# झबरेड़ा थानाध्यक्ष ने ली ग्राम प्रहरियों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थानाध्यक्ष द्वारा थाना क्षेत्र में पडने वाले सभी ग्राम प्रहरियों की बैठक आयोजित कर उन्हें अपने-अपने गांव में सतर्क रह कर गांव में होने वाली सभी गतिविधियों की जानकारी थाने में देनी होगी। इसके अलावा सभी को थाने में एक माह मे दो बार आकर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। थानाध्यक्ष अजय शाह द्वारा थाना परिसर में ग्राम प्रहरियों की बैठक आयोजित करते हुए निर्देशित किया कि अब सभी ग्राम प्रहरी थाने में एक महीने में दो बार आकर उन्हें अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। गांव में घटित सभी छोटी बड़ी घटनाओं की जानकारी भी थाने में देनी होगी। गांव में अवैध शराब निकालना व बेचने तथा गोकशी आदि की सभी सूचना उन्हें थाना अध्यक्ष को देनी होगी । ग्राम प्रहरियों को बताया गया कि आगे सर्दी का मौसम आने वाला है तथा थाना झबरेड़ा की सीमा उत्तर प्रदेश से लगती है ।ऐसे में सभी ग्राम प्रहरी को सतर्क रहना आवश्यक है। जिससे क्षेत्र में अमन चौन बना रहे।

# फेसबुक के माध्यम से विधायक बत्रा को बदनाम करने की साजिश

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** शहर विधायक ने फेसबुक पेज के खिलाफ मोर्चा खोला है। आरोप है कि फेसबुक पेज पर उनके खिलाफ भ्रामक सूचनाए पोस्ट की जा रही है। जिस वजह से उन्हें मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। समाज में उनकी प्रतिष्ठा को चोट पहुंचाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार शहर विधायक प्रदीप बत्रा ने तहरीर देकर बताया कि वॉइस ऑफ रुड़की-3 नामक एक फेसबुक पेज पर लगातार उनकी छवि धूमिल करने और आपत्तिजनक और झूठी सूचनाए फैलाने का षडयंत्र रचा जा रहा है। जिस वजह से उनकी समाज में छवि धूमिल हो रही है। आरोप है कि फेसबुक पेज पर आपत्तिजनक और झूठी सूचनाओं को पोस्ट किया जा रहा है। जबकि उनका किसी भीफेसबुक के माध्यम से विधायक बत्रा को बदनाम करने की साजिश प्रकार से इन सूचनाओं से कोई लेना देना नहीं है। विधायक का कहना है कि अनावश्यक रूप से उनकी छवि धूमिल होने से सामाजिक प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंच रहा है। इंस्पेक्टर मनीष उपाध्याय बताया की पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिस वॉयस ऑफ रुड़की-3 नामक पेज का जिक्र किया गया है। उसके ऑपरेट सोर्स तक पहुंचने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### नगला चीना गांव की चोरी का खुलासा न होने पर

# भाकियू टिकैत का धरना, आश्वासन मिलने पर माने किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** नगला चीना गांव में हुए दो बड़े घरों में चोरी के मामले का अब तक पर्दाफाश न होने पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने रविवार को कोतवाली पहुंचकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कड़ी नाराजगी जताई।

भाकियू मंडल अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि घटना को एक महीने से ज्यादा समय बीत चुका है, लेकिन पुलिस अभी तक आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है। उन्होंने कहा कि 25 अगस्त की रात आधा दर्जन से अधिक हथियारबंद बदमाशों ने भाजपा नेता के भतीजे अनुभव राठी और गांव के ही जोगेंद्र के घर में धावा बोला था। बदमाश नकदी व कीमती सामान लूटकर ले गए और पीछा करने पर जोगेंद्र के बेटे पर फायरिंग भी की थी।

घटना के विरोध में 26 अगस्त को ही भाकियू ने कोतवाली में धरना दिया था, जिस पर पुलिस ने 15 दिन में खुलासा करने का



आश्वासन दिया था। लेकिन वादे के बावजूद अब तक कोई नतीजा सामने न आने पर किसानों ने फिर से धरना दिया। धरने के दौरान कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह किसानों के बीच पहुंचे और वार्ता की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि 5 अक्टूबर तक मामले का खुलासा हर हाल में कर दिया जाएगा। उनके आश्वासन के बाद कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त कर दिया। धरने में भाकियू जिलाध्यक्ष विजय शास्त्री, सुकरमपाल, अरविंद राठी, विक्रांत, शिवम, जोगेंद्र, मनोज, दीपक कुमार, अभिषेक राठी, अंकुर, प्रदीप, अशोक, मेजर धर्मेंद्र लोहान, प्रधान शुभम सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# पीडब्ल्यूडी ने किया टूटी सड़कों पर पैच वर्क का काम किया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** लोक निर्माण विभाग रुड़की द्वारा मानसून उपरांत राज्य मार्ग, मुख्य जिला मार्ग एवं अन्य जिला मार्ग पर बरसात के कारण शतिग्रस्त हुए मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

राज्य मार्ग संखा 68 (बहादराबाद धनौरी इमलीखेड़ा), मुख्य जिला मार्ग कोर कलियर, रुड़की (रामनगर) से इकबालपुर मार्ग, अन्य जिला मार्ग डाडा पट्टी से डाडा जलालपुर मार्ग पर पैच मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। राज्य मार्ग संख्या 28 पुहाना



इकबालपुर झबरेड़ा , मुख्य जिला मार्ग पीरान कलियर से सोहलपुर होते हुए मुजाहिदपुर सत्तीवाला मार्ग, बड़ेढ़ी राजपूताना से अलावलपुर मार्ग, भलस्वगाज से चुड़ियाला मार्ग मार्ग पर पैच मरम्मत कार्य गतिमान है। शेष कार्य शीघ्र प्रारंभ कर पूर्ण कर दिए जाएँगे।

# देव पितरों के निमित्त आखिरी श्राद्ध निकाल कर की सुख शांति की कामना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे व क्षेत्र में अमावस्या तिथि रविवार को सभी देव पितरों के निमित्त आखरी श्राद्ध निकाल कर देव पितरों से सुख शांति की कामना की गई ।कस्बे में स्थित मंदिरों में सोमवार से शुभारंभ होने वाले नवरात्रों की तैयारी शुरू कर दी गई है। कस्बे में स्थित प्राचीन शिव मंदिर महंत गणेश प्रसाद का कहना है कि रविवार की अमावस्या तिथि को आखिरी श्राद्ध होने से सनातन धर्म के लोगों द्वारा सभी देव पितरों के नाम से श्रद्धापूर्वक श्राद्ध निकालकर देव पितरों की विदाई करते हुए सुख शांति की कामना की गई। उन्होंने बताया कि मनुष्य को अपने किसी देव पितृ की मृत्यु तिथि का पता न होने परअमावस्या तिथि के आखिरी दिन ऐसे सभी देव पितरों के निमित्त श्रद्धा पूर्वक भोजन जिसमें दूध से बनी खीर चावल दाल पुरी आदि निकालकर देव पितरों को भोग लगाकर उनको बिदा करना चाहिए। इससे घर परिवार में सुख शांति बनी रहती है। अमावस्या तिथि को आखिरी श्राद्ध के दिन सभी देव पितृ धरती लोक से विदा होकर अपने लोक चले जाते हैं। पंडित प्रसाद ने बताया कि सोमवार से नवरात्रों का शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने घट स्थापना का शुभ मुहूर्त 6:00 बजे से 8:00 तक बताया घट स्थापना करने के बाद प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की जाती है ।मंदिर में विशेष रूप से साफ सफाई कर सोमवार को घटस्थापना की जाएगी।

# पुलिस ने 24 घंटे में दबोचा नाबालिग का अपहरणकर्ता, युवती सकुशल बरामद

**शाह टाइम संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर पुलिस ने 24 घण्टे के अंदर नाबालिक लड़की की सकुशल बरामदगी अभियुक्त गिरफ्तार कार्यालय में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार नौशाद पुत्र इल्ताफ निवासी ग्राम पुहाना थाना भगवानपुर द्वारा थाना भगवानपुर पर एक प्रार्थना पत्र अपनी नाबालिग पुत्री उम्र लगभग 15 वर्ष को दिनांक 15.09.25 को उनके जान पहचान के लड़के शाहनवीर व अन्य लोगों के द्वारा अपहरण करने के सम्बंध में दिया गया जिस तुरन्त थाने पर मुकदमा 316/2025 धारा-137(2) बीएनएस दर्ज किया गया । नाबालिग लड़की के अपहरण को गम्भीरता से लेते हुए तुरन्त थाने पर उ0नि0 पुनीत दनोषी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा ठोस सुरागरस्सी पतारस्सी व सार्थक प्रयास करते हुए अपहृता को दिनांक 21.09.25 की सुबह इमलीखेड़ा रोड सिकरौड़ा पुल के पास से सकुशल बरामद किया साथ ही अपहरण के अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया गया । पूछताछ में अपहृता/पीड़ता द्वारा अपने साथ लैंगिक शोषण / बलात्कार की बात बतायी जिस आधार पर प्रकरण में भारतीय न्याय सँहिता की धारा 87/65 व 5(ठ)/6 पोक्सो अधि0 की बढ़ोत्तरी की गयी । अभियुक्त को भारतीय न्याय सँहिता तथा पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता शाहनवीर पुत्र इश्फाक निवासी ग्राम सिरचन्दी थाना भगवानपुर है। पुलिस टीम में उ0नि0 पुनीत दनौषी, उ0नि0 किरन गुन्साई, कानि0 अमित कुमार शामिल रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय जन कल्याण रविदास धाम ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अंतर्राष्ट्रीय जन कल्याण रविदास धाम ट्रस्ट के बैनर तले आज धाम प्रांगण में भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन की नई कार्यकारिणी की औपचारिक घोषणा की गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

घोषित कार्यकारिणी में राष्ट्रीय महासचिव पद पर सोमपाल निहाल, प्रदेश अध्यक्ष (महिला मोर्चा) अंजू, प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित कुमार और जिला उपाध्यक्ष मोनू को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी गई। नई टीम के गठन से कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह और जोश देखने को मिला। वक्ताओं ने घोषणा की गई कि रविदास धाम ट्रस्ट समाज के उन बच्चों के लिए स्कूल खोलने की दिशा में काम करेगा, जो आर्थिक या सामाजिक कारणों से शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। वहीं आईएएस, पीसीएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को भी ट्रस्ट की ओर से हर संभव सहयोग और मार्गदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रभारी रवि गौतम, जिला अध्यक्ष सुशील मालियान, राष्ट्रीय सचिव सतपाल, अजय कुमार, सोनू, अमित कुमार, मोंटी, कुलबीर, मिंटू, अभिषेक, पवन कुमार, प्रवीण जरावरे, संयोगिता, मीनाक्षी, बबीता, रोशनी, अंजलि, मूर्ति देवी, रेणु समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बरसात की वजह से गन्ना गंगा में बहा, किसान परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के डुमनपुरी बाण गंगा पर ज्यादा बरसात की वजह से करीब 2000 बीघे से भी ज्यादा गन्ना बह गया है किसान खून के आंसू रो रहा है। किसानों के द्वारा बताया गया की सरकार की कमी की वजह से यह जो गन्ना हमारा 2000 बीघे से भी ज्यादा बह गया है अगर सरकार पहले ही तीन ठोकर 200 मीटर की लंबी लगा देती तो आज ये दिन देखना नहीं देखता उन्होंने कहा हमें बच्चों की शादी भी करनी है बच्चों को पढ़ाना भी है सरकर हमारी ओर कोई ध्यान नहीं डे रही है एक किसान ने यह भी कहा की जिस वक्त हरीश रावत सरकर थी किसानों को मुआवजा भी दिया गया था आज किसानों की शुद्ध लेने वाला कोई नहीं है।

# मीडिया कर्मी के घर में घुसे बदमाश, विरोध करने पर भाई को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** बदमाशों ने गुरुकुल नारसन में एक मीडिया कर्मी के घर पर धावा बोल दिया। जाग हो जाने पर एक बदमाश को पकड़ लिया जिस पर दो बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर मीडिया कर्मी के भाई को घायल कर दिया और बदमाश मौके से फरार होने में कामयाब हो गए। घायल के मेडिकल के बाद पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार शनिवार की देर रात को तीन बदमाश पड़ोसी की दीवार फांदकर मीडिया कर्मी मयूर चौधरी के घर में घुस आए। परिवार के लोग अलग-अलग कमरों में सो रहे थे। इसी दौरान आहट की आवाज सुनकर मीडिया कर्मी के भाई की आंख खुल गई उसने शोर मचाते हुए एक बदमाश को दबोच लिया इसी दौरान पकड़े गए बदमाश के दो साथियों ने किसी धारदार हथियार से हमला कर दिया जिसमें मीडिया कर्मी का भाई आयुष चौधरी घायल हो गया है। बताया गया है कि बदमाश पड़ोसी की दीवार फांदकर उनके मकान में दाखिल हुए थे। रात में ही मामले की सूचना नारसन पुलिस को दी गई थी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही बदमाश फरार होने में कामयाब हो गए। मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष माहरा की आपत्तिजनक टिप्पणी पर फूटा गुस्सा

# मुस्लिम समुदाय ने पुतला दहन कर जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण महरा द्वारा एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में गहरा आक्रोश देखने को मिला। रविवार को बस अड्डे पर भारी संख्या में समुदाय के लोग एकत्रित हुए और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला फूंक कर विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व फिरोज कुरैशी और सद्दाम हुसैन ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि एक दलित अधिकारी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी न सिर्फ असंवेदनशील है, बल्कि यह समाज के कमजोर वर्गों का भी अपमान है। उन्होंने दो टूक कहा कि ऐसे बयान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

नारेबाजी करते हुए प्रदर्शनकारियों ने मांग उठाई कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण महरा को अपने बयान पर तत्काल सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि पुलिस अधिकारी जनता की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के लिए दिन-रात कार्यरत रहते हैं, और उनका



मनोबल तोड़ने वाले इस तरह के गैर-जिम्मेदाराना बयान की कड़ी निंदा होनी चाहिए। समुदाय के लोगों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र माफी नहीं मांगी गई, तो आंदोलन और अधिक उग्र रूप ले सकता है।

### रुड़की वेलफेयर फोटोग्राफी एसोसिएशन की बैठक

# फोटॉग्राफर्स की समस्याओं पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आज रुड़की वेलफेयर फोटोग्राफी एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें रुड़की के फोटोग्राफर्स की समस्याओं, महंगाई, इवेंट रेट्स को लेकर परेशानियों और उनके सुझावों पर विस्तृत चर्चा हुई। आगामी महत्वपूर्ण कदम: एसोसिएशन जल्द ही एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करेगी, जिसमें रजिस्टर्ड वेडिंग फोटोग्राफर्स की सूची साझा की जाएगी।

नए सदस्यों का स्वागत: आज की बैठक में 14 नए सदस्यों का स्वागत किया गया, जिससे एसोसिएशन का परिवार और भी मजबूत हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजक: इन सभी प्रयासों को निम्नलिखित पदाधिकारियों और सदस्यों ने मिलकर सफल बनाया:

संजीव कुमार चंद्रा (अध्यक्ष) संजय सैनी (उपाध्यक्ष) अरमिंदर सिंह (सचिव) नितिन शर्मा (संरक्षक) तोशेंद्र पाल सिंह(कानूनी सलाहकार) नीरज यादव (समन्वयक) सलीम (मीडिया प्रभारी) मान सिंह (कोषाध्यक्ष) शेखर सैनी, जीतेंद्र सैनी, पुष्पेंद्र सैनी, अलोक कुमार, रवि कांत



राय (कोर कमेटी सदस्य) कार्यक्रम का आयोजन: कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया और सभी सदस्यों ने अपनी सक्रिय भागीदारी से इसे और भी सफल बनाया।

## यूकेएसएसएससी भर्ती परीक्षा फिर से सवालों के घेरे में

# सलाखों के पीछे हाकम, फिर भी तीन पन्ने बाहर, बेरोजगार खफा

■ बेरोजगार संघ ने किया पेपर लीक का दावा
■ संघ ने प्रेस वार्ता कर कहा- परीक्षा शुरू होने के आंधे घंटे बाद ही 11.35 बजे पेपर का एक सेट लीक हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद भी सरकारी नौकरी पाने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले बेरोजगार युवाओं की उम्मीद और आशाओं को तोड़ने के लिए नकल माफिया अभी भी हथकंडे अपनाने से पीछे नहीं हट रहे हैं।

पिछले कुछ सालों में लगातार ऐसे मामले सामने आ चुके हैं और लगातार भर्ती परीक्षा सवालों के घेरे खड़ी रही है।

रविवार को आयोजित हुई उत्तराखंड अधिनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा फिर से सवालों के घेरे में है। उत्तराखंड बेरोजगार संघ ने प्रेस वार्ता कर पेपर लीक होने का दावा किया है, वहीं, आयोग ने माना है कि तीन पन्ने बाहर आये हैं।

प्रदेश भर में यूकेएसएसएससी की परीक्षा रविवार सुबह 11 बजे प्रदेश के 445 केंद्रों में आयोजित हुई। बेरा. जगार संघ का दावा है कि परीक्षा शुरू होने के करीब आंधे घंटे बाद ही 11:35 बजे पेपर का एक सेट लीक हो गया।

बेरोजगार संघ का मानना है कि हरिद्वार के एक सेंटर से पेपर लीक हुआ है,जिसके बाद बेरोजगार संघ दावा कर रहा है कि पेपर की गोपनीयता भंग हुई है। बेरोजगार संघ के अध्यक्ष राम कंडवाल का कहना है कि जो पेपर बाहर आया था, और परीक्षा में अभ्यर्थियों के मिले पेपर का मिलान किया गया तो कई प्रश्न मिल रहे हैं। अब सवाल यह हैं कि जब हाकम सिंह सलाखों के पीछे है, तो फिर ये पेपर बाहर कैसे आये।

### आज सचिवालय कूच का ऐलान

पेपर लीक का दावा करने के बाद अब बेरोजगार संघ ने 22 सितंबर को देहरादून के परेड ग्राउंड में इकट्ठा होकर सचिवालय कूच करने का ऐलान किया है। साथ ही इस पूरे मामले की सीबीआई जांच करने की मांग रखी है।



### एसटीएफ को उपलब्ध कराया था ऑडियो

बीते दिवस 20 सितंबर को देहरादून पुलिस और एसटीएफ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए यूकेएसएसएससी भर्ती परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों के साथ ठगी करने वाले दो आरोपी पंकज गौड़ और हाकम सिंह की गिरफ्तारी की थी। हालांकि, इस मामले पर बेरोजार संघ का कहना है कि उन्होंने इस खुलासे से पहले 9 सितंबर को एसटीएफ को एक ऑडियो दिया था, जिसमें पंकज गौड़ यूकेएसएसएससी पेपर देने वाले किसी अभ्यर्थी को अपने जाल में फंसा रहा है और 15 लाख रुपए की मांग के साथ देहरादून बुला रहा है। बेरोजगार संघ की दी गई ऑडियो के बाद ही एसटीएफ अलर्ट मोड पर आई थी और उसके बाद ही शनिवार को पंकज गौड़ और हाकम सिंह की गिरफ्तारी की गई ।

### प्रश्न पत्र लीक नहीं, तीन पन्ने आए बाहर: आयोग

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के चेयरमैन गणेश शंकर मर्तोलिया ने पेपर लीक मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रश्न पत्र से जुड़े तीन पन्ने बाहर आए हैं। हालांकि, शुरुआती जांच में यह पन्ने पढ़ने योग्य नहीं पाए गए हैं। चेयरमैन ने यह भी बताया कि परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाए गए थे, ऐसे में यह बड़ा सवाल बनकर उभरा है कि फिर भी ये पन्ने बाहर कैसे आए? इस पूरे मामले पर आयोग स्तर पर उच्च स्तरीय बैठक हुई है,जिसमें विभिन्न पहलुओं की गहनता से समीक्षा की गई है।

### हिरासत में बॉबी, उनके पास पेपर कैसे पहुंचा ?



**हरिद्वार।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का पेपर लीक होने का दावा करने के कुछ घंटे बाद ही हरिद्वार में पुलिस ने उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा के अध्यक्ष बॉबी पंवार को हरिद्वार में हिरासत में ले लिया। बॉबी से पूछताछ की जा रही है कि उनके पास लीक हुआ पेपर कहां से पहुंचा। इस की छान बीन की जा रही हैं। बॉबी पंवार को हिरासत में लिये जाने की खबर मिलने के बाद से ही बॉबी के समर्थक भड़क गए और उनकी पुलिस से नोंकझोंक हुई। बॉबी पंवार रविवार को एक कार्यक्रम में शामिल होने हरिद्वार पहुंचे थे। गौरतलब है कि 20 सितंबर को एसटीएफ और देहरादून पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में हाकम सिंह और पंकज गौड़ पहले ही पकड़े जा चुक है। अब नए आरोपों ने आयोग की परीक्षा प्रणाली पर फिर सवाल खड़े कर दिये है।

## फिर पेपर लीक, सरकार परीक्षाएं कराने में विफलः माहरा

■ कौन है हाकम सिंह का 'हाकिम' बताए, सरकारः कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने राज्य में आयोजित यूकेएसएसएससी की स्नातक स्तरीय पटवारी भर्ती परीक्षा में एक बार फिर सामने आए पेपर लीक मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह वर्षों से सरकारी नौकरी की प्रतीक्षा कर रहे लाखों युवाओं के भविष्य के साथ धामी सरकार का एक और बड़ा धोखा है। माहरा ने कहा कि धामी सरकार ने उत्तराखंड प्रतियोगी परीक्षा अध्यादेश 2023 जारी कर इसे देश का सबसे सख्त नकल-विरोधी कानून बताया था। सरकार ने दावा किया था कि युवाओं के हितों की रक्षा के लिए वह नकल माफिया को जड़ से समाप्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और पेपर लीक जैसी घटनाओं को रोकते हुए पारदर्शी भर्तियां सुनिश्चित की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि तब धामी सरकार ने अपनी वाहवाही लूटने के लिए बड़े-बड़े दावे किए थे लेकिन आज धामी सरकार के सभी दावे खोखले और जुमले साबित हुए। भाजपा के अपने ही पूर्व नेता और पेपर लीक के आरोपी को फिर से गिरफ्तार करना पड़ा। सवाल उठाया कि भाजपा नेताओं का पाला हुआ नकल माफिया हाकम सिंह बार-बार युवाओं के भविष्य से किसकी शह पर खेल रहा है? कौन है हाकम सिंह का 'हाकिम' जो इस नकल माफिया का 'गॉडफादर' बना हुआ है।

# जीएसटी की नई दरें आज से लागू

## मुख्यमंत्री ने नई दरों व स्वदेशी अभियान पर की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** देशभर के साथ ही उत्तराखंड में भी 22 सितंबर सोमवार (आज) से जीएसटी की नई दरों वाली व्यवस्था लागू हो जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के मंत्रीगणों, विधायकों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से संवाद किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 सितंबर से देशभर में जी.एस. टी. की नई दरें प्रभावी होंगी। उन्होंने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई दरों का लाभ आम जनता और व्यापारिक समुदाय तक तीव्रता से पहुंचे, इसके लिए प्रदेश में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे 22 से 29 सितम्बर तक अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन करें। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने जी.एस.टी की नई दरों से आमजन और व्यवसायियों को होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, रेखा आर्या, कई विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### व्यापार सुगमता को मिलेगा बढ़ावा: धामी



सीएम पुष्कर धामी ने कहा कि जी. एस. टी. की नई दरें लागू होने के बाद न केवल व्यापार सुगमता को बढ़ावा मिलेगा बल्कि उपभोक्ताओं और उत्पादकों दोनों को इसका लाभ प्राप्त होगा। इससे स्थानीय स्तर पर उत्पादकता और विपणन प्रक्रियाओं में पारदर्शिता आएगी और छोटे-छोटे उद्यमी भी राष्ट्रीय एवं वैश्विक बाजार से जुड़ सकेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों से यह अपेक्षा व्यक्त की कि वे स्वयं इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं और इसे जन अभियान का स्वरूप दें।

# आदि कैलाश परिक्रमा अल्ट्रा मैराथन का मुख्यमंत्री ने किया फ्लैग ऑफ

■ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर दो नवंबर को गूंजी गांव से होगा आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 2 नवंबर को व्यास घाटी में गूंजी गांव से आदि कैलाश मैराथन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साहसिक और शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने, युवाओं को स्वस्थ जीवन के लिए प्रोत्साहित करने और नशा मुक्त उत्तराखण्ड के संकल्प को पूर्ण करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

यह अल्ट्रा मैराथन 10,300 से 15,000 फीट ऊंचाई पर होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास से आदि कैलाश परिक्रमा रन प्रोमो रन का फ्लैग ऑफ किया और लोगो का अनावरण किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, आईजी आईटीबीपी संजय गुंज्याल, अपर सचिव पर्यटन अभिषेक रुहेला, पूजा गर्ब्याल आदि मौजूद थे।



## वाईब्रेंट विलेज योजना को भी मिलेगा बढ़ावाः धामी

मैराथन की यह पहल सीमावर्ती क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास, पलायन की समस्या के निराकरण, स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने और पर्यटन इन्फ्रास्ट्रक्चर को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए बनाई गई वाईब्रेंट विलेज योजना को बढ़ावा देने के लिए भी यह मैराथन काफी कारगर साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मैराथन न केवल खेल प्रतियोगिता है, बल्कि सीमावर्ती लोगों को सम्मान, स्थानीय पहचान तथा होम-स्टे एवं पर्यटन क्षेत्र में स्थायी रोजगार के अवसर सृजित करने का सशक्त माध्यम भी है। आयोजन से राज्य की प्राकृतिक तथा सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। रविवार को आयोजित आदि कैलाश परिक्रमा रन मैराथन में प्रदेशभर के बच्चों, युवाओं एवं अन्य सभी आयु वर्ग के लोगों ने प्रतिभाग किया।

## देशभर के एथलीट करेंगे प्रतिभागः गर्ब्याल

सचिव पर्यटन धीराज गर्ब्याल ने कहा कि 10 किलोमीटर दूरी की इस दौड़ प्रतियोगिता के शीर्ष 3 विजेताओं को 2 नवंबर को गुंजी पिथौरागढ़ में आयोजित होने वाली आदि कैलाश मैराथन में प्रतिभाग का अवसर मिलेगा। इस आयोजन की पाँच श्रेणियाँ-60 किमी (अल्ट्रा रन), 42 किमी (फुल मैराथन), 21 किमी (हाफ मैराथन), 10 किमी रन व5 किमी रन-रहेंगी, जिसमें देशभर के एथलीट प्रतिभाग करेंगे। सचिव पर्यटन ने कहा कि इस मैराथन के सफल आयोजन के बाद जून 2026 में अगले मैराथन का आयोजन माणा-नीति क्षेत्र में प्रस्तावित है। व्यास और नीति घाटी में आयोजित होने वाली मैराथन में विजेताओं के लिए कुल 50 लाख की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है।

## कांग्रेस षड्यंत्र के तहत सरकार को बदनाम करने का प्रयास कर रही : चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि सरकार नकल विरोधी माफियाओं को जेल मे डालने के प्रति प्रतिबद्ध है। भाजपा कांग्रेस समर्थित माफियाओं की पहल को कामयाब नही होने देगी। उन्होंने विपक्ष की मंशा को सवालों के घेरे मे बताया और आरोप लगाया की कांग्रेस षडयंत्र के तहत सरकार को बदनाम करने का प्रयास कर रही है । ये निश्चित है कि धामी के चाबुक से हाकम के हाकिम नहीं बच पाएंगे । कांग्रेस के आरोपों पर चौहान ने कहा कि यूकेएसएससी द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय परीक्षा के पेपर लीक को लेकर कुछ संगठनों के द्वारा भ्रामक खबरें फैलाई जा रही हैं। इससे एक सोची समझी साजिश के तहत युवाओं को भ्रमित करने की कोशिश की जा रही है । जबकि यूकेएसएसएससी के अनुसार पेपर लीक जैसा कोई मामला नहीं है । पेपर की तीन पेज का स्क्रीन शॉट साजिश के तहत किसी के द्वारा परीक्षा शुरू होने के 35 मिनट बाद बाहर निकला है । यह जांच का विषय है। आखिर कैसे पेपर के तीन पेज बाहर आए ? किसने भेजे इसकी जाँच यूकेएसएससी करा रही है? किस परीक्षा केंद्र से किसने किया जाँच हो रही है? लेकिन पेपर लीक जैसा कोई मामला नहीं है । परीक्षा शुरू होने के 35 मिनट बाद ऐसा किसी ने षड्यंत्र के तहत सरकार की पारदर्शी परीक्षा करने के अभियान को बदनाम करने की कोशिश की है।

चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून उत्तराखंड में लागू किया है । युवाओं के साथ किसी भी प्रकार का छल और अन्याय न हो इसके लिए उत्तराखंड से नकल माफियाओं के तंत्र को जड़ से समाप्त करने का काम किया है ।

## बडकोट पालिकाध्यक्ष विनोद ने पुलिस दबिश का किया खंडन

**उत्तरकाशी।** नकल माफिया हाकम सिंह की गिरफ्तारी के बाद अब उसके नजदीकी सहयोगियों और हमदर्दों पर पुलिस का शिकंजा कसना शुरू हो गया है। इसी कड़ी में रविवार को बड़कोट पुलिस ने नगर पालिका परिषद बड़कोट के अध्यक्ष विनोद डोभाल के कार्यालय और होटल पर दबिश देने की सोशल मीडिया पर चर्चा फैलाई गई । बाद में नगरपालिका अध्यक्ष बड़कोट डोभाल ने फेसबुक लाइव आया और पुलिस की दबिश का पूरी तरह से खंडन करते हुए कहा कि मेरे खिलाफ साजिश की जा रही हैं । रविवार के दिन कार्यलय अवकाश होता है। उन्होंने कहा कि कि पुलिस ने किसी भी तरह की कोई दबीस नहीं दी। उन्होंने कहा कि हाकम सिंह रावत से से मेरा गलत कामों से कोई वास्ता नहीं है।



# सम्पादकीय



## ट्रम्प का दोहरा चरित्र

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक एग्जक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए, जिससे एच-1बी वीजा व्यवस्था में बड़ा बदलाव हो गया है। अब से कोई भी शख्स अमेरिका जाने की खातिर इस वीजा के लिए आवेदन करेगा तो उसके नियोक्ता को प्रोसेसिंग के लिए 1 लाख डॉलर यानी करीब रुपये 83 लाख शुल्क देना होगा। व्हाइट हाउस का कहना है कि यह कदम अमेरिकी नौकरियों की सुरक्षा के लिए है और केवल सबसे कुशल विदेशी कामगार ही अमेरिका आएंगे। ट्रंप के जिस फैसले को अमेरिकियों के हित में बताया जा रहा है उसका सबसे ज्यादा असर भारतीयों पर पड़ेगा, क्योंकि यह वीजा धारकों में भारत की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से ज्यादा है। हाल के वर्षों में 71.73 प्रतिशत एच-1बी वीजा भारतीयों को मिले हैं, जबकि चीन का हिस्सा लगभग 11.12 प्रतिशत है। 2024 में ही भारत को 2 लाख से ज्यादा एच-1बी मिले। अनुमान है कि अगर सिर्फ 60,000 भारतीयों पर तुरंत असर पड़ता है तो सालाना भार 6 बिलियन डॉलर रुपये 53,000 करोड़ तक होगा। मध्यम स्तर के इंजीनियर, जो अमेरिका में सालाना 1.2 लाख डॉलर कमाते हैं, उनके लिए यह शुल्क उनकी आय का लगभग 80 प्रतिशत निगल जाएगा। छात्रों और रिसर्चरों के लिए भी यह रास्ता लगभग बंद हो जाएगा। इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो और एचसीएल जैसी भारतीय आईटी कंपनियां लंबे समय से एच-1बी वीजा पर अमेरिकी प्रोजेक्ट चलाती रही हैं, लेकिन नया शुल्क मॉडल अब उन्हें ऐसा करना बेहद महंगा बना देगा। कई कंपनियां काम को वापस भारत या कनाडा-मेक्सिको जैसे नजदीकी केंद्रों में शिफ्ट करने पर मजबूर होंगी। इस पर खासतौर से सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस ने सरकार को केवल आवेदन की लागत वसूलने की अनुमति दी है न कि इतनी बड़ी रकम थोपने की। ऐसे में यह आदेश अदालत में चुनौती का सामना कर सकता है। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल के दौरान उनके सलाहकार रहे और आव्रजन नीति पर एशियाई-अमेरिकी समुदाय के नेता अजय भुटोरिया ने एच1-बी शुल्क बढ़ाने संबंधी ट्रंप की नई योजना से अमेरिकी प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त पर संकट मंडराने की चेतावनी दी। टैरिफ को लेकर पहले से ही जारी टेंशन के बीच भारत-अमेरिका के राजनीतिक रिश्तों पर भी इसका असर पड़ सकता है। भारत सरकार इस मुद्दे को कूटनीतिक स्तर पर जरूर उठाएगी क्योंकि लाखों भारतीय प्रभावित होंगे। ट्रंप अपने मतदाताओं को यह संदेश देना चाहते हैं कि वह अमेरिकी नौकरियों की रक्षा कर रहे हैं, लेकिन भारत के साथ साझेदारी और टेक्नोलॉजी सहयोग पर इसका निगेटिव असर हो सकता है। अब 85,000 वार्षिक एच-1बी कोटा (65,000 सामान्य, 20,000 उच्च डिग्री धारकों के लिए) पर यह शुल्क लागू होगा। छोटी कंपनियां और नए स्नातक पीछे हट सकते हैं। नियोक्ता केवल उच्च वेतन वाले विशेषज्ञों को स्पॉन्सर करेंगे, जिससे अवसर और भी सीमित हो जाएंगे। विश्लेषकों का मानना है कि यह कदम अमेरिका की इनोवेशन क्षमता पर टैक्स लगाने जैसा है और इससे ग्लोबल टैलेंट अमेरिका आने से कतराएगा।

### अब स्वदेशी-स्वदेशी चिल्ला रहे हैं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रहन -सहन, कपड़ा, पेन, मोबाइल उनका तौर तरीका, उनका जीवन सारा, तो विदेशी सामानों पर निर्भर है, आप अमेरिका के ऊपर निर्भर हैं, आप चीन के ऊपर निर्भर हैं, आप जापान के ऊपर निर्भर हैं, चूंकि आपको रोज ट्रम्प से जूते पड़ रहे हैं, तो अब स्वदेशी- स्वदेशी चिल्ला रहे हैं, हम लोगों को बेवकूफ समझते हो आप, क्या है स्वदेशी, स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए आपने क्या किया है, गलवान घाटी की घटना के बाद जब चीन ने हमारे बीस जवानों को चीन ने शहीद किया, तब उसके बाद भारत का चीन से व्यापार 39 लाख करोड़ का है, तो इनके मुंह से स्वदेशी शब्द ही नहीं निकलना चाहिए, अगर कोई भाजपाई स्वदेशी शब्द बोले, तो उसके मुंह में, तो छाला पड़ जाना चाहिए।

**-संजय सिंह, सांसद, आम आदमी पार्टी**

## क्या अभी भी सच नहीं दिखाई दे रहा!






पवन सिंह

क्या अभी भी आप सच नहीं देख पा रहे हैं? धर्म और जाति के पागलपन का एनेस्थीसिया क्या अभी भी खत्म नहीं हुआ है? क्या आपको अभी भी नहीं लगता है कि समूचे देश को एक भयावह भंवर जाल में फंसा दिया गया है? क्या अभी भी आप ईमानदारी से एक सवाल तक नहीं कर सकते हैं? किसी सत्ता की स्वामिभक्ति ने क्या आपको इतना नीचे गिरा दिया है कि अब जब देश का सम्मान और उसकी सुरक्षा तक प्रभावित होने लगी है, तब भी आप कीर्तन-भजन गा रहे हैं? कितने बहाने और स्पष्टीकरण देंगे? तय आपको करना है कि आप बतौर एक हिन्दुस्तानी देश के साथ हैं या किसी सत्ता के साथ? मौजूदा समय में यह देश एक गंभीर खतरे में है लेकिन आप देखना व समझना नहीं चाहते हैं।

H-1B वीजा का अमेरिकी खेल, पाक और सऊदी अरब के साथ समझौता और बांग्लादेश में अमेरिकी फौज की इंट्री। जो औसत दर्जे का भी समझदार नागरिक होगा और जिसे थोड़ी सी भी अपने देश को लेकर किसी कोने में मोहब्बत होगी, वह कम से कम अब तो समझ ही चुका होगा कि हमारी क्या हालत हो चुकी है। H-1B वीजा के लिए जो फीस डेढ़ हजार डॉलर थी वह अब सीधे 1 लाख डालर कर दी गई है। भारतीय रुपया जो अब लगभग मरणासन्न स्थिति में और 87-88 के आसपास टहल रहा है उसके हिसाब से इस वीजा के लिए अब लगभग 88 लाख रुपये देने होंगे। ट्रंप सरकार के इस फरमान से अमेजन, एप्पल, मेटा, माइक्रोसॉफ्ट, गुगल के बाद भारतीय कंपनियों जैसे-इनफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो और टेक महेंद्रा जैसी कंपनियों में अफरातफरी मच चुकी है। अचानक लागू हुए इस नियम ने भारतीय एयरपोर्टों पर त्योहार के लिए आए लाखों प्रोफेशनल युवाओं को लौटती फ्लाइट से वापस अमेरिका भागने पर मजबूर कर दिया है। अब अमेरिकी और भारतीय कंपनियां अपने किसी कर्मचारी के लिए इतनी बड़ी राशि देने के लिए शायद तैयार नहीं हैं, चूंकि ट्रंप का यह फैसला 21 सितंबर, 2025 से लागू हो रहा है ऐसे में जो जैसे आया था वह वैसे ही वापस लौट रहा है। हालात तो यह है कि लोग एयरपोर्ट पर उतरे और एयरपोर्ट के बाहर खड़े अपने मां-बाप-भाई-बहन तक से न मिल पाए। वापस जाती फ्लाइट के लिए टिकट बुक करा लिया। हालात दुखद हैं लेकिन बतौर एक देश हम सब फंस चुके हैं। आपको बता दें कि हमारे आप जैसे भारत के करोड़ों मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चे जो देश के तमाम इंस्टीट्यूट में एक सपना लेकर पढ़ रहे हैं, उनके सामने एक गहरी निराशा है। वर्ष, 2015 से हर साल अमेरिका द्वारा जितने भी H-1B आवेदन मंजूर किए जाते रहे हैं उसमें से करीब 70 प्रतिशत से अधिक आवेदन भारतीयों के होते हैं। ऐसी स्थिति में आगे क्या होगा, यह सोचना ही भयावह है। ट्रंप ने जिस आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, वह अमेरिकी मीडिया ने प्रकाशित किया है। जिसमें कहा गया है कि वर्ष, 2000 से वर्ष, 2019 के मध्य अमेरिका में विदेशी STEM यानी साइंस, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग व मैथ प्रोफेशनल्स की संख्या जो कि 12 लाख हुआ करती थी वह 25 लाख हो गई। बकौल ट्रंप, IT कंपनियों ने H-1B वीजा सिस्टम में हेर-फेर किया है। H-1B वीजा प्रोग्राम के तहत IT प्रोफेशनल्स का पिछले पांच सालों में बढ़कर 65 प्रतिशत से ज्यादा हो गया हो। आंकड़ों को देखें तो वर्ष, 2022, अक्टूबर से वर्ष, 2023, सितम्बर के बीच, H-1B के तहत जारी, करीब 4 लाख वीजा में से 72 प्रतिशत वीजा केवल भारतीयों को मिले। यहां यह भी बता दूं कि अमेरिका में भारत की चार बड़ी IT कंपनियों ने जबरदस्त पैर जमा रखें हैं इनमें इन्फोसिस, टीसीएस, एचसीएल व विप्रो में ही कार्यरत 20 हजार लोगों को नौकरी मिली, मतलब H-1B वीजा की मंजूरी मिली। इसके दो बड़े नुकसान होंगे, पहला-यह कि अमेरिका में भारतीय प्रोफेशनल्स कम हो जाएंगे और परिणामस्वरूप भारतीय आईटी कंपनियों को अमेरिकी कॉन्ट्रेक्ट भी कम मिलेंगे। फिलहाल ताजा-ताजा यह हुआ है कि दीपावली की लंबी छुट्टी में तमाम भारतीय शादियों के लिए भी आते थे, वह सब कैंसिल हो चुकी हैं। बंगलौर, हैदराबाद , चेन्नई और अहमदाबाद आदि शहरों के वेडिंग प्लेसेज के कैंसिलेशन कि खबर मीडिया पर आएगी, ऐसी उम्मीद करता हूं। हालांकि, यह उम्मीद करना बेकार है। हां! H-1B में जो बदलाव हुए हैं, उसके लाभ जरूर मीडिया गिनवाएगा। इसी बीच एक और बड़ी घटना हुई है और वह है पाक-सऊदी रक्षा समझौता। विगत 11 सालों में हम कूटनीतिक मोर्चे पर ऐसा पिटे हैं कि पड़ोस का नेपाल भी साथ नहीं है। सऊदी अरब अब खुलकर भारत के खिलाफ पाकिस्तान को आर्थिक और सैन्य मदद कर सकता है। पाकिस्तान व सऊदी अरब के साझा रक्षा समझौते के अनुसार अब यदि कोई देश पाक या सऊदी पर हमला करता है तो उसे साझा हमला यानी दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। गले मिलने और गले पड़ने व फोटो सेशन व शूटिंग-शर्टिंग में कब हम सब कुछ अंतराष्ट्रीय स्तर पर खोते चले गए, पता ही नहीं चला। बिकाऊ पत्रकारों की भांडगिरी ने कहीं का नहीं छोड़ा है। पाकिस्तान कूटनीतिक मोर्चे पर देखते ही देखते फर्राटा भर रहा है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपनी रियाद यात्रा के दौरान सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात के बाद ऐसा कोई स्ट्रैटेजिक म्यूचुअल डिफेंस एग्रीमेंट करने वाले हैं, इसकी कानों-कान भारत को खबर तक न लगी। लगती भी कैसे। निर्वाचन आयोग से लेकर सभी संवैधानिक संस्थाओं को रौंदने के अभियान पर जो ध्यान है। पाकिस्तान ने एक झटके में मुस्लिम देशों के बीच अपनी छवि को पुख्ता कर डाला। उसने साऊदी अरब के साथ अपने परमाणु हथियारों को ठेके पर देने की डील कर डाली और इशारा कर दिया कि मुस्लिम ब्रदरहुड की छतरी के नीचे उसके परमाणु हथियार उन्हें सुरक्षा देंगे। इस पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल की एक बेहद सधी हुई प्रतिक्रिया आई हम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता के लिए वचनबद्ध हैं और इस पर अध्ययन कर रहे हैं।ष एक सवाल जेहन में आता है कि यदि अब भारत पाकिस्तान के खिलाफ अगर कोई सैन्य आपरेशन करता है तो साऊदी अरब की प्रतिक्रिया क्या होगी? यहां यह बता दूं कि पहलगाम की घटना के बाद भारत ने जब पाकिस्तान पर हमला किया तो चीन व तुर्की ने पाकिस्तान की खुलकर मदद की। वह अलग बात है कि हम उसी चीन के पाले में खड़े होकर दांत चियार रहे हैं। पाकिस्तान के पीछे चीन खुलकर खड़ा है और सऊदी अरब के पीछे अमेरिका खड़ा है। अमेरिकी-भारत रिश्ते कहां खड़े हैं, यह सामने है। रक्षा विशेषज्ञ मेजर जनरल अशोक कुमार (रिटा) ने तमाम भारतीय मीडियाकर्मियों से कहा कि साऊदी-पाक का यह रिश्ता एक दिन में नहीं बना है, यह सालों से चली आ रही बातचीत का नतीजा है और यह समझौता ऐसे वक्त पर हुआ है जब गाजा संकट के बीच इजरायल ने कतर पर हमला किया है। इस समझौते में चीनी, रूसी खेल भी हो सकता है। उधर रूस का भी पाकिस्तान के प्रति झुकाव, भारतीय संदर्भों में हमारी कूटनीति की शवयात्रा निकाली चुका है। उधर, बांग्लादेश में भी तख्तापलट हुआ और इधर खबर तक न लगी उस पर ताजा खबर यह है कि बांग्लादेश में अमेरिकी फौज उतर चुकी है। हमारी हालत यह है कि हम पर अब न अमेरिका को भरोसा रहा न रूस को और चीन तो शातिर है ही। पड़ोसी नेपाल, लंका, बांग्लादेश, म्यांमार, मालदीव। कोई भी साथ नहीं। सब के सब चीन की ओर मुखातिब हो चुके हैं। फोटोग्राफी सेशन, फैंसी ड्रेस कॉम्पटीशन, लाइट, कैमरा, एक्शन, बाबाओं के आश्रमों की भीड़ और मीडिया का कीर्तन-भजन। एन-केन सत्ता पर पकड़। बस इससे ज्यादा फाग हमारे यहां नहीं चल रहा है। हालत निबरे की जोइया सबकी सरहज वाली है। यानी गरीब की पत्नी से हर आदमी मजाक कर लेता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## गुलाब दिवस: कैंसर योद्धाओं का संघर्ष

**कैंसर के संबंध में यह जानना जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी व्यक्ति को किसी भी उम्र में हो सकती है लेकिन यदि इसका सही समय पर पता लगा लिया जाए तो उपचार संभव है। इसी कारण लोगों को कैंसर तथा इसके कारणों के प्रति जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जाती रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें। कैंसर के कुछ प्रमुख कारणों में वजन बढ़ना या मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, धूम्रपान, अल्कोहल तथा नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार न लेना, नियमित व्यायाम न करना इत्यादि शामिल हैं। यह एक ऐसी खामोश बीमारी है, जिसके कभी-कभार कोई लक्षण सामने नहीं आते किन्तु कैंसर के अक्सर जो लक्षण सामने आते हैं।**




योगेश कुमार गोयल

22 सितम्बर को दुनियाभर में विश्व गुलाब दिवस मनाया जाता है। हालांकि इस दिवस के नामकरण से प्रतीत होता है, मानो यह दिवस गुलाब रोज की विभिन्न किस्मों के बारे में जानने के लिए ही मनाया जाता हो लेकिन वास्तव में यह दिन कैंसर से लड़ रहे लोगों में आशा और उत्साह का संचार करने के लिए समर्पित है। गुलाब का फूल चूंकि खुशी का प्रतीक होता है, इसीलिए इस दिन कैंसर मरीजों और उनकी देखरेख करने वालों को गुलाब का फूल देकर संदेश दिया जाता है कि कैंसर जिंदगी का अंत नहीं है बल्कि कैंसर से न केवल लड़ा जा सकता है बल्कि लड़कर जीत भी हासिल की जा सकती है। गुलाब का फूल देकर उन्हें अहसास कराया जाता है कि उनकी जिंदगी भी फिर से गुलाब जैसी ही महक और खिल सकती है, बस जरूरत है कैंसर से दृढ़तापूर्वक लड़ने के जज्बे की। वास्तव में इस दिवस के माध्यम से लोगों को यह संदेश देने का प्रयास किया जाता है कि प्राणघातक बीमारी कैंसर से जूझ रहे मरीजों का दुख बांटने का छोटा सा प्रयास करके भी हम उन्हें बड़ा संबल प्रदान कर सकते हैं। इस दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य कैंसर रोगियों को कैंसर से लड़ने की प्रेरणा शक्ति और उन्हें खुशियां देना ही है। दरअसल कैंसर एक ऐसी गंभीर बीमारी है, जो व्यक्ति को न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक और आर्थिक रूप से भी तोड़ देती है।

हालांकि दुनिया में कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो स्वयं इस बीमारी से जूझते हुए भी अपनी बहादुरी और सकारात्मक के चलते दूसरे कैंसर मरीजों के लिए मिसाल बन जाते हैं। ऐसी ही एक बहादुर बच्ची थी कनाडा की 12 वर्षीया मेलिन्डा रोज, जिसे 1994 में मात्र 12 साल की आयु में ही घातक रक्त कैंसर (अस्किन्स ट्यूमर) हो गया था। मेलिन्डा कैंसर से आखिरी जंग लड़ रही थी और डॉक्टरों ने कह दिया था कि वह दो सप्ताह से ज्यादा जीवित नहीं रह पाएगी लेकिन उस छोटी बच्ची ने हार नहीं मानी तथा न केवल करीब 6 महीने तक जीवित रही बल्कि अन्य कैंसर पीड़ितों के लिए भी अद्भुत मिसाल बन गई। मेलिन्डा ने यह 6 महीने कैंसर से जूझ रहे मरीजों के साथ ही बिताए और नोट्स, कविताओं तथा ई-मेल के जरिए उन लोगों को खुश रखने के प्रयास किए तथा अपने इस जज्बे से बहुत सारे लोगों को प्रभावित भी किया। सितम्बर 1994 में इस बच्ची ने सबका साथ छोड़कर दुनिया को अलविदा कह दिया लेकिन कैंसर पीड़ितों को जिंदगी से लड़ने की हिम्मत रखने का हौंसला दे गई। 22 सितम्बर को कैंसर रोगियों के कल्याण के प्रति समर्पण के रूप में मेलिन्डा रोज की ही स्मृति में विश्व गुलाब दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को कैंसर की शुरुआती पहचान तथा रोकथाम के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक दिन के रूप में भी मनाया जाता है, जो न केवल इलाज कर सकता है बल्कि कई विकृतियों से भी बचा सकता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाना तथा कैंसर रोगियों को यह संदेश देना है कि भले ही इस बीमारी से वह अकेले लड़ रहे हैं लेकिन मानसिक तौर पर हम भी उनके साथ खड़े हैं। हमारे बीच ऐसे बहुत से लोग मिल जाएंगे, जो कैंसर के दर्दनाक इलाज को झेलने के बाद भी हंसते-खिलखिलाते नजर आते हैं। ऐसे लोग कैंसर से जूझ रहे अन्य मरीजों के मनोबल को बढ़ाते हुए उनके अंदर भी फिर से जीने की उम्मीद जगाने का प्रयास करते हैं। वास्तव में किसी को जीने की आशा देना जीवन का सबसे बड़ा हिस्सा हो सकता है और इसीलिए ऐसे लोग सम्मान के बड़े हकदार हैं। कैंसर से लड़ने और इस पर विजय पाने के दुनिया भर में अनेक चिकित्सीय उपाय हो रहे हैं और शोधकर्ताओं के प्रयासों के चलते कैंसर का शुरूआती चरण में इलाज अब संभव भी है। कुछ वर्ष पूर्व तक कैंसर को एक असाध्य अर्थात् लाइलाज रोग के रूप में जाना जाता था लेकिन पिछले कुछ वर्षों में कैंसर के उपचार की दिशा में क्रांतिकारी खोजें हुई हैं और अब यदि समय रहते कैंसर की पहचान कर ली जाए तो इसका उपचार किया जाना काफी हद तक संभव है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## स्वच्छ ऊर्जा की दौड़ में चीन का बढ़ता वर्चस्व



विनीत नारायण

आज की दुनिया में ऊर्जा नीतियां सिर्फ आर्थिक निर्णय नहीं हैं, बल्कि वैश्विक वर्चस्व की कुंजी हैं। जब अमेरिका तेल और गैस पर दांव लगाकर पुरानी राह पर लौट रहा है, वहीं चीन स्वच्छ ऊर्जा क्रांति को गति दे रहा है। यह विरोधाभास न केवल आर्थिक असंतुलन पैदा कर रहा है, बल्कि भविष्य की तकनीकी दिग्गजोंकृजैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए बुनियादी ढांचे को भी प्रभावित कर रहा है। साइरस जेन्सेन की हालिया वीडियो 'अमेरिका जस्ट मेड द ग्रेटेस्ट मिस्टेक ऑफ द 21वीं सेंचुरी' इस मुद्दे को बेबाकी से उजागर करती है।

अमेरिका, जो कभी नवाचार का प्रतीक था, अब अपनी ऊर्जा नीतियों में उल्टा चढ़ाव दिखा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में, अमेरिका ने अलास्का में 44 अरब डॉलर का प्राकृतिक गैस प्रोजेक्ट शुरू किया था। जनरल मोटर्स जैसी कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहनों की योजनाओं को रद्द कर रही हैं और वी8 गैस इंजनों पर लौट रही हैं। यहां तक कि ईवी खरीद पर टैक्स क्रेडिट भी समाप्त कर दिए गए हैं। यह सब तब हो रहा है जब दुनिया जलवायु परिवर्तन से जूझ रही है और नवीकरणीय ऊर्जा ही भविष्य का रास्ता दिख रही है।

जेन्सेन की वीडियो में साफ कहा गया है कि अमेरिका की यह रणनीति अल्पकालिक लाभ के लिए है। तेल और गैस निर्यात बढ़ाने से तत्काल आर्थिक फायदा तो मिलेगा, लेकिन लंबे समय में यह वैश्विक बाजारों में पीछे धकेल देगा। अमेरिका ने 1950 के दशक में सोलर पैनल विकसित किए थे, 1970 के दशक में लिथियम-आयन बैटरी का आविष्कार किया, लेकिन रोनाल्ड रीगन जैसे नेताओं ने जिमी कार्टर के व्हाइट हाउस सोलर पैनल हटाकर इसकी उपेक्षा की। आज भी वही पुरानी सोच हावी है। परिणामस्वरूप, अमेरिका ईवी निर्यात में मात्र 12 अरब डॉलर और बैटरी निर्यात में 3 अरब डॉलर पर सिमट गया है, जबकि सोलर पैनल निर्यात तो महज 69 मिलियन डॉलर का है।



यह भूल सिर्फ आर्थिक नहीं, भू-राजनीतिक भी है। वैश्विक दक्षिणकृजो सौर और पवन ऊर्जा के 70 प्रतिशत स्रोतों और महत्वपूर्ण खनिजों के 50 प्रतिशत का नियंत्रण रखता है अब नवीकरणीय ऊर्जा की ओर मुड़ रहा है। अमेरिका का जीवाश्म ईंधन पर फोकस इन देशों को अलग-थलग कर देगा, जबकि चीन इनके साथ साझेदारी कर रहा है। वहीं, चीन ने स्वच्छ ऊर्जा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बना लिया है। 2024 में चीन ने दुनिया के बाकी देशों से ज्यादा विंड टर्बाइन और सोलर पैनल लगाए। ईवी और बैटरी स्टोरेज में निवेश ने इसे वैश्विक नेता बना दिया है। पिछले साल चीन ने 38 अरब डॉलर के ईवी निर्यात किए, 65 अरब डॉलर की बैटरी बेचीं, और सोलर पैनल के 40 अरब डॉलर के निर्यात किए। स्वच्छ ऊर्जा पेटेंट में चीन के पास 7 लाख से ज्यादा हैं, जो दुनिया के आधे से अधिक हैं।

जेन्सेन उद्धृत करते हुए बताते हैं कि चीन की सफलता का राज समन्वित प्रयास है। सीएल के सह-अध्यक्ष शिएन पैन कहते हैं, ह्चीन को लंबे लक्ष्य पर प्रतिबद्ध करना मुश्किल है, लेकिन जब हम प्रतिबद्ध होते हैं, तो समाज के हर पहलू सरकार, नीति, निजी क्षेत्र, इंजीनियरिंग सभी एक ही लक्ष्य की ओर कड़ी मेहनत करते हैं। यह दृष्टिकोण अमेरिका की छिटपुट नीतियों से बिल्कुल अलग है।

चीन अब वैश्विक बाजारों में फैल रहा है। ब्राजील, थाईलैंड, मोरक्को और हंगरी में ईवी और बैटरी फैक्टरियां बना रहा है। हंगरी में 8 अरब डॉलर का कारखाना, इंडोनेशिया में 11 अरब डॉलर का सोलर प्लांट यह निवेश न केवल आर्थिक, बल्कि भू-राजनीतिक लाभ भी दे रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के हवाले से जेन्सेन कहते हैं, ईवी बैटरी बनाने वाले देश दशकों तक आर्थिक और भू-राजनीतिक फायदे काटेंगे। अभी तक का एकमात्र विजेता चीन है। पिछले 15 वर्षों में चीन ने बिजली उत्पादन में अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है क्योंकि एआई जैसी उभरती तकनीकें बिजली पर निर्भर हैं। चीन का स्वच्छ ऊर्जा निवेश न केवल पर्यावरण बचाएगा, बल्कि एआई क्रांति में भी नेतृत्व देगा। आरएमआई की 'पावरिंग अप द ग्लोबल साउथ' रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक दक्षिण के 70 प्रतिशत सौर-पवन संसाधन चीन की रणनीति से जुड़ रहे हैं। यह संघर्ष सिर्फ दो महाशक्तियों का नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का है। वैश्विक दक्षिण अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, दक्षिण एशिया अब सस्ती और सतत ऊर्जा की तलाश में है। चीन ने इन देशों में सस्ते सोलर पैनल और ईवी तकनीक पहुंचाई है, जबकि अमेरिका के महंगे गैस प्रोजेक्ट इनके लिए बोझ साबित हो रहे हैं। परिणाम? ये देश चीन की ओर झुक रहे हैं। भारत के संदर्भ में देखें तो यह चेतावनी स्पष्ट है। हमारी मेक इन इंडिया और प्लेड्ज फॉर क्लाइमेट पहलें स्वच्छ ऊर्जा पर केंद्रित हैं, लेकिन चीन का वर्चस्व चुनौती है। भारत सोलर और विंड में प्रगति कर रहा है, लेकिन बैटरी और ईवी चिप्स में आयात पर निर्भरता बनी हुई है। यदि हम चीन की तरह समन्वित नीति नहीं अपनाते, तो वैश्विक आपूर्ति श्रंखला में पीछे रह जाएंगे। अमेरिका की गलती से सबक लेते हुए, भारत को स्वदेशी नवाचार पर जोर देना चाहिए जैसे लिथियम खनन और बैटरी रिसाइक्लिंग में निवेश। अमेरिका की यह भूल नई नहीं है। 20वीं सदी में जापान ने इलेक्ट्रॉनिक्स में अमेरिका को पीछे छोड़ा था, क्योंकि अमेरिका ने अल्पकालिक लाभ को प्राथमिकता दी। आज चीन स्वच्छ ऊर्जा में वही कर रहा है।

जेन्सेन की वीडियो एक चेतावनी हैरू जो देश बिजली उत्पादन में आगे होगा, वही एआई और अगली औद्योगिक क्रांति जीतेगा। अमेरिका को अपनी नीतियां पलटनी होंगीकृईवी सब्सिडी बहाल करनी होंगी, नवीकरणीय अनुसंधान में निवेश बढ़ाना होगा। लेकिन समय कम है। चीन का बढ़त 10 वर्षों का नहीं, बल्कि दशकों का हो सकता है। अमेरिका ने 21वीं सदी की सबसे बड़ी गलती कर दी है जीवाश्म ईंधन पर दांव लगाकर स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य को गंवा दिया। चीन का उदय एक सबक है समन्वित, दूरदर्शी नीतियां ही विजेता बनाती हैं। भारत जैसे देशों को इस दौड़ में शामिल होना चाहिए, ताकि हम न केवल पर्यावरण बचाएं, बल्कि आर्थिक स्वतंत्रता भी हासिल करें। समय आ गया है कि दुनिया एकजुट होकर स्वच्छ ऊर्जा को अपनाए अन्यथा, इतिहास हमें माफ नहीं करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ऐतिहासिक मोड़ः तीन और देशों की फलस्तीन को मिली मान्यता

## कहाः फैसले से इजरायल के गाजा में अवैध कब्जे खत्म करने और शांति लाने में मदद मिलेगी

**भारत-चीन समेत अब तक दुनिया के 140 से ज्यादा देश फलस्तीन को दे चुके हैं देश की मान्यता**



**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने रविवार को ऐलान किया कि ब्रिटेन ने फलस्तीन को एक आजाद देश के तौर पर औपचारिक मान्यता दे दी है। इसके साथ ही कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने भी फलस्तीन को स्वतंत्र देश की मान्यता देने की घोषणा की।

ब्रिटेन का कहना है कि यह कदम इजरायल के अवैध कब्जे को खत्म करने और शांति लाने में मदद करेगा। इसके तहत एक नई फलस्तीनी सरकार इजरायल के साथ मिलकर काम करेगी। इसमें हमास का कोई प्रभाव नहीं होगा। भारत-चीन अब तक दुनिया के 140 से ज्यादा देश फलस्तीन को देश की मान्यता दे चुके हैं। ब्रिटेन ने कहा कि यह फैसला इजरायल को सजा देने के लिए नहीं लिया गया है, लेकिन अगर इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने गाजा में सैन्य कार्रवाई को कम हिंसक तरीके से और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन करते हुए किया होता, तो शायद यह कदम न उठाया जाता। इससे पहले ब्रिटिश डिप्टी पीएम डेविड लैमी ने कहा था कि अगर ब्रिटेन फलस्तीन को मान्यता देता है, तो इसका मतलब यह नहीं होगा कि कोई नया देश तुरंत बन जाएगा। उन्होंने कहा कि मान्यता सिर्फ एक शांति प्रक्रिया का हिस्सा है। लैमी ने बताया कि ऐसा कदम इसलिए उठाया जा रहा है ताकि 'टू स्टेट सॉल्यूशन' की उम्मीद बनी रहे। टू स्टेट सॉल्यूशन इजरायल और फलस्तीन के बीच लंबे समय से चल रहे संघर्ष को सुलझाने का एक प्रस्तावित तरीका है। इस के तहत, इजरायल और फलस्तीन दोनों को अलग-अलग, स्वतंत्र देश के तौर पर मान्यता दी जाएगी। स्टार्मर ने पहले कहा था कहा है कि फलस्तीन को मान्यता देना किसी भी तरह से हमास की जीत नहीं है। उनका कहना है कि भविष्य में फलस्तीन के शासन में हमास की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। स्टार्मर ने जुलाई में कहा था कि ब्रिटेन फलस्तीन को मान्यता तभी देगा, जब इजरायल और हमास के बीच सीजफायर हो, गाजा में मानवीय मदद पहुंचाई जाए, इजरायल पश्चिमी तट पर कब्जे से पीछे हटे और शांति प्रक्रिया के लिए तैयार हो। यानी ऐसा समाधान हो जिसमें इजरायल और फलस्तीन दोनों अलग-अलग देशों के रूप में साथ रह सकें। लेकिन जुलाई के बाद हालात और बिगड़े हैं, खासकर कतर पर हमले के बाद। ऐसे में अब सीजफायर की संभावना और कम हो गई है। ब्रिटिश पीएम यह फैसला ऐसे समय में ले रहे हैं, जब अमेरिका के कई राजनेता ब्रिटेन पर ऐसा न करने का दबाव डाल रहे हैं। उनका कहना है कि इससे न सिर्फ इजरायल की सुरक्षा पर असर पड़ेगा, बल्कि गाजा में हमास के कब्जे में बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों की स्थिति भी और कठिन हो जाएगी।

## अमेरिका अंतरिक्ष दौड़ में पिछड़ रहाः रिपोर्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की चंद्र परियोजना में देरी के कारण अमेरिका अंतरिक्ष की दौड़ में पीछे हो रहा है। स्पेसएक्स का चंद्र मिशन के लिए नासा के साथ करार है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में विशेषज्ञों के हवाले से यह जानकारी दी है। समाचार पत्र ने कहा कि स्पेसएक्स की चंद्र लैंडर परियोजना अपने तय समय इतनी पीछे है कि इस बात पर शक बढ़ रहा कि अमेरिका चीन को मात दे पाएगा। चीन की अपनी योजना और लैंडिंग की तारीख 2030 तय है। समाचार पत्र से बात करने वाले नासा के पूर्व अधिकारियों के मुताबिक स्पेसएक्स का रॉकेट स्टारशिप इस मिशन के लिए कई सालों में तैयार हो पाएगा। स्टारशिप द्वारा अब तक अंतरिक्ष यात्रियों या वाणिज्यिक माल ढोना बाकी है और हाल ही में हुए तीन से चार परीक्षणों के दौरान इसमें विस्फोट हो चुका है।



प्रयागराज। नवरात्रि उत्सव से पहले एक कुम्हार मिट्टी के बर्तन तैयार करता हुआ।

## इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह कार्यकर्ता ढेर

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में एक नागरिक कार पर इज़रायली हवाई हमले में शनिवार को एक हिजबुल्लाह कार्यकर्ता मारा गया। लेबनानी अधिकारियों और सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक लेबनानी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने बताया कि एक इज़रायली ड्रोन ने लेबनान के दक्षिणी सीमा क्षेत्र के पूर्वी क्षेत्र में खरदाली-मरजायून सड़क पर एक कार को निशाना बनाया, जिसमें काफ़र किला गांव के एक व्यक्ति की मौत हो गई। लेबनान सेना की खुफिया एजेंसी के एक सूत्र ने बताया कि पीड़ित हसन शाहरूर नाम का एक हिजबुल्लाह कार्यकर्ता था।

# H-1B वीजाः डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले पर यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स ने जताई चिंता

## व्यापार संगठन ने कहाः कर्मचारियों, उनके परिवारों व कंपनियों पर इस कदम का पड़ेगा असर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी चैंबर ऑफ कामर्स ने एच-1बी वीजा को लेकर डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के नए नियमों पर चिंता जताई है। व्यापार संगठन ने कहा कि कर्मचारियों, उनके परिवारों और कंपनियों पर इस कदम का असर पड़ेगा।

कृउसने बताया कि वह ट्रम्प प्रशासन और अपने सदस्यों के साथ मिलकर इस फैसले के सभी पहलुओं को समझने की को. शिश कर रहा है और आगे का रास्ता तय करने पर विचार कर रहा है। दरअसल, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत एच-1बी वीजा आवेदन करने के लिए कंपनियों को एक लाख अमेरिकी डालर का शुल्क (फीस) देना होगा। यह नियम एच-1बी के लिए नए आवेदन पर लागू होगा। यानी पहले से दायर आवेदन नहीं लागू होगा। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने स्पष्ट किया कि यह नया शुल्क केवल उन आवेदनों पर लागू होगा, जो 21 सितम्बर के बाद किए जाएंगे। जिन लोगों के आवेदन पहले ही आ चुके हैं या जिनके वीजा पहले से मंजूर हैं, उन पर कोई असर नहीं होगा। यूएससीआईएस के निदेशक जोसेफ बी. एडलो ने एक ज्ञापन में यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने इसकी पुष्टि की और बताया कि यह शुल्क एक बार के लिए है, कोई वार्षिक शुल्क नहीं है। उन्होंने कहा कि यह नियम केवल नए वीजा आवेदनों पर लागू होगा, न की नवीकरण या पहले से जारी वीजा पर। उन्होंने यह भी बताया कि जो एच-1बी वीजा धारक अभी अमेरिका से बाहर हैं, उनसे यह शुल्क नहीं लिया जाएगा। ऐसे लोग पहले की तरह अमेरिका में आ-जा सकते हैं, उनके आने-जाने पर कोई नई रोक नहीं लगाई गई है। यह नियम अगले वीजा लाटरी चक्र से लागू किया जाएगा।




**जिन लोगों के आवेदन पहले ही आ चुके हैं या जिनके वीजा पहले से मंजूर हैं, उन पर कोई असर नहीं होगा**

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान के पंजाब में छत गिरने से सात लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में शनिवार को एक निजी अकादमी की छत गिरने से पांच बच्चों समेत कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना प्रांत के हाफिजाबाद जिले में हुई, जिले के पुलिस प्रमुख आतिफ़ नज़ीर कादर ने मीडिया को बताया। उन्होंने बताया कि मृतकों में अकादमी चलाने वाली महिला और उसका बेटा भी शामिल हैं। रिपोर्टों के अनुसार, बचाव दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और तलाशी अभियान शुरू किया। मलबे से सात शव बरामद किए गए, जबकि कई घायलों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### फिलीपींस में सैनिकों के हाथों दो विद्रोही मारे गए

**मनीला।** फिलीपींस के मध्यवर्ती भाग में शनिवार को सैनिकों के साथ मुठभेड़ में दो संदिग्ध विद्रोही मारे गए। सेना ने बताया कि कैपिज प्रांत के टापाज शहर में एक सैन्य अभियान के दौरान सुबह 7:45 बजे न्यू पीपुल्स आर्मी (एनपीए) के सात कथित सदस्यों के साथ सैनिकों की मुठभेड़ हो गई, जिसमें दो विद्रो. ही मारे गए। इस मुठभेड़ में हालांकि सेना का कोई भी सदस्य जख्मी नहीं हुआ। सेना ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से तीन राइफल और भारी मात्रा में गोली-बारूद बरामद हुए हैं। उल्लेखनीय है कि एनपीए 1969 से ही सरकार के खिलाफ लगातार विद्रोह कर रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार हालांकि एनपीए के सदस्यों की संख्या लगातार घट रही है।

### हेग में दंगों में 30 लोग गिरफ्तार, दो पुलिसकर्मी घायल

**द हेग।** नीदरलैंड के शहर द हेग में दंगे के दौरान घायल हुए दो पुलिसकर्मियों के मामले में कम से कम 30 लोग हिरासत में लिए गए हैं। शहर के मेयर, पुलिस प्रमुख और अभियोजक ने इसकी जानकारी दी है। हेग के मेयर जान वैन जेनन ने अलगेमीन डागब्लाड अखबार के हवाले से कहा कि हमें एक अभूतपूर्व हिंसा का सामना करना पड़ा। इसके कारण शांतिपूर्ण प्रदर्शन को तितर-बितर करना पड़ा क्योंकि वहां मौजूद लोगों की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं थी। मेयर के मुताबिक नीदरलैंड के सभी असामाजिक तत्व प्रदर्शन में शामिल हो गए।

## गाजा में इजरायली हमले जारी, मारे गए 60 फलस्तीनी

**येरुशलम।** गाजा सिटी और पूरे गाजा पट्टी में इजरायल का सैन्य अभियान जारी है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, ताजा हमलों में कम से कम 60 फलस्तीनी मारे गए। इजरायली सेना जमीन के नीचे बने सुरंगों और बम से जाल बिछाए गए ढांचों को नष्ट कर रही है।

इसी बीच, आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, ब्रिटेन और कनाडा समेत 10 देश सोमवार को औपचारिक रूप से फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने वाले हैं। यह घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक से पहले होगी। इजरायल ने इस हफ्ते गाजा सिटी की ऊंची इमारतों को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया है। सेना का दावा है कि सितम्बर की शुरुआत से अब तक 20 ऊंची इमारतें ध्वस्त की गईं और 5 लाख से ज्यादा लोग गाजा सिटी छोड़ चुके हैं। वहीं, हमास का कहना है कि करीब 3 लाख लोग ही शहर से गए हैं और 9 लाख लोग अब भी मौजूद हैं, जिनमें इजरायली बंधक भी शामिल हैं। हमास का आरोप है कि 11 अगस्त से अब तक 1,800 से ज्यादा आवासीय इमारतें और 13,000 से अधिक शरणार्थी टेंट नष्ट किए गए हैं।

**■ इजरायल ने इस हफ्ते गाजा सिटी की ऊंची इमारतों को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया**

## ट्रम्प ने बगराम एयरबेस पर नियंत्रण को लेकर अफगान को धमकाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को अफगानिस्तान को धमकी देते हुए चेताया है कि अगर उसने बगराम एयरबेस तुरंत वापस नहीं किया तो उसे बुरे नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अगर अफगानिस्तान ने बगराम एयरबेस को संयुक्त राज्य अमे. रिका को वापस नहीं किया तो उसे बुरे नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। उल्लेखनीय है कि बगराम एयरबेस काबुल से लगभग 50 किलोमीटर उत्तर में स्थित है और यह दो दशकों तक अफगानिस्तान में अमेरिका और नाटो के अभियानों का केंद्र था।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने की खुद के लिए नोबेल पुरस्कार की मांग

**वाशिंगटन/न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर बड़ा दावा करते हुए कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को व्यापार के जरिए रोक दिया। ट्रम्प ने यहां तक कहा कि उन्होंने सात बड़े युद्धों को समाप्त कराया है और इसके लिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए।

ट्रम्प ने शनिवार को अमेरि. कन कार्नरस्टोन इंस्टीटयूट फाउंडर डिनर में कहा कि दुनिया में अमेरिका को अब पहले से कहीं ज्यादा सम्मान मिल रहा है। हम शांति समझौते कर रहे हैं और युद्ध रोक रहे हैं। हमने भारत और पाकिस्तान, थाईलैंड और कंबोडिया के बीच युद्ध रोके हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को व्यापार के जरिए रुकवाया। सोचिए भारत और पाकिस्तान के बारे में। मैंने उनसे कहा कि अगर वे लड़ाई करेंगे तो हम उनके साथ कोई व्यापार नहीं करेंगे। उनके पास परमाणु हथियार हैं और अगर वे व्यापार चाहते हैं, तो उन्हें शांति बनाए रखनी होगी। ट्रम्प ने दावा किया कि इसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव कम हो गया। बता दें कि ट्रम्प लगभग 20 से ज्यादा मौकों पर भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष रोकने का दावा कर चुके हैं। जबकि भारत ने शुरुआत से स्पष्ट किया है कि दोनों देशों के बीच आपसी बातचीत के बाद संघर्ष रोका गया है और इसमें किसी तीसरे देश ने मध्यस्थता नहीं की है। डोनाल्ड ट्रम्प ने इस दौरान उन देशों की सूची भी गिनाई, जहां उन्होंने युद्ध रोकने का दावा किया। इसमें भारत-पाकिस्तान, थाईलैंड-कंबोडिया, आर्मेनिया-अजरबैजान, कोसा. वो-सर्बिया, इजरायल-ईरान, मिस्र-इथियोपिया और रवांडा-कांगो हमने ये सभी युद्ध रोके। इनमें से 60 प्रतिशत युद्ध हमने केवल व्यापार के जरिये रोके।



**■ फिर भारत-पाक संघर्ष रुकवाने की बात दोहराई**

## चीन में कोरोना की खबर दिखाने वाली पत्रकार को फिर चार साल की जेल

**बीजिंग।** चीनी पत्रकार झांग झान को वुहान में कोविड-19 की शुरुआती हालात की खबरें दिखाने के लिए फिर से 4 साल की जेल की सजा दी गई है। यह जानकारी प्रेस की आजादी के लिए काम करने वाले संगठन रिपोर्टर्स विदाउट बार्डर्स (आरएसएफ) ने दी। 42 साल की झांग झान को 'लड़ाई-झगड़ा करने और परेशानी पैदा करने' के आरोप में सजा मिली। 2020 में इसी आरोप में उनकी गिरफ्तारी हुई थी, तब उन्होंने वुहान में कोरोना वायरस के फैलने की खबरें और वीडियो सोशल मीडिया पर डाले थे। आरएसएफ की अधिकारी अलेक्सांद्रा बिएलाकोव्स्का ने कहा-झांग झान को दुनिया भर में सम्मान मिलना चाहिए, न कि जेल में कठिन हालात झेलने चाहिए। उनकी मुश्किलें खत्म होनी चाहिए। दुनिया के देशों को चीन पर दबाव डालकर उन्हें तुरंत रिहा करवाना चाहिए। झांग को मई 2020 में गिरफ्तार किया गया था, तब उन्होंने वुहान के भरे हुए अस्पतालों और खाली सड़कों की तस्वीरें और वीडियो दिखाए थे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

ॐ शक्ति स्वरुपा मां दुर्गा जी की स्तुति। ॐ
या देवी सर्वभुतेषु शक्तिरुपेण संस्थिता॥
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।
शारदीय नवरात्र महोत्सव
श्री माँ दुर्गा महोत्सव-2025
शुभारम्भ- दिनांक 22 सितम्बर 2025, समापन- 30 सितम्बर 2025
स्थान : श्री वासुदेव तीर्थस्थल, अमरोहा (उ.प्र.)

शैलपुत्री
दिनांक 22 सितम्बर 2025 सोमवार प्रथम नवरात्र
प्रातः काल 9 बजे कलश स्थापना व ज्योति प्रज्जवलन
प्रातः काल 10:06 बजे मूर्ति स्थापना प्राण प्रतिष्ठा अभिषेक,
हवन रात्रि 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि भजन आगन्तुक
श्री मेघराज जागरण पार्टी के कलाकार माँ का गुणगान करेंगे।
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

ब्रह्मचारिणी
दिनांक 23 सितम्बर 2025 मंगलवार द्वितीय नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री राहुल कुमार जागण पार्टी, मुरादाबाद
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे एवं झांकियां
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

चन्द्रघंटा
दिनांक 24 सितम्बर 2025 बुधवार तृतीय नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री जय दक्ष प्रजापति एण्ड पार्टी, अमरोहा
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे
एवं झाँकियों का प्रस्तुतिकरण भी करेंगे।
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

कुष्मांडका
दिनांक 25 सितम्बर 2025 गुरूवार चतुर्थ नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री मधुर श्याम संकीर्तन मण्डल पार्टी
द्वारा रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे व झांकियां,
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

स्कन्दमाता
दिनांक 26 सितम्बर 2025 शुक्रवार पंचम नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री लवीन गुप्ता एण्ड पार्टी, बुलन्दशहर
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे
एवं झाँकियों का प्रस्तुतिकरण भी करेंगे।
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

दुर्गाषष्ठी पूजन
दिनांक 27 सितम्बर 2025 शनिवार षष्टी नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री अग्रवाल जागरण पार्टी, मुरादाबाद
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे एवं झांकियाँ
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

महासप्तमी पूजन
प्राण प्रतिष्ठा/ सरस्वति आह्वान
दिनांक 28 सितम्बर 2025 रविवार अष्टमी नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री सुमित शर्मा जागरण पार्टी, गजरौला
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे एवं झांकियाँ
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

महा अष्टमी पूजन
दिनांक 29 सितम्बर 2025 सोमवार अष्टमी नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, बलिदान पूजन 7:06 से 7:30 बजे रात्रि,
श्री रोहित महाकाल झांकी आर्ट ग्रुप, मुरादाबाद
रात्रि 8:15 से झांकियाँ, जलरास, फूलों की होली
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

नवमी पूजन
दिनांक 30 सितम्बर 2025 मंगलवार नवमी नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
दूरदर्शन व Zee TV कलाकार, झांकी सम्राट
श्री सांवरिया एण्ड पार्टी, बदायूं
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे एवं झांकियाँ
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण
दिनांक 01 अक्टूबर 2025 बुधवार, विजयदशमी पूजन
प्रातः 8:00 बजे से 9:00 बजे तक कलश/मूर्ति विसर्जन
वासुदेव तीर्थ स्थित सरोवर में किया जायेगा।

सिन्दूर उत्सव
समन्वयक : विद्यानन्द झा पुजारी जी
पूजा प्रभारी- पं0 गौरी शंकर शर्मा, पं0 सार्थक शास्त्री (पौड़ी वाले), पं0 कुनाल शास्त्री (हरियाणा वाले)
संयोजक -अनिल जग्गा, प्रदीप रस्तौगी, सचिन शर्मा, राकेश कपूर, स्टेज प्रभारी- अनिल जग्गा, राहुल लड्डा
संचालक - दक्ष प्रजापति
प्रभारी प्रसाद वितरण- पं0 अजेन्द्र शुक्ला, रवि शारदा, नवनीत माहेश्वरी, रजत माहेश्वरी, अर्चित लाठे, संकेत टन्डन, मनीष टन्डन, इं0 शुभम वर्मा
आयोजक : श्री वासुदेव तीर्थ प्रबंध समिति, अमरोहा